जैन-सिद्धान्त-भास्कर

भाग १० किरण १

THE JAINA ANTIQUARY

Vol IX No I

Edited by

Prof Hiralal Jain M A LL.B
Prof A N Upadhye M A D Litt
B Kamata Prasad Jain M R A S
Pt K Bhujabali Shastri Vidyabhushana.

PUBLISHED AT
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY
[JAINA SIDDHANTA BHAVANA]
ARRAH BIHAR INDIA

JUNE, 1943

जैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम

१ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' हिन्दी षाण्मासिक पत्र है, जो वर्ष में जून और दिसम्बर में दो भागों में प्रकाशित होता है।

२ 'जैन-एन्टीक्वेरी' के साथ इसका वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) और विदेश के लिये ३।।) है, जो पेशगी लिया जाता है। १।।) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा रहेगी।

३ इसमें केवल साहित्य-संबन्धी या अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे। प्रबन्धक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते हैं, मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते मे परिवर्तन की सूचना भी तुरन्त आरा को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि 'भास्कर' प्राप्त न हो, तो इसकी सूचना शीघ्र कार्यालय को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर अर्वाचीन काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्ति-विज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य, दर्शन प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना आदि सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकों को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास विना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' कार्यालय आरा के पते से ही भेजनी चाहिये।

११ इस पत्र के सम्पादक निम्न-लिखित सज्जन हैं जो अवैतनिकरूप से केवल जैनधर्म की उन्नति और उत्थान के अभिप्राय से कार्य्य करते हैं :—

प्रोफेसर हीरालाल, एम ए , एल.एल बी

प्रोफेसर ए.एन. उपाध्ये, एम. ए , डी. लिट.

बाबू कामता प्रसाद, एम आर.ए एस

पण्डित के भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन पुरातत्त्व-सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

भाग १०] [किरण १

सम्पादक

प्रोफेसर हीरालाल जैन एम ए, एल एल बी

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये एम ए, डी लिट्

बाबू कामता प्रसाद जैन, एम आर ए एस

पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण

जैन सिद्धान्त भवन आरा द्वारा प्रकाशित

भारत में ३) विदेश में ३॥) एक प्रति का १॥)

वि० सं० २०००

विषय-सूची

पृष्ठ सं०

परिशिष्ट

श्रीजिनाय नमः

सिद्धान्त-भास्कर

जैनपुरातत्त्व और इतिहास विषयक षाण्मासिक पत्र

भाग १० | जून, १९४३। ज्येष्ठ वीर नि० सं० २४६९ | किरण १

विजयनगर के जैन शिलालेख

[ले० श्रीयुत बा० कामता प्रसाद जैन, एम० आर० ए० एस]

मद्रास प्रान्त के वर्तमान बल्लारि जिले में तालुका होसपेट में हम्पि नामक ग्राम है। एक समय यही अन्तिम हिन्दू साम्राज्य की राजधानी विजयनगर कहलाती नजर आती थी। आज वह धराशायी है। विजयनगर को सम्राट् हरिहर राय ने सन् १३३६ ई० में बसाया था। यह बड़ा ही विशाल नगर था। आज उसके ध्वंसावशेष नौ वर्गमील में फैले हुए हैं। अनेक विदेशी यात्रियों ने इस नगर के दर्शन करके मुक्तकण्ठ से प्रशंसा लिखी है। सन् १४४२ ई० में अब्दुल रज्जाक नामक यात्री ने विजयनगर को देखकर लिखा है कि[1] वैसा नगर कभी दृष्टि से नहीं आया और बुद्धि को यह कभी सुनाई न पड़ा कि दुनिया में उसकी बराबरी का कोई नगर था। यह नगर सात कोटों में बसा हुआ था। सातवें कोट में राजमहल थे। प्रत्येक वर्ग के व्यापारी वहां थे। हीरा, लाल, मोती आदि खुले बाजार बिकते थे। अमीर और गरीब सभी जवाहरात के कंठे, कुंडल और अंगूठियां पहनते थे। पन्द्रहवीं शताब्दि में दमस्क (सिरिया) से निकोलो कौन्टि (Nicolo Conti) नामक यात्री भारत आया था और उसने विजयनगर को देखा था। उसे वह पर्वतों के निकट बसा हुआ विशाल नगर बताता है। वह नगर साठ मील के क्षेत्र में विस्तृत था और उसकी दीवालें पर्वतों में चली गई थीं—बहुत ही ऊँची थीं।[2] इन उल्लेखों से पाठक विजयनगर की विशालता और महत्ता का अनुमान कर सकते हैं। किन्तु कुटिल काल महान् ब्याल है—उसके वार से कोई नहीं बचता। विजयनगर

---

1 'The city of Bidjanagar is such that pupil of the eye has never seen a place like it and the ear of intelligence has never been informed that there existed anything to equal it in the world It is built in such a manner that seven citadels and the same number of walls enclose each other etc —Major India in the fifteenth century (London) pp 23–26

2 Ibid pt II p 6

भी नही बचा—उसके खंडहर आज लौकिक अनित्यता का दिग्दर्शन करा रहे हैं। इन खंडहरों मे कम्पली को जाती हुई सड़क पर सबसे पहला ध्वंसावशेष एक जैन मंदिर का है, जो 'गाणिगित्ति-वसति' नाम से प्रसिद्ध था। 'गाणिगित्ति' कहते हैं तेलिन को। अतः हो सकता है कि इस मदिर को किसी धर्मात्मा तेलिन ने किसी तरह से अपनाया होगा—संभव है कि उसने इसका जीर्णोद्धार कराया हो—इसीलिये वह उसके नाम से प्रख्यात हो गया। वरन् शिलालेख से प्रकट होता है कि इस मंदिर को सेनापति इरुगप्प ने बनवाया था। इस मंदिर के सम्मुख एक दीपस्तम्भ है—उस दीपस्तम्भ पर शिलालेख अङ्कित है। शिलालेख मे संस्कृत भाषा के २८ श्लोक हैं और प्रारंभिक दो मंगलसूचक श्लोकों में श्री जिनराज और जिन-शासन को स्मरण किया गया हैं। उपरान्त सिंहनन्दी मुनिराज की परम्परा निम्नप्रकार लिखी है:—

मूलसंघ-नन्दिसंघ-बलात्कारगण-सारस्वतगच्छ
|
पद्मनन्दी
|
भट्टारक धर्म्मभूषण प्रथम
|
अमरकीर्ति
|
सिंहनन्दी गणभृत्
|
भट्टारक धर्म्मभूषण
|
वर्द्धमान
|
भट्टारकमुनि धर्म्मभूषण द्वितीय

इन गुरुओं का उल्लेख शिलालेख मे 'आचार्य'—'आर्य'—'गुरु'—'देशिक'—'मुनि' और 'योगीन्द्र' विशेष नामों से हुआ है। उपरान्त विजयनगर राजवंश के दो राजाओं अर्थात् यादव राजवंशोद्भूत बुक्कराय और उनके पुत्र हरिहर द्वितीय का वर्णन है। हरिहर के परम्परीण प्रधान मंत्री दंडाधिनायक बैच अथवा बैचप्प थे। बैचप्प के पुत्र दंडेश अथवा क्षितीश या धारणीश (Prince) इरुग अथवा इरुगप्प थे, जिनके गुरु आचार्य सिंहनन्दी थे। शक १३०७, क्रोधन संवत् से इरुग ने विजयनगर मे कुंथुजिननाथ का पाषाण मंदिर निर्माण कराया। विजयनगर कर्णाटक देश के कुन्तल प्रान्त मे अवस्थित था। सबसे पहले यह शिलालेख सन् १८३६ मे 'एशियाटिक रिसर्चेज' (भा० २० पृ० ३६) पत्रिका मे प्रकाशित हुआ था। उपरान्त सन १८९० मे डॉ० हुल्श सा० ने इसका सम्पादन आर्कोलोजिकल सर्वे ऑव इंडिया भा० ३ मे किया था।

पाठकों के अवलोकनार्थ हम उस शिलालेख को यहांपर सब यथावत् उपस्थित करते हैं —

मूल शिलालेख :—

(१) यत्पादपङ्कजरजो रजो हरति मानसं । स जिन श्रेयसे
(२) भूयाद्भूयसे करुणालय ॥ (१) श्रीमत्परमगंभीर
(३) स्याद्वादामोघलांच्छन । जीयात्रैलोक्यनाथ
(४) स्य शासनं जिनशासन ॥ [२] श्रीमूलसंघेजनि नन्दिसंघ
(५) [स्त] स्मिन् बलात्कारगणोति रम्य । तत्रापि सारस्वतनाम्नि गच्छे स्वच्छाशयोभूदि
(६) ह पद्मनंदी ॥ [३] आचार्यं कुंड [कुंदा] ख्यो वक्रग्रीवो महामति ।एलाचा
(७) र्यो गृद्धपिच्छ इति तन्नाम पचधा ॥ [४] केचित्तदन्वये चारुमुनय खन
(८) यो (?) गिरां [।] जलधाविव रत्नानि बभूवुर्दिव्यतेजस ॥ [५] तत्रासीच्चारुचारित्र
(९) रत्नरत्नाकरो गुरु । धर्मभूषणयोगीन्द्रो भट्टारकपदांचित ॥[६]
(१०) भाति भट्टारको धर्मभूषणो गुणभूषण । यद्यश कुसुमामो
(११) द गगन भ्रमरायते ॥ [७] शिष्यस्तस्य मुनेरासीदनर्गलतपोनिधि । श्रीमान
(१२) मरकीर्त्याचार्यो देशिकाग्रेसर शमी ॥ [८] निजपक्षपुटकवाट घटितानिलनिरोध
(१३) [तो] हृदये । अविचलितबोधदीप तममरकीर्त्ति भजे तमोहर ॥ [९] केचि
(१४) त्स्वोदरपूरणे परिणता विद्याविहीनांतरा योगीशा भुवि सभवतु बह
(१५) व कि तैरनंतैरिह । धीर स्फूर्जति दुर्जयातनुमदध्वसी गुणैरूर्जि
(१६) तैराचार्योमरकीर्त्तिशिष्यगणभृच्छ्रीसिंहनंदी व्रती ॥ [१०] श्रीधर्मभूषोजनि त
(१७) स्य पट्टे श्रीसिंहनन्द्यार्यगुरोस्सधर्मा । भट्टारक श्रीजिनधर्महर्म्यस्तंभा
(१८) यमान कुमुदेन्दुकीर्त्ति ॥ [११] पट्टे तस्य मुनरासीद्वर्द्धमानमुनीश्वर । श्रीसिं
(१९) हनंदियोगीन्द्रचरणांभोजषट्पद ॥ [१२] शिष्यस्तस्य गुरोरासीद्धर्मभूषण
(२०) देशिक । भट्टारकमुनि श्रीमान् शल्यत्रयविवर्जित ॥ [१३] भट्टारकमुन पादाम्बु
(२१) जकमले म्रुम । यत्रग्रे मुकुलभाव याति राजश्रेणी पर ॥ [१४] एव गुरप
(२२) रपरायामविच्छिन्न वर्त्तमानायां ॥ आसीदसीमहिमावश यादव
(२३) भूभृता [।] अखण्डितगुणाधार श्रीमान्बुक्कमहीपति ॥ [१५] तदभूद्भूभृतस्तस्मा
(२४) द्राजा हरिहरेश्वर । कलाकलापनिलयो विधुःपारोदधेरिव ॥ [१६] यस्मिन् भक्तरिभू
(२५) पाले विक्रमाक्रांतविष्टपे । चिराद्राजन्वती हृत भव (न्मया) वसुधरा ॥ [१७] तस्मिन् शा
(२६) सति राजेंद्र चतुरबुधिमेखला । धरामर्थिजनाशाचपुरातनमहीपती । [१८] आसीत्त
(२७) स्य महीजाने शक्तित्रयसमन्वित कुलक्रमागतो मंत्री वैचदंडाधिनायक ॥ [१९] द्वि
(२८) तायमत करण रहस्य बाहुरूपा .... श्रीमा महादेव (व) ।

(?) 'खनयो गिरा का अर्थ इपर सा० न Mines of speeches किया है ।

(२९) दंडनाथो जागर्त्ति कार्ये हरिभूमिभर्त्तुः ॥ [२] तस्य श्रीबैचदंडाधिनायकस्यो-❀

(३०) [र्जि] तश्रिय. । आसीदिरुगदंडेशो नंदनो लोकनंदनः ॥ [२१]

न मूर्त्ता नामूर्त्ता निखिलभु-

(३१) वनाभोगिकृतया शरद्राजज्याकाविटनिटिलनेत्रधुतितया । अभूना कीर्तिरस्या चिर-

(३२) मिरुगदंडेश.कृत्यन्यनेकातान्कोंता ररमिद न किंचिन्मतमिति ॥ [२२] मदंगजोपि गुण-

(३३) वानपि मार्गणानामाधारतामुपगतोपि च यस्य चापः । नम्रः परान्विनमयन्नि-

(३४) रगचितोगस्योच्चैर्जनाय ननु शिक्षयतीव नीति [२३] हरिहरधरणीशभाग्यसाम्रा-

(३५) ज्यलक्ष्मीकुवलयहिमधामा शौर्यगांभीर्यसीमा । इरुगपधरणो गल्सिंह-

(३६) नंद्यार्यवर्यप्रपद [लि] नभृङ्गस्य प्रतापैकभूमिः ॥ [२४] स्वस्ति शकवर्षे १३०७

(३७) प्रवर्त्तमाने क्रोधनवत्सरे फाल्गुनमासे कृष्णपक्षे द्वितीयायां तिथौ शुक्रवारे ॥अस्ति त्रि-

(३८) रतीर्णवर्णाटधरामंडलमध्यग । विषयः कुंतलो नाम्रा भूकांताकुंतलोप-

(३९) म ॥ [२५] विचित्ररत्नरुचिरं तत्रास्ति विजयाभिधं ।

नगरं सौधसंदोहदर्शिताकांडचंद्रिकं ॥ [२६]

(४०) मणिकुट्टिमवीथीषु मुक्तासैकतसेतुभिः । दा [नं] वृत्ति निरंधाना यत्र क्रीडंति बालिका ॥ [२७]

(४१) तस्मिन्निरुगदण्डेशः पुरे चारु शिलामयं । श्रीकुंथुजिननाथस्य चैत्यालयमचीकरत् ॥[२८]

(४२) भद्रमस्तु जिनशासनाय ॥

इस शिलालेख के ३रे-४थे पद्यों से आचार्य पद्मनन्दी के पांच अपरनाम (१) कुंडकुंद, (२) वक्रग्रीव, (३) महामति, (४) एलाचार्य और (५) गृद्धपिच्छ प्रकट होते हैं। भ० धर्मभूषणादि के ज्ञानादि गुणों का बखान है। दशवें श्लोक में उन साधुवेषियों पर आक्षेप किया है जो ज्ञान से रहित थे और केवल अपना पेट भरना जानते थे। भ० सिंहनन्दी को ११ वें श्लोक में जिनधर्मरूपी पवित्र प्रासाद का स्तम्भ कहा है। १३-१४ श्लोकों से भ० धर्मभूषण द्वि० की विद्वत्ता प्रकट है—उनका अपरनाम भट्टारकमुनि था—राजा लोग उनके समक्ष करबद्ध उपस्थित रहते थे। दंडाधिप बैच तीन शक्तियों (प्रभाव, उत्साह, मंत्र) से युक्त थे। रणक्षेत्र में वह राजा हरिहर के तीसरे हाथ थे। इन्हीं के पुत्र इरुग थे, जिन्होंने लोक का मनोरंजन किया था। उनकी कीर्ति लोक व्यापी थी और वह स्याद्वादमत की सर्वोत्कृष्टता का उच्च घोष करती थी। श्लोक २३ से प्रकट है कि दंडेश इरुग का धनुष लोगों को सम्यक्चारित्र की शिक्षा देता है। हरिहर की राज्य लक्ष्मी की श्रीवृद्धि उन्होंने की थी। सिंहनन्दी गुरु के चरणों के वह भक्त थे। २६-२७ वें श्लोकों में विजयनगर की विशालता का चित्रण है, जो रत्नों से जाज्वल्यमान थी। वहां की सड़कों पर बहुमूल्य रत्न जड़े थे। वहीं इरुग ने कुंथुजिनालय बनवाया था।

❀ डॉ० हल्श ने बैच को चैच पढ़ा है, यथार्थ नाम बैचप्प है।

विजयनगर के खंडहरों में एक जीर्ण शीर्ण मंदिर और है। उसके मुख्य प्रवेशद्वार पर निम्नलिखित शिलालेख अङ्कित है जो वहां सब प्राचीन है —

(१) शुभमस्तु॥ श्रीमत्परमगंभीरस्याद्वादामोघलांछन (।) जीयात्त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिन शासनं॥ (१) श्रीमद्यादववान्वयान्वपूर्णचंद्रस्य (') श्रीबुक्कपृथ्वी भुज ( ) पुण्य (परिपा)

(२) कारिणतमूर्त्तेस्य श्रीवीरहरिहरमहाराजस्य परायात्वतारश्रीराहेवराजादिर विषयश्रीवीर विजयभूपतिरभजातस्य

(३) स्मादोर्दण्डद्वेरिव महामाखिक्यकोटो नानिप्रतारस्थिरीकृतमाप्राभवर्सिद्दाम्न । राजाधिराज राजपरमेश्वरादिविरुदविख्यातो गुणनिधिरभि

(४) नवदेवराजमहाराजो निजाज्ञापरिपालितकर्नाटदेशमध्यवर्त्तिन स्वावासभूतविजयनगरस्य मधुक नापणवीथ्यामात्मदत्तारमामर्क

(५) तिधर्मप्रवृत्तये । सकलज्ञानसाम्राज्यविराजमानस्य स्याद्वादविद्याप्रकल्पदीयस्य पार्श्व नाथस्यार्हत शिलामय चैत्यालयमचीकरत् (॥)

(६) दश कर्नाटनामा भूदावास मनेर्भाहीं । विद्ययति य स्वर्ग पुरोग शाशनाश्रय ॥ (२) विजयनगराति तस्मिन्नगरी नगरीति

(७) रूपहृग्याल्ते । नगरिषु नगरी यथा न गरायस्वय गुरुभिरैश्वर्यैः॥ (३) कनकोज्वलमाल ररिमजालै परिल्पोपुप्रतिबिंबनैरल य (।)

(८) वसुधैव निभाति याद्रयाचिर तराकरमेखलापरीता॥ श्रीमानुदामनामा यदुकलतिलक स्मारमौद्वर्यैमीमार्ध मानुमा

(९) मिरामाकृतिरवनितले भाति भाग्यात्तभूमा (।) विक्रोग्याशावदिक्षो निमतधरणिभृत्पकज श्रेणिनिक (।) चोव्वो आगत्ति बुक्काचितिपति

(१०) ररिभूभ्रुन्द्रिरिव पृत्क॥ (४) तत्प्राक्षा मावतारस्फुरति हरिहरक्ष्मापतिश्रुतिसारो दारिद्र स्पारवाराकरतरणविधौ विष्णुरत्नयधार । भू

(११) दानस्वर्णदानानुकृतपरशुपृथ्वभिनीश्रुसुनुस्फाराकूपारतीरावधिनिहितजयस्तम्भविन्यस्त कीर्त्ति ॥ (५) तेनाजपरिरातत्तन्जशिर

(१२) स्तोमस्फुरच्चैमरप्रसुतोरलदीविकापरिपामयाद्वा जनीराजन । विद्वन्मैरवमंडलाहिमकरो (वि) पवातव कपाकर ( ) श्रेयान्व रर

(१३) माम्यपपृतर श्रीदेवराजेश्वर॥ (६) तज्ज मास्मिन्द्रायो ज (ग) ति विजयते पुण्य धारिप्रमायो दानप्रयस्तार्थिर्द्पो विजयनरपति र्स

(१४) स्तितारा (ति सेग । प्रयुधजैत्रयात्रापममपमद्भूतकेतुप्रभूत(रुहा)य(द्वा) रयोपहृग्याप्रतिहतविमतौघपताप्रत्रीर॥ (७)

(१५) तस्मादस्माज्जितात्माजनि जगति यथा जंभजेनुर्जयंतो राजा श्रीदेवराजो विजयनृपति-वाराशिराकाशशांक । कोपाटोपप्रवृत्तप्रबलरणमिलद्विप्रतीपक्ष-

(१६) मापप्राणश्रेणिनभस्वन्निवहकवलनव्यग्रभव्यद्गोररोंद्र ॥ (८) वीरश्रीदेवराजो विजयनृपताप-स्सारसंजातमूर्तिर्भर्त्ता भूमेर्विभाति प्रततरिपुततेरार्त्तिजातस्य हर्त्ता ।

(१७) क्रूरक्रोधेद्धयुद्धोद्धरकरटिघटाकर्णशूर्पप्रसर्पद्वातव्रातोत्थानप्रतिहतविमतादभ्रभुल्यभ्रसंघ. ॥ (९) यद्धाटीघोरघोटीखुरदलितधरारेणुभिर्व्वीर्य्यवन्हेर्द्-

(१८) म (स्तो) मायमाने प्रतिनृपतिगणस्त्रीदृशां साश्रुधारा। प्रोद्यद्दर्पप्रभूतप्रतिभटसुभटा-स्फोटनाटोपजाग्रत्कोपोल्काग्रांधकारद्युमणिरुदयते देवराजेश्वरोयं ॥ (१०)

(१९) विश्वस्मिन्विजयक्षितीशजनुष श्रीदेवराजेशितुर्ल्लक्ष्मीं कीर्त्तिमितांबुजं कलयते शौर्य्यांख्य सूर्य्योदयात्। आशा यत्र पलाशतामुपगता ।

(२०) स्वर्णाचलः कर्णिकाभृङ्गा दिक्षु मतंगजा जलधयो मारंदबिंदूत्कराः ॥ (११) विरराजे विजयात्मजे वितरति श्रीदेवराजेश्वरे कर्णस्याजनि च-

(२१) र्णना विगलिता वान्या दधीच्यादयः । मेघागमा ि मोघता परिगता चिंता न चिंताम (णे) · स्वल्पा कल्पमहीरुहा प्रथयते स्वर्णे चिकी नीचतां ॥ (१२)

(२२) सोयं कीर्त्तिसरस्वती वसुमतीवाणीवधूभिस्समं भव्यो दीव्यति देवराजनृपतिर्भूदेवदिव्य द्रुम । यद्दौरिर्व्वलियाचनाविरहितश्चंद्र कलं-

(२३) कोज्झित शक्रस्सत्यमगोत्रभिद्दिनकरश्चासत्पथोल्लंघनः ॥ (१३) मदनमनोहरमूर्त्ति. महिला-जनमानसारसंहरण । राजाधिराजराजादिमपदपरमेश्वरादिनि-

(२४) जबिरुद ॥ (१४) शक्तौ बुक्कमहीपालो दाने हरिहरेश्वर । शौर्य्ये श्रीदेवराजेशो ज्ञाने विजयभूपति. । (१५) सोयं श्रीदेवराजेशो विद्याविनयविश्रुत । प्रा-

(२५) गुक्तपुरवीथ्यंतः पर्णपूगीफलापणे ॥ (१६) शाकेब्दे प्रमिते याते वसुसिंधुगुणेंदुभि । पराभ-वाब्देकार्त्तिक्यां धर्मकीर्त्तिप्रवृत्तये ॥ (१७) स्या-

(२६) द्वादमतसमर्थ (न) खर्व्वितदुर्व्वादिगर्व्ववाग्वितते ( ) । अष्टादशदोषमहामदगज निकुरंब-महितमृगराज ॥ (१८) भव्यांभोरुहभानोरिन्द्रादिसु-

२७ रेंद्रवृंदवंद्यस्य । मुक्तिवधूप्रियभर्त्तु श्रीपार्श्वजि (ने) श्वरस्य करुणाब्धे ॥ (१९) भव्य-परितोषहेतुं शिलामयं सेतुमखिलधर्म्मस्य । चैत्यागारमचीकर-

(२८) दाधरणिद्युमणिहिमकरस्थैर्य्य ॥ (२०)

इस लेख से प्रकट है कि शक सं० १३४८ पराभव वर्ष में विजयनगर की पानसुपारी नामक गली मे महाराजाधिराज देवराज द्वितीय ने श्री अर्हत् पार्श्वनाथ का पाषाण का एक चैत्यालय बनवाया था । लेख मे विजयनगर के यादववंशी राजाओ की वंशावली निम्न प्रकार दी है —

१ यदुकुल के नृपति बुक्क,

२ उनके पुत्र हरिहर (द्वितीय) महाराज हुये,

३ उनके पुत्र देवराज (प्रथम) हुये,

४ उनके पुत्र विजय या वीरविजय हुये,

५ उनके पुत्र देवराज (द्वितीय) अथवा अभिनवदेवराज या वीरदेवराज महाराज, राजाधिराज, राजपरमेश्वर आदि हुये।

सम्राट देवराज द्वि० के राज्यकाल में ही अब्दुल रज्जाक नामक यात्री आया था। उसे समरकन्द के शाहरुख ने एलची के रूप में भेजा था। इस यात्री ने देवराज द्वि० के निम्न लिखित सिक्के लिखे हैं —

१ स्वर्ण —(१) वराह, (२) परताब = ½ वराह (३) फनम् = ¹⁄₁₀ परताब।

२ चांदी —तार = ⅙

तांबा —जीतल = ⅓ तार। इन सिक्कों पर हाथी या बैल का चिन्ह होता था और 'श्रीप्रतापदेवराय' लिखा रहता था। वराह pagoda के रूपमें होते थे। देवराज ने अपने साम्राज्य की नींव अपनी कुशल राजनीति और भुजविक्रम से सुदृढ बना दी थी। अपनी कीर्त्ति और पुण्यधर्म को यावच्चन्द्रदिवाकर स्थायी करने के लिये उन्होंने उपयुक्लिखित जिनमंदिर बनवाया था। म० पार्श्वनाथ को ज्ञान साम्राज्य का अधिनायक और स्याद्वाद का प्रचारक लिखा है। सम्राट् हरिहर द्वि० ने अपनी दिग्विजय के स्मारक रूप समुद्र तटके किनारे जयस्तंभों की कतार निर्मापी थी। देवराज की तलवार शत्रुओं के नाश करने के लिए हर समय तैयार रहती थी। शरणागत शत्रुओं को वह क्षमा कर देते थे। उनकी हाथियों की सेना के कान हिलाने से ही शत्रु दल उड़ जाता था। उनकी शरीराकृति कामदेव सदृश सुंदर थी। उनका गुत्ति नामक दुर्ग (Gooty in the Anantpur distt) प्रख्यात था। इस प्रकार विजय नगर में जैनधर्मका प्रभाव फैला हुआ था।*

---

* गत मार्च में मैं स्वयं हम्पि गया था। राजमहल, रानीवास, दरबार हाल आदि यहाँ के वर्तमान ध्वंसावशेषों को देखकर सहृदय दर्शकों के नेत्र तत्काल ही भर आते हैं। हम्पि के महत्त्वपूर्ण प्राचीन इतिहास से अपरिचित एक साधारण विचारशील दर्शक भी इन ध्वंसावशेषों को देखकर इसके गत वैभव को आसानी से परख लेगा। हम्पि के प्राचीन स्मारकों में यहाँ के जैन मन्दिर ही सर्व प्राचीन हैं। 'Hampi Ruins 'विजयनगर साम्राज्य' आदि रचनाओं के जिन रचयिताओं के कथनानुसार ये भव्य मन्दिर विजयनगर साम्राज्य के स्थापित होने के पूर्व ही विद्यमान थे। मन्दिरों की बनावट आदि से भी यह बात सत्य सिद्ध होती है। बल्कि जहाँ पर ये मन्दिर विराजमान हैं, वह स्थान इतना सुन्दर है कि

इसे नगर की नाक कहा जाय तो भी अत्युक्ति नहीं होगी। घंटों बैठने पर भी यहाँ से हटने की इच्छा ही नहीं होती। हम्पि के शिलामय ये भव्य मन्दिर उन्नत एवं विशाल एक चट्टान के ऊपर एक ही पंक्ति में सुन्दर ढंग से निर्मित हैं। इन मन्दिरों के नीचे थोड़ी ही दूर पर वह पुराना विशाल राजपथ मौजूद है, अब्दुल रज्ज़ाक के शब्दों में जिसमें उस जमाने में मोती, लाल, हीरा आदि बहुमूल्य रत्न बिका करते थे। बल्कि इसी राजपथ में हम्पि का सुविख्यात, विशाल विरूपाक्ष मन्दिर वर्तमान है। उक्त जैन मन्दिर और इस विरूपाक्ष मन्दिर के बीच में भी दो-चार छोटे-छोटे अन्यान्य हिन्दू मन्दिर उपस्थित हैं। इस विशाल राजपथ में आज भी उस जमाने के बहुत-से शिलामय भवनों के भग्नावशेष नज़र आते हैं। राजवीथि से थोड़ी ही दूर पर पूर्व दिशा में तुंगभद्रा नदी सुशान्त हो बह रही है। नदी के उस पार सघन जंगल बीच-बीच के बड़े-बड़े चट्टानों से दर्शकों को बड़ा ही चित्ताकर्षक मालूम देता है। इसी हम्पि को प्राचीन पम्पा कहते है, जहाँ पर रामायण काल में हनुमान ने राम-लक्ष्मण से भेंट की थी। खैर, हम्पि के विषय में यथावकाश मैं एक स्वतन्त्र लेख ही लिखूँगा। बल्कि 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' भाग २, पृष्ठ १३२ में 'विजयनगर साम्राज्य और जैनधर्म' शीर्षक मेरा एक लेख पहले प्रकाशित हो भी चुका है।

—के० भुजबली शास्त्री

पार्श्वदेवकृत 'संगीतसमयसार'

[ले० श्रीयुत बा० अ० नारायण मोरेश्वर खरे]

अनु० शान्तिलाल जैन, शास्त्री, बनारस

[भाग १, किरण २, पृष्ठ ६० से आगे]

संगीतरत्नाकर में भी लिखा है कि मालवकैशिक ग्रामराग से ही मालवश्री की उत्पत्ति हुई है। उसका लक्षण इस प्रकार है।

मालवश्रीस्तदुद्भवा।

समस्वरा तारमन्द्रषड्जांशन्यासषड्जभाक्॥ सं रत्नाकर २ ७२

८ वराटी

विभाषा रागराजस्य पंचमस्य वराटिका।

धांशा षड्जग्रहन्यासा धतारा मन्द्रमध्यमा।

समश्लेषस्वरा पूर्णा शृंगारे याष्टिकोदिता॥ सं समयसार

संगीतसमयसार के कर्त्ता "याष्टिक" की वराटी राग की व्याख्या देते हैं। संगीतरत्नाकर की व्याख्या के अनुसार वराटीराग "भिन्नपंचम" ग्राम राग में से उत्पन्न हुआ है—

वराटी स्यात्तदुद्भवा।

धांशा षड्जग्रहन्यासा समन्द्रा तारधैवता।

समेत(समवेत)स्वरा गेया शृंगारे शार्ङ्गिसम्मता॥ सं रत्नाकर, २ ८६

दोनों के लक्षण समान हैं, केवल मन्द्र व्याप्ति में अन्तर है।

९ गौड

गौड स्याट्टक्करागाग निन्यासांशग्रहान्वित।

वर्जित पंचमेनैव रसे वीरे नियुज्यते।

रागे रगनिषादिन्या वदन्ति न तु मे मतम्॥ सं समयसार

रत्नाकर में टक्क राग के नीचे गौड़ राग का लक्षण इस प्रकार दिया है—

गौडस्तदंगविन्यासग्रहांशः पंचमोज्झित। सं रत्नाकर, २ ९२

गौड राग के लक्षण में दोनों ग्रन्थकार अपनी अपनी व्याख्या में पंचम को वर्जित मानते हैं, परन्तु रत्नाकर की व्याख्या में 'विन्यास' शब्द है। वहां नी-न्यास' ऐसा शब्द होना चाहिए। यदि संगीतसमयसार के लक्षण की परीक्षा करें तो उसमें यह स्पष्ट होता है कि केवल ग्रह, अंश, न्यास और स्वर बदलने से राग का स्वरूप ही भिन्न हो जाता है।

१०. धन्नासी

अंगं धन्नासिका प्रोक्ता शुद्धकैशिकमध्यमे ।
षड्जांशग्रहमन्यासा षाडवा ऋषभोज्झिता ।
गान्धारपंचमस्वल्पा रसे वीरे नियुज्यते ॥ सं. समयसार

सं. रत्नाकर में "शुद्धकैशिक मध्यम म ग्रामराग" के नीचे धन्नासी की व्याख्या इस प्रकार दी है—

तज्जा धन्नासिका षड्जग्रहांशन्यासमध्यमा ।
रिवर्जिता गपाल्पा च वीरे धीरैः प्रयुज्यते॥ सं. रत्नाकर, २-१००

दोनों के लक्षण एक ही है।

११. गुण्डकृतिः

देशहिन्दोलरागाग षड्जाशन्याससंयुता ।
रिधत्यक्ता गतारा च शेषैरान्दोलिता स्वरै ॥
पमन्द्रा हास्यशृंगारे गेया गुण्डकृतिर्भवेत् ॥ स. ससयसार

संगीतरत्नाकर में इसी का "गौडकृति" नाम है—

षड्जांशग्रहणन्यासां मतारां मपभूयसीम् ।
रिधत्यक्ता पमन्द्रा च तज्जा गौडकृतिं जगु ॥ सं. रत्नाकर, २-१३०

दोनों के लक्षण प्रायः मिलते जुलते है। परन्तु समयसार में "गतारा" लिखा है अर्थात् तार सप्तक के गन्धार स्वर तक उसकी व्याप्ति है; जबकि रत्नाकर में "मतारा" है जिसका अर्थ होता है "तार-म" तक व्याप्ति। इन दोनो में केवल इतना ही भेद है।

१२. गुर्जरी

रिग्रहाशा च मन्यासा जाता पंचमषाडवात् ।
ममन्द्रा च नितारा च रिधाभ्यामपि भूयसी ।
गुर्जरी ताडिता पूर्णा श्रृङ्गारे विनियुज्यते ॥ सं. समयसार

सगीतरत्नाकर में "पचम षाडव राग" के नीचे गुर्जरी की व्याख्या इस प्रकार दी है—

तज्जा गुर्जरिका मान्ता रिग्रहांशा ममध्यभाक् ।
रितारा-रिधभूयिष्ठा शृगारे ताडिता मता ॥ सं. रत्नाकर, २-८९

यहा दोनों के लक्षणों में थोड़ा भेद है। शायद छपाने में भूल हो अथवा मूल प्रति मे ही कुछ गड़बड़ हो। क्योकि चिह्नित शब्दों के सिवाय बाकी सभी लक्षण एक ही हैं; जैसे कि "रिग्रहाशा", "मन्यासा", "रिधाभ्यामपि भूयसी"। तथा "ताडिता" "शृंगारे" इत्यादि लक्षण भी एक ही है। "रितारारिधभूयिष्ठा" ऐसा रत्नाकर का पाठ है। उसके स्थान में "नितारारिधभूयिष्ठा" होना चाहिए क्योंकि तार री स्वर की व्याप्ति होने पर तो सामान्यतः राग की व्याप्ति दो सप्तक से कम ही होनी चाहिए। इसी प्रकार "ममध्यभाक्" के

स्थान पर मन्द्रभाक् होना चाहिए। क्योंकि इस राग कीव्याप्ति मन्द्र सप्तक में किस स्वर तक और तार सप्तक के किस स्वर तक होती है, इसका स्पष्टीकरण ऊपर के दो श्लोकों में है।

भाषाङ्गराग

१ वेलाउली (वेलावली)

ककुभप्रभवा भाषा या प्रोक्ता भोगवर्धिनी ।
वेलाउली तदङ्ग स्यात् परिपूर्णसमस्वरा ॥३४॥
धैवतांशग्रहन्यासा धतारा मन्द्रमध्यमा ।
षड्जेन कम्पिता सेय विप्रलम्भे नियुज्यते ॥३५॥

संगीतरत्नाकर में भी बतलाया है कि "ककुभ राग" में से निकली हुई "भोगवर्धिनी भाषा" में से वेलावली उत्पन्न हुई है—

तज्जा वेलावली तारधा गमन्द्रा समस्वरा ।
धांशन्तांशा कम्पषड्जा विप्रलम्भे हरिप्रिया ॥ २ ११५

इनमें लक्षण तो एक ही है, मात्र मन्द्रव्याप्ति के संबंध में मतभेद है।

१ सावरी (आसावरी)

ककुभोत्था रंग छाग धान्ता मध्यग्रहांशका (?) (माऽन्ना च मगल)
गतारा स्वल्पषड्जा च पंचमेन विवर्जिता ।
मन्द्रा सा सावरी ज्ञेया कर्तव्या करुणे रसे ॥३६॥ स समयसार

रत्नाकरे—रगति भाषा में से —

तद्भवाऽऽसावरी धान्ता गतारा मन्द्रमध्यमा ।
मग्रांशा स्वल्पषड्जा करुणे पंचमोज्झिता ॥

दोनों के लक्षण एक ही हैं। "मध्यग्रहांशका" में "मध्य" का अर्थ "मध्यमस्वर" समझना चाहिए। प्रयोग भी इसी अर्थ में है।

१३ देशाख्य

गान्धारपंचमा जाता ऋषभेण विवर्जिता ।
ग्रहांशन्यासमन्द्रधगान्धारा च समस्वरा ॥
निषादमन्द्रा गान्धारस्फुरितेन विराजिता ।
पाडवा यदि रागाग वर्जे पूर्ण च दृश्यते ॥
देशाख्य स समयसार

संगीतरत्नाकर में "गान्धारपंचम" ग्राम राग के नीचे देशाख्य का स्वरूप इस प्रकार दिया है—

तज्ञा स्फुरति गान्धारा देशाख्या वर्जितपंमा।
ग्रहांशन्यासगान्धारा निमन्द्रा च समस्वरा ॥सं. रत्नाकर

संगीतरत्नाकर का उपर्युक्त श्लोक त्रुटित प्रतीत होता है। तो भी उसमें आया हुआ लक्षण संगीतरत्नाकर (?) के साथ मिलता है। "षाडवा यदि रागांगं वंशे पूर्णं च दृश्यते" इस पंक्ति का सम्बन्ध ठीक ठीक ज्ञात नहीं होता।

१४. देशी

स्याद (स्यादंगर) रंगरेव (?) गुप्तस्य गमन्द्रा पंचमोज्झिता।
ऋषभाकग्रहन्यासा तथा समनिभूयसी।
देशी नाम प्रयोक्तव्या रागोऽयं करुणे रसे ॥स समयसार

संगीतरत्नाकर मे भी ऐसा ही लक्षण है और वह "रवगुप्तराग" के नीचे ही दिया है—

तज्ञा देशी रिग्राहांशन्यासा पंचमवर्जिता।
गान्धारमन्द्रा करुणे गेया मनिसभूयसी।
देशी नाम प्रयोक्तव्या रागोऽयं करुणे रसे ॥सं. रत्नाकर, २-१०३

देशी राग के दोनो के लक्षण देखने पर समान ही प्रतीत होते है। इस प्रका पार्श्वदेव के दिए हुए "रागांग राग" हम देख गए। अब कुछ "भाषांग राग" (?) और "उपांग राग" देखें।

उपांग राग

१. भैरवी

भिन्नषड्जसमुद्भूता धांशन्यासग्रहान्विता।
समशेषस्वरा पूर्णांगान्विता तारमन्द्रयो ।
देवादिप्रार्थनाया तु भैरवी विनियुज्यते ॥स. समयसार
धांशन्यासग्रहा तारमन्द्रगान्धारशोभिता।
भैरवी भैरवोपाग समशेषस्वरा भवेत् ॥सं. रत्नाकर, २-१४४

इन दोनो के लक्षण समान ही है। पहले मे "भिन्नषड्जसमुद्भूता" कहा है और दूसरे (सं रत्नाकर) मे "भैरवी भैरवोपागं" कहा है। इनका अर्थ एक ही होता है क्योंकि भैरव राग भी "भिन्नषड्ज" मे से ही उत्पन्न हुआ है यह हम ऊपर देख गए हैं। छह राग और छत्तीस (तीस ?) रागिनिओं के प्रपंच करने वाले ग्रन्थ भी भैरवी रागिनी को भैरवराग की स्त्री मानते है और ऐसा कहा है कि वह महादेव की पूजा करके प्रार्थना करती है। कि—

स्फटिकरचितपीठे रम्यकैलासशृंगे,
विकचकमलपत्रैरर्चयन्ती महेशम्।
करधृतघनवाद्या पीतवर्णायताक्षी,

सुकविभिरियमुक्ता भैरवी भैरवश्री ॥

मल्हार एव मल्हारी—

लक्षणं विनियोगश्च भवेन्मल्हारिकासमम्।

मल्हारस्य गतित्यागं पचमं स्फुरणं भवेत् ॥स समयसार

इसमें मल्हार राग का लक्षण देखने पर मल्हारी जैसे ही उसके स्वर प्रतीत हैं, परन्तु मल्हार में ग और नी स्वरों का त्याग बतलाया है। अब मल्हारी का लक्षण देखें—

मल्हारी—

आधालिकांगमल्हारी मध्यमांशग्रहान्विता।

रिमन्द्रा च गशून्या च शृंगारे ताडितस्वरा ॥

इसमें मल्हारी आधालिका का अंग है, ऐसा कहा है। अब संगीतरत्नाकर में आए हुए दोनों रागों के लक्षण की भी जाँच करें।

मल्हारी—

मल्हारी तदुपांगं स्याद्गहीना मन्द्रमध्यमा।

पंचमांशग्रहन्यासा शृंगारे ताडिता मता ॥स रत्नाकर, अ० २ १५६

"आंधाली भाषाराग" के नीचे ही मल्हारी राग दिया है। जिस प्रकार मल्हारी के लक्षण के विषय में दोनों ग्रन्थकारों का मतभेद है—एक में "मध्यमांश" है, दूसरे में "पंचमांश" है—उसी प्रकार एक में "रिमन्द्रा" अर्थात ऋषभ स्वर तक मन्द्रव्याप्ति है तो दूसरे में "मन्द्रमध्यम स्वर" तक है।

अब मल्हार —

आधाल्युपांगमल्हारः षड्जपंचमवर्जितः।

धन्यासांशग्रहो मन्द्रगान्धारतारसप्तमः ॥ स रत्नाकर, अ० २-१५७

मल्हार राग आंधाली राग का उपांग राग है। इसमें षड्ज और पंचम स्वर वर्जित है। धैवत अंश, ग्रह और न्यास है। मन्द्रसप्तक में "गान्धार" स्वर तक और तारसप्तक में "सप्तम" अर्थात् "निषाद" स्वर तक उसकी व्याप्ति है।

मल्हार राग के विषय में दोनों ग्रंथों में पूरा मतभेद दिखाई देता है। एक में "ग नी" स्वरों का निषेध वर्णित है तो दूसरे में "सा प" का। दोनों केवल आंधाली का उपांग मात्र मानते हैं।

इसलिए थाट (ठाट) तो एक ही होगा।

रागों के ऊपर इतना विवेचन पर्याप्त होगा। राग के लक्षण दो प्रकार के दिए हैं—सामान्य और विशेष उनमें प्रत्येक के चार प्रकार के लक्षण हैं। अंश स्वर की व्याख्या दस लक्षणों से युक्त दी है जो कि नाट्यशास्त्र में से ही ली गई है।

सं. नोटः इस 'संगीत-समयसार' के रचयिता पार्श्वदेव निस्संदेह जैन धर्मावलम्वी है, यह बात आगे के फुट नोटों से स्वय स्पष्टहो जायगी। अत' यहां पर इस बात की अधिक छानबीन करने की आवश्यकता नहीं दीखती। इनके समय के सम्बन्ध में मोरेश्वरजी का कहना है कि "ग्रन्थकार स्वयं द्वितीय अधिकरण के प्रथम श्लोक में ही भोजराज और सोमेश्वर का उल्लेख करते है। भोजराज का समय ई० सन् १०५३ और सोमेश्वर का ई० सन् ११८३ है। इस प्रमाण से ग्रन्थकार अथवा ग्रन्थ का समय ई० सन् ११८३ के बाद का सिद्ध होता है।" इसी विषय पर 'Classical Sanskrit Literaturc' के विद्वान् लेखक एम. कृष्णमाचारियर ने निम्न प्रकार अपना अभिप्राय व्यक्त किया है: "यह (पार्श्वदेव) भोजराज, सोमेश्वर एव परमार्दिन् का उल्लेख करते है और स्वयं सिंग (सिंह) भूपाल के द्वारा स्मरण किये गये है। अत' आप १३ वीं शताब्दी में अवश्य जीवित थे।"* इस प्रकार प्रार्श्वदेव के समय के सम्बन्ध में दोनों विद्वान् एकमत है।

अब पार्श्वदेव के वंश तथा गुरु-परम्परा को लीजिये। इस संबंध में मोरेश्वरजी तो सर्वथा मौन है। हा, कृष्णमाचारियर इन्हे स्पष्ट श्रीकान्त जाति के आदिदेव एवं गौरी के पुत्र तथा महादेवार्य के शिष्य बतलाते है।† ज्ञात होता है कि उक्त विद्वान् को संगीत-समयसार की किसी हस्तलिखित प्रति में यह बात उपलब्ध हुई होगी। क्योंकि त्रावंकोर से प्रकाशित संगीतसमयसार की मुद्रित प्रति में कहीं भी इनके माता-पिता के नाम नहीं मिलते है। पार्श्वदेव की 'श्रुतिज्ञानचक्रवर्त्ती,' 'संगीताकर' आदि उपाधियों से यह बात स्पष्ट सिद्ध होती है कि आप सगीतशास्त्र के एक प्रकाण्ड विद्वान् थे। वास्तव में इनका संगीत-समयसार ग्रन्थ अपने विषय की एक महत्त्वपूर्ण कृति है। जहाँ तक मेरा खयाल है कि संगीत-विषय-प्रतिपादक स्वतन्त्र जैन कृतियों में यह संगीतसमयसार ही सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ है। कवि पार्श्वदेव के मत से सगीत ही मोक्षप्राप्ति का एक सुगम उपाय है, दर्शनशास्त्र नहीं। कहने का आशय यही है कि जैनधर्म मे भी संगीत की पर्याप्त प्रतिष्ठा है। हमें स्थानाङ्गसूत्र पर की अभयदेव की टीका (ई० सन् १६०३), भद्रबाहुकृत कल्पसूत्र पर की विनयविजय (ई० सन् १७ वीं शताब्दी) की टीका, हरिभद्रकृत आवश्यकवृत्ति पर का हेमचन्द्र (ई० सन् ११ वीं शताब्दी) का टिप्पण, श्राद्धप्रतिक्रमण पर की रत्नशेखर की टीका (ई० सन् १४९६) और अनुयोगद्वारसूत्र पर का मलधारी हेमचन्द्र (ई० सद् १२ वीं

*—Classical Sanskrit Literature. पृष्ठ ८५५।

†—"श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायितमस्तकमहादेवार्यशिष्यस्वरविमलविद्यापुत्र-सम्यक्त्वचूडामणिभरतभाण्डीकभापाप्रवीणश्रुतिज्ञानचक्रवर्तिसङ्गीताकरनामधेयपार्श्वदेवविरचिते सङ्गीतसमयसारे" परन्तु संगीतसमयसार की मुद्रित प्रति मे यह अंश इस प्रकार मिलता है: "श्रीमदभिनवभरताचार्यसरविमलहेम्मणार्यविद्यापुत्रश्रुतिज्ञानच(क्र)वार्तिसङ्गीताकरनामधेयपार्श्व-देवविरचिते सङ्गीतसमयसारे"।

पंचदश अधिकार—इसमें वाष्प के भेद, स्वरूप तथा परिहार उक्त हैं।

षोडश अधिकार—इसमें नागाकृष्टि, नागसहागमन, विषभक्षण का क्रम, शब्दनिर्विष-मन्त्रविधान, भूतनिर्विषविधान, सर्पोच्चाटन, विष के लिये कवलप्रयोग, वमनौषध, उपनाह (व्रण बांधने का विधान), विषज व्रण के लिये औषध, मूषकवृषभाद्युच्चाटन, वृश्चिकाद्युच्चाटन तैलिक औषध, विषव्रणहारक मलहम, व्याघ्रमुखस्तम्भनादि मन्त्रविधान, निर्विष के लिये मुद्रिकानिर्माणविधान और सर्वविष हरौषध आदि सभी संकीर्ण (फुटकर) विषय कहे गये हैं।

महत्त्वपूर्ण यह विषशास्त्र मद्रास विश्व-विद्यालय के कन्नड सीरिज़ में हाल ही में प्रकाशित हुआ है। इस बहुमूल्य कृति को प्रकाश में लाने वाला उक्त विश्व-विद्यालय धन्यवाद का पात्र है ही। साथ ही साथ इसके विद्वान् सम्पादक भी धन्यवाद के पात्र हैं। इसके लिये खासकर मित्रवर श्रीयुत पं० एच० शेष अय्यंगार विशेष प्रशंसा के पात्र हैं, जिनकी प्रबल प्रेरणा एवं अटूट परिश्रम से उक्त सीरिज़ में अबतक अमूल्य नव रत्न प्रकाश में आ सके जो कि प्रायः सभी जैन हैं। इस स्तुत्य कार्य के लिये जैन समाज श्रीयुत अय्यंगारजी का ऋणी रहेगा। आशा है कि अय्यंगारजी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्तमोत्तम ग्रन्थ-रत्नों को प्रकाश में लाकर लोकहित एवं साहित्य-संसार को प्रसन्न करेंगे। अगर कोई प्रकाशनसंस्था इस ग्रन्थरत्न का हिन्दी अनुवाद प्रकाशित कर देती तो हिन्दी-भाषा-भाषी जनता को भी लाभ होता। देखूँ, इस पुनीत कार्य के लिये कौन संस्था अपना कदम बढ़ाने का साहस करती है। बल्कि इससे संस्था को आर्थिक लाभ भी हो सकता है। क्योंकि यह एक लोकोपयोगी ग्रन्थ है।

तुलु देश में जैनधर्म*

[लि० श्रीयुत डा० बी० ए० सालेतोर एम० ए०, पी एच० डी०]

हमें तुलु देश में जैनधर्म के आगमन के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए हिन्दू और जैन परम्परागत गाथाओं, शिलालेखों और जैन ग्रन्थों का जो मूडबिद्रे और कारकल के जैन केन्द्रों के पुस्तकालयों में सुरक्षित हैं—अध्ययन करना होगा। लेकिन उपर्युक्त अन्तिम आधार अप्राप्य हैं अत हमें सिर्फ जैन और हिन्दू परम्परागत गाथाओं पर अवलंबित रहना पड़ेगा, जिनकी पुष्टि तुलु देश में प्राप्त जैन शिलालेखों से भी होती है।

हिन्दू परम्परागत गाथा में जैन मुनियों का उल्लेख मिलता है, जिन्होंने तुलु देश के एक हिस्से में जैनधर्म का प्रचार किया था। विष्णुपुराण में ऐसा प्रमाण मिलता है कि नाभि और मेरु के पुत्र ऋषभ ने बहुत ही योग्यता और बुद्धिमानी से शासन किया, और अपने शासन-काल में अनेक यज्ञ किये। अंत में वे अपना राजपाट अपने बड़े पुत्र भरत को सौंप कर एक सन्यासी की हैसियत से स्वयं पुलस्त्य ऋषि के आश्रम में निवास करने के निमित्त चले गये। उन्हीं भरत के नाम पर इस भूमि का नाम भारतवर्ष पड़ा है। ऋषभ ने कठिन तपस्या की। उनका शरीर सूख कर काँटा हो गया।

भागवतपुराण में इस बड़े प्रचारक ऋषभजी के परिभ्रमण का पूर्ण उल्लेख मिलता है। जिस प्रकार कुम्हार का चाक स्वयं चलता है उसी प्रकार ऋषभजी का शरीर कोंक वेंकट, कुटक और दक्षिण कर्णाटक में गया। कुटक पहाड़ से सटे एक जंगल में उन्होंने अपने मुँह में कुछ चमकने कंकड़ के टुकड़े को रख लिया, और उसके बाद नंगे हो, एक उन्मत्त की भांति बिखरे बालों को धूल धूसरित करते हुए घूमने लगे। दुर्भाग्यवश उस जंगल में बाँसों की रगड़ से भयानक आग लग गयी, जिससे सारे जंगल के साथ उनका शरीर भी जल कर खाक हो गया। कोंक, वेंकट, और कुटक के राजा को ऋषभजी के इस आचरण का जब खबर मिली, तो उन्होंने अपना धर्म छोड़कर, अपनी समझ और पसंद के मुताबिक, एक झूठे धर्म का सृजन किया।(!)†

ऊपर जो कुटक का नाम आया है, उसे तुलु देश का कुटकग्राम समझना चाहिए। उपर्युक्त उल्लेखों से पता चलता है कि तुलु देश में जैनों के आगमन की तिथि ऋषभ के प्रारम्भिक काल कही जा सकती है। ऋषभ ही प्रथम तीर्थङ्कर हैं। उस वक्त जैनों का प्रचार-स्थान कुटकग्राम और हट्टंगडि के बीच कहीं पर था। आज भी हट्टंगडि जैनों का पवित्र क्षेत्र माना जाता है। यदि हम ऋषभ के परिभ्रमण की कथा की वास्तविकता पर

---

* विद्वान् लेखक के द्वारा लिखे गये महत्त्वपूर्ण इस प्रकरण की कई बातों पर मेरा मतभेद है। अतः यथावकाश इस विषय पर मैं एक स्वतंत्र लेख लिखूंगा। —के० भुजबली शास्त्री

† यह कथन साम्प्रदायिक है। सं०

१०८३ (ए. डी. ११६१-६२) में [illegible] में [illegible] थी। [illegible] शिलालेख में [illegible] है। [illegible] से पता चलता है कि [illegible] शिलालेखों से पता चलता है कि [illegible] ने जैनधर्म को [illegible] थी। [illegible] से यह पता चलता है कि मूडबिद्री में [illegible] आलुपेन्द्रदेव [illegible] थी। उन्होंने जैन [illegible] का [illegible] और [illegible] किया था।

बारकूर में जो शिलालेख प्राप्त हुआ है, इससे पता चलता है कि [illegible] ने भी जैनधर्म को सहायता दी थी। शाका [illegible] (ए. डी. [illegible]) में [illegible] जैन मन्दिर के लिए किसी ने भूमिदान किया था। मूडबिद्री के [illegible] बसदि में एक शिलालेख प्राप्त हुआ है। यह [illegible] राजा कुलशेखर आलुपेन्द्रदेव, तीसरा, (ए.डी. १३८४) के समय का है। इससे पता चलता है कि [illegible] राजा का झुकाव जैनधर्म की ओर पूर्ण रूप से था। [illegible] का पूरा उल्लेख मिलता है।

उपर्युक्त घटना उस समय की है, जब जैनधर्म कारकूर, वेणूर, बारकूर और मूडबिद्री में पूर्ण रूप से जम चुका था और कारकूर में उसका प्रदर्शन हो रहा था, × शाका १३३१ (ए.डी. १४०८) के शिला लेख से पता चलता है कि राजा वीरभैरव और उसके पुत्र पाण्ड्यभूपाल ने पार्श्वनाथ की मूर्ति के लिए भूमिदान किया था और कारकूर ग्राम में मुनियों को आहार कराया था। यहाँ एक बात और लिख देना उपयुक्त होगा कि वारकूर की जैन बस्ति में प्राप्त एक शिलालेख से पता चलता है कि चारुकीर्ति पंडितदेव ने कारकूर में आदि परमेश्वर की सेवा के लिये भूमिदान दिया था। यह शाका १४२१ (ए.डी. १४९९—१५००) की बात है।*

* बी० ए० सालेतोर की 'Ancient Karnataka' ((Vol I. History of Tuluva) नामक अङ्गरेजी पुस्तक के 'Jainism' शीर्षक प्रकरण का स्वतन्त्रानुवाद।

—अनुवादक बनारसीप्रसाद भोजपुरी, साहित्यरत्न, रत्ननिधि

× श्रीयुत ए० गणपतिराव के कथनानुसार सन् ७८ में ही यहाँ पर जैनधर्म मौजूद था। सं०

जैन कविताओं में ऐतिहासिक प्रसंग

[ले० आयुत कालीपद मित्र, एम ए]

इस लेख में मैं मेसर्स अगरचन्द नाहटा तथा भँवरलाल नाहटा (मुद्रित वि० स० १९९४) द्वारा सम्पादित 'ऐतिहासिक जैन काव्य समह' म आये हुए व्यक्तियों के आकस्मिक प्रसंगों का वर्णन करूँगा। यह अपभ्रंश, राजस्थानी तथा हिन्दी में रचे गये हैं।

सम्पादकों का कथन है कि इनम लगभग सभी खरतरगच्छ सम्प्रदाय मे सम्बधित हैं जो बीकानेर में फैला था और ये विजयसिंहसूरि, विजयप्रकाशरास तथा एक अन्य कविता के अतिरिक्त तपागच्छ सम्प्रदाय से सम्बधित कविताओं का समह करने मे असफल रहे हैं।

कविताएँ यशगान हैं और उनका मुख्य ध्येय जैन शासन की प्रभावना है। ऐतिहासिक घटनाओं तथा व्यक्तियों का वर्णन आकस्मिक वर्णन है। इनम जैन मुनियों का राजा महाराजा द्वारा सम्मानित होने का वर्णन है। कुछ के विषय में कहा गया है कि उन्होंने केवल अपनी पवित्रता तथा तप द्वारा ही नहीं वरन् चमत्कारों के प्रदर्शन द्वारा भी इन राजाओं पर अपना प्रभाव स्थापित किया है। इन कविताओं में ऐतिहासिक सत्य गर्भित है, यद्यपि ये प्रामाणिक नहीं कहा जा सकतीं। वैज्ञानिक निरीक्षण तथा समकालीन प्रमाणों से तुलना के पश्चात् ही यह घटनाएँ विश्वास योग्य समझी जा सकती हैं।

जिनप्रभसूरि के गुणगानों म कथन है कि दिल्ली के सुल्तान मुहम्मद ने भी उनकी प्रशंसा की थी —

> राउ महमद साह जिणि निय गुण रजियउ ।
> मेद मडल दिल्लिय पुरि, जिण धरमु प्रकट किउ ।
> तसु गछ धुरधरणु मयणि, जिणदेव सूरि राउ । श्रीजिणप्रभसूरिगीतम् ।

पौष मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी, शनिवार वि० स० १३८५ (१३२८ ई०) को यह मुहम्मद शाह आसापति दिल्ली की सभा में पधारे। सुल्तान ने उनका सम्मान किया, अपने निकट स्थान दिया और धन, भूमि, अश्व, गज आदि उनको भेंट किए। उन्होंने इसे स्वीकार न किया क्योंकि यह चारित्र नियमों के विपरीत थे। परन्तु सुल्तान का सम्मान करने के लिए उन्होंने कुछ वस्त्र स्वीकार किए। सुल्तान ने उनके गुणगान के पश्चात् 'शाही मुहर' से एक नवीन वस्ती (उपाश्रय—साधुओं का विश्रामगृह) के निर्माण कराने का आज्ञापत्र निकाला। उनके सम्मान में एक उत्सव हुआ और जुलूस नवयुवतियों के नृत्य तथा आनगान सहित पोषधशाला को चला। वह सामन्तों से घिरे हुए सुल्तान के हाथी पर आरूढ थे।

(गाथा २—९ जिनप्रभसूरिगीतम्)

तेर पंचासियइ पोस सुदि आठम सणिहवारो ।
भेटिउ असपते 'महमदो' सुगुरु ढोलिय नयरे ॥२॥
श्रीमुख सलहिउ पातसाह विविदपरि मुणिसीहो ॥५॥
देइ फुरमाणु अनुकारवाई, नव वसित राय सुजाणु ॥७॥

जिनप्रभसूरि के पट्टधर जिनदेवसूरि भी मुहम्मद शाह द्वारा सम्मानित हुए थे। मुहम्मद शाह ने उनकी वाणी से प्रभावित होकर कन्नानपुर को अथवा वहाँ से आई हुई वीर जिन की प्रतिमा की स्थापना दिल्ली में एक पावस-अवसर पर एक पवित्र दिवस को की थी।

वंदहु भविपद्दो सुगुरु जिणदेवसुरि ढिल्लिय वरनयरि देसणउ
जेह कन्नाणपुर मंडणु सामिउ वीर जिणु ।
महमदराय समप्पिउं थापिउ सुभ लगनि सुभ दिवसि ॥२॥

—श्रीजिणदेवसूरिगीतम् ।

एक अन्य गीत में जिनप्रभसूरि के असपति कुतुबुद्दीन द्वारा सम्मान का कथन है जिसने उनको कृष्ण पक्ष के चतुर्थ तथा अष्टम वार को आमंत्रित किया था।

आठहि आठमिहि चउथी, तेडावइ सुरताणु ए ।
पुह सितमुख जिणप्रभसूरि चलियउ जिमि ससि इंदु विमाणिए ॥
'असपति कुतुबदीनु' मनि रंजिउ दीठेल जिणप्रभसूरीए ।

जिनचन्द्रसूरि (जिनप्रबोधसूरि के पट्टधर) ने सुल्तान कुतुबुद्दीन को भी प्रसन्न किया।

कुतुबदीन सुरतान राउ, रंजिउ समनोहरु ।
जामि पयडउ जिणचन्द सूरि, सूरिहं सिर सेहरु ॥६॥

—श्रीजिनकुशलसूरिपट्टाभिषेकरास ।

अब हमें देखना है कि यह सुल्तान कौन हैं ? जिनप्रभसूरि सुल्तान से १३२८ ई० में मिले थे। मुहम्मद बिन तुगलक १३२५ ई० में सिंहासनारूढ़ हुए और १३५१ ई० को स्वर्ग सिधारे। अतः मुहम्मद शाह मुहम्मद तुगलक ही होंगे।

मुहम्मद शाह एक परिवर्त्तनशील गुणी पुरुष था और अनेक विज्ञानों का ज्ञाता था। ज़ियाउद्दीन बर्नी और इब्न बतूता ने उसका एक भयानक चरित्र चित्रण किया है। परन्तु दोनों ही उनकी महान विद्वत्ता, तर्कशास्त्र पर आधिपत्य एवं अरस्तू सदृश महान् दर्शनशास्त्रज्ञ होना एक मत से स्वीकार करते हैं। उसका स्वतंत्र विचारक, तार्किक, सभ्य, तथा विद्वानों का एक परम मित्र होना तो निर्विवाद है। ज़ियाउद्दीन शोक प्रकट करते हुए कहता है "दर्शनशास्त्र के नियमों का जो कि हृदय को निष्ठुर और निर्मोह बना देते हैं उस पर गहरा प्रभाव पड़ा था। ... मुसल्मानों को दण्ड देना और सत्य धर्मानुयायियों को सज़ा देना

उसकी प्रकृति तथा व्यसन बन गए थे"[1] इसके विरुद्ध ब्राउन का मत है कि "उसकी समस्त मुद्राओं म उसकी रूढ़िवादिता प्रकट होती है। कल्पना ही नहीं वरन सुल्तान की गाजी की उपाधि धारण करना भी यही सिद्धि करता है[2]"

ऐसा प्रकट होता है कि वह रूढ़िवादी नहीं था वरन् एक प्राचीन प्रथा का पालन कर रहा था क्योंकि वह शेख निजामुद्दीन औलिया का जो कि 'समा' (इन्य-ग्राही नृत्य तथा वाद्य-गान) में ही सदा तल्लीन रहता था और एक प्रशंसक था, यद्यपि यह रूढ़िवादी के सिद्धान्त के प्रतिकूल है। उसने नागरी लिपि में एक उपदेश अपनी प्रिय मुद्राओं पर अंकित कराया था तथा वह अवसरों व अवसर पर संस्कृत के उपयोग से सहमत था। वह धार्मिक तत्त्ववेत्ताओं के वादविवाद में बड़ा रस लेता था। इस कार्य में वह अकबर के समान था जो फतहपुर सीकरी के इबादत खाना में इस प्रकार के विवादों को सुनता था। अत यह किसी प्रकार आश्चर्यजनक नहीं कि उसने विद्वान् तथा सत जिनप्रभसूरि तथा उनके पट्टधर जिनदेवसूरि का सम्मान किया हो। ऐसा कथन है कि उसने दक्षिण भारत के एक महान जैन तार्किक का सम्मान किया था जिसने सुल्तान की राजसभा म बौद्ध विद्वानो तथा अन्य धर्मानुयायी पण्डितों को वादविवाद में पराजित कर प्रसिद्धि प्राप्त की थी। यह घटना १३२६ ई० से १३३७ ई० के मध्य हुई प्रतीत होता है।

'मुनीन्द्र वर्द्धमान के एक संस्कृत महाकाव्य 'दशभक्त्यादिमहाशास्त्र' में निम्नांकित पद्य मिलते है।

> विद्यानन्दस्वामिन सूनुरथ सनात स सिंहकीर्तियतीन्द्र ।
> स्यात श्रीमान् पुण्यराशिर्जितमायो दानस्वर्णधेनुमजावर्देन ॥
> ग्रामेऽस्मन्[illegible]गिरि ज्ञाताशो महम्मदशाहु
> ग्रामदिल्लिपुर महम्मदसुल्तानाख्य साराज ।
> निर्जित्याशु सभायां जिनगुरुर्बौद्धान्दि × × × प्रथम
> श्रीमद्भट्टारकसिंहकीर्तिमुनिराट् नाम्नैकविद्यागुरु ॥

नागराज्य (मैसूर) के पद्मावती बस्ति के एक शिलालेख में एक इसी के समान वाक्य मिलता है। 'यामादि अन्यपर्वतदिक्ष्नमयो यद्धाल्यशाहु ग्रामादिल्लिपुर सुल्तानमहामात्य माराधृत निर्जित्याशु सभासन जिनगुरुर्बौद्धवादिविग्न श्रीमद्भट्टारकसिंहकीर्ति मुनिराट् ऐकविद्यागुरु ॥"

१ सर एच एलियट, हिस्ट्री ऑफ इण्डिया भाग ३ पृ० २३६
२ ए. ३ ब्राउन "दि क्वायन्स ऑफ इण्डिया, पृष्ठ ७२, ७४
३ Ms. No 253 Kha, जैन सिद्धान्त भवन [जैन सिद्धान्त भास्कर]

स्पष्टतया 'मुद' मुहम्मद शब्द का एक भाग है (अथवा महम्मद जो कि भूल से प्रायः महमूद पढ़ा जाता है) जो कि मिट गया है अथवा स्पष्ट नहीं है। राइस इसका मधुर (मुदा < मुदु < मृदु) अर्थ लगाते हैं और महमूद जोड देते हैं। डाक्टर सालेतोर इसे 'तत् न भूपनाह्यन्वेवृत' पढ़ते हैं और इस पर आश्चर्य प्रकट करते हैं कि राइस साहब ने 'वङ्गाख्य-देशावृत' पढ़ा।'

दशभक्त्यादि-महाशास्त्र[२] ने मोहम्मद (मुद नहीं) सुरित्राण और गंगाह्य-देश का वर्णन करके यह शंकाएं निर्मूल कर दी हैं। और राइस साहब के मत को बड़ी सहायता दी है।

[३]डाक्टर सालेतोर ने 'दश०' के रचियता वर्द्धमान की तिथि १३७८ अनुमान की है।[४] (गुरुपरम्परा मे अंत से विशालकीर्त्ति से गणना की गई है जिनकी तिथि १४६८ ई० है। मेरुनन्दि-वर्द्धमान-प्रभाचन्द्र-अमरकीर्त्ति-विशालकीर्त्ति इत्यादि प्रत्येक का समय ३० वर्ष निर्धारित किया है) *जिसका समर्थन श्रवणबेलगोल के १३७२ ई० के एक रेकार्ड (record)* से होता दीख पड़ता है। परन्तु 'दश०' मे एक श्लोक मिलता है कि वर्द्धमानने इसकी रचना ('शके वेदखराब्धिचन्द्रकलिते सम्वत्सरे श्रीप्लवे सिंहश्रावणिके प्रभाकरशिवे कृष्णाष्टमी-वासरे रोहिण्याम्' इत्यादि) शक सं० १४६३ (अथवा १४६४ यदि वेद ४ हों,[५] ३ न हों)= १५४१ ई० मे की। वास्तविक तिथि, तिथि सम्बन्धी अन्य बातो से निर्धारित की जा सकती हैं। वास्तविक तिथि कोई भी हो, रचियता ने 'दश०' मे नगर तालुक के शिलालेख के अनेक अंश उद्धृत किए हैं। चूंकि वह हमारी अपेक्षा शिलालेख की निर्माण-तिथि के अधिक निकट था, इसलिए यह अनुमान करना उचित ही होगा कि लेखक ने इस शिलालेख को उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम वर्षों मे बीसवी शताब्दि की अपेक्षा अति उत्तम दशा मे पाया होगा। अत मेरे विचार से शिलालेख के प्रति उनका मत ही मान्य होना चाहिए।

' जिनप्रभसूरि अद्वितीय ज्ञानी, कवि विद्वान् व एक गण्य मान्य जैनाचार्य थे। मुनि जिनविजयजी स्वसम्पादित जिनप्रभसूरि के 'विविधतीर्थकल्प' मे कहते हैं कि आचार्य का सुल्तान मुहम्मद शाह के दरबार मे बहुत मान था इतना अधिक कि जितना हीरविजयसूरि का अकबर की राजसभा मे था। और सम्भवतः वही सर्व प्रथम जैनाचार्य थे जिन्होंने मुसलमान बादशाह के दरबार मे जैनधर्म की कीर्त्ति पताका फहराई थी।[६]

---

१ Karnatak Historical Review, IV pp 77-86

२ इसके विशेष परिचय के लिये मेरे द्वारा संपादित 'प्रशस्तिसंग्रह' देखें।—के० भुजबली शास्त्री

३ Mediaeval Jainism pp 370-71

४ ,, p 300,

५ 'वेद' का ४ ही लेना समुचित है।—के० भुजबली शास्त्री।

६ सिंघीजैनग्रन्थमाला—विश्वभारती, शान्तिनिकेतन।

आनरिक प्रमाणों द्वारा उनकी तिथि निर्धारित की जा सकती है। इस पुस्तक में सकलित कविताओं में सर्वप्रथम रचित कविता की तिथि "वमत्रगिरिकल्प" के अन्तिम चरण में ही है। इसकी प्रथम पक्ति इस प्रकार है 'वर्षे सिद्धा सरस्वद्रससिखिकुमिते विक्रमे। इसमें हमें वि० स० १३६४ (१३०७ ई०) की तिथि मिलती है। इस कविता का अत इस पक्ति स स्पष्ट है 'नदानेकपशक्तिमीताशुमने श्रीविक्रमोर्वीपते'। इससे हमें वि० स० १३८९ (१३३२) मिलती है। इस रचना के अन्य अशों से आभास मिलता है कि यह वि० स० १३६४ से पूर्व और १३८९ के पश्चात् रचे गए हैं।

इस रचना में हमारे वर्त्तमान विषय से सम्बन्धित श्रीजिनप्रभसूरि के कार्यों का वर्णन है। प्रस्तुत रचना 'कन्यानयनीयमहावीरप्रतिमाकल्प' म श्री महावीर की मूर्त्ति की स्थापना की घटना का वर्णन इस प्रकार है —

वि० स० १२२३ (११७६ ई०) में कौन देश के कन्नाननगर में यह मूर्त्ति विराजमान थी। वि० स० १२४८ (११९१ ई०) में जब चौहान वश का नेता पृथ्वीराज शहाबुद्दीन* द्वारा मारा गया, तब श्रेष्ठी रामदेव ने श्रावकों को एक पत्र लिखा कि तुर्कों का शासन आरम्भ हो गया है। महावीरजी की प्रतिमा को छुपाए रखिए। यह वि० स० १३११ तक रेत में छुपाए रक्खी गई। इस वर्ष एक बड़ा भयानक दुर्भिक्ष फैला। अत एक योजक नाम का सम्ई कन्नाननगर को छोड़कर अधिक उपजाऊ प्रांत की खोज में कयम्बसत्थल (?) में आया। उसे एक स्वप्न म प्रतिमा के सम्बन्ध म चेतावनी मिली। फलत उसने प्रतिमा खोज निकाली और उसे चैत्यालय में स्थापित कराया और पूजन करवाई। तुर्कों द्वारा अनेक उत्पात हुए। एक दिन प्रतिमा ■ प्रक्षाल के समय पसेव निकला और पोंछने पर भी फिर पसेव निकला। यह एक अशुभ चिन्ह था। दूसरे ही दिन जाट राजपूतों का आक्रमण हुआ। वि० स० १३८५ को आसीनगर का सिकन्दर आया और उसने साधुओं व श्रावकों को पकड़वा लिया, श्रीपार्श्वनाथजी की पाषाण मूर्त्ति को तोड़ डाला। परन्तु श्रीमहावीर की प्रतिमा को सुरक्षित और अक्षत अवस्था में ही एक गाड़ी में रखकर दिल्ली पहुचाई और सुल्तान की आज्ञा तक तुगलकाबाद के सुल्तान के कोषागार में रक्खा गए। इसी बीच म श्री महम्मद सुल्तान देवगिरि से जोगनीपुर आगया। एक समय खरतरगच्छ समुदाय के गौरव श्री जिनप्रभसूरि विहार करते हुये देहली आए। ज्योतिषी धाराधर के द्वारा उनके महान पाण्डित्य का हाल सुन कर सुल्तानने उसको श्रीमुनि के निकट भेजा जो मुनि को पौष शुक्ला द्वितीया को बुला लाया। श्रीसूरि महाराजाधिराज स मिले। उन्होंने इन्हें अपने निकट आसन दिया। उनसे कुशलक्षेम पूछा और अर्द्ध

*मुहम्मद गोरी।

वि० सं० १३८५ (१३२८ ई०) में देवगिरि से सुल्तान दिल्ली लौटे। (जो कि समकालीन इतिहास के अनुकूल ही है।) जब कि उनकी माता पीछे ही रह गई। श्रीसूरि की देवगिरि-यात्रा के लिए उनका वहाँ का निवास तथा दिल्ली को वापिसी के लिए समय देने के पश्चात् उनकी माता की वापिसी की घटना सन १३३१ ई० में हुई प्रकट होती है जिसके पश्चात् ही वि० स० १३८९ (१३३२ ई०) में श्रीसूरि ने पोषवशाला में जो उन्हें सुल्तानने अर्पण किया था, पदार्पण किया। जब सुल्तान विद्रोही शाह अफ़गान को वश में करने के लिए जा रहे थे और अभी कुछ दूर ही पहुंचे थे कि उन्हें यह सूचना मिली कि अब उनकी पूज्य माता मखदूम-ए- जहाँ' की दिल्ली में मृत्यु हो गई है। वह एक अत्यन्त चतुर और बुद्धिमती महिला थीं सुल्तान को घोर दुःख हुआ। उन्होंने अपनी माता (जो कि अपनी समस्त आयु राज-माता का सम्मान भोगती रही थीं) के प्रति उचित तथा हार्दिक सम्मान प्रकट किया।

ऐसा कथन है कि सुल्तान पूर्व-विजय को गया। बगावतें उठीं। १३३५ ई० में जब मारवाड़ के जलालुद्दीन आसफ़शाह ने विद्रोह किया सुल्तान स्वयं ही उसको दंड देने गया। १३३७ में बङ्गाल में विद्रोह हुए। सम्भवत इन्हीं में से किसी का उक्त रचनामें उल्लेख है। कुतल खाँ कुतलग खाँ (सुल्तान के शिक्षक कियाम अल्दीन की उपाधि) था। उसे एक अन्य उपाधि 'वकील-ए-दार' भी सुल्तान से मिली थी। वह एक सर्वप्रिय पुरुष था और देवगिरि का शासक नियत था।[१] देवगिरि से उसकी वापिसी पर प्रजा बहुत दुःखित हुई। 'खोजे जहाँ मलिक' 'ख्वाजा जहाँ' का उपनाम है। जो कि अहमद अयाज़ को अफ़ग़ानपुर के प्रसिद्ध मडप के निर्माण के लिए जिसमे गियासुद्दीन तुग़लक की मृत्यु हुई थी, मिला था। वह वजीरुल्मुल्क भी था।[२]

उबैद कवि ने एक असत्य चर्चा फैलाई कि सुल्तान गियासुद्दीन बहुत बीमार है और मलिक तिमर, मलिक तिगिन ··· मलिक काफ़ूर (राजमुद्रा रखने वाला) के निकट गया और अमीरों को बताया कि उलूग खां उन्हे सशंक दृष्टि से देखता है। गियासुद्दीनने सिरि के मैदान मे एक सार्वजनिक राजसभा की और उबैद कवि, काफ़ूर तथा अन्य विद्रोहियां की जीवित ही खाल खिंचवाई। इसलिए यह (मलिक काफ़ूर) वह व्यक्ति नहीं हो सकता जिसके हाथ से मुहम्मद तुग़लक ने श्रीसूरि के पैर पोछने को वस्त्र लिया था।[३]

---

१ Ibid pp. 63, 146, 171, Elliot of cit pp. 251, 253. App 571 Kasaid of Badr Chach

२ Ibid p, 83 वह मालिक जादा अहमद भी था।

३ Elliott op. cit, pp 203, 608 App D from 'Travels of Ibn Batuta, जिसमें कथन है कि शहजादा मुहम्मद तुगलक मुख्य उमराओं के सहित तैलिगाना गया था (तिमर, तिगिन और काफूर राजमुद्रा लगानेवाला मलिक इत्यादि) उसने विद्रोह फैलाने का प्रयत्न किया और उबैद कवि द्वारा गियासुद्दीन तुगलक के बारे में असत्य चर्चा फैलाई जिसने उबैद और काफूर को मृत्यु दंड दिया।

कुतुबुद्दीन के बारे मे इन कविताओ में कोई तिथि नहीं मिलती। हमे जिनप्रबोधसूरि के पट्टधर, जिनचन्द्रसूरि की तिथि ज्ञात है। वह वि० स० १३२४ सन् १२६७ ई० में उत्पन्न हुए और वि० स० १३७६ में उनकी मृत्यु हुई। कुतुबुद्दीन मुबारिक शाह खिल्जी शाँहशाह १३१६ ई० मे सिंहासनारूढ हुआ, १३२० ई० मे मार दिया गया। कविताओ का कुतुबुद्दीन सम्भवत वही है। ऐल्फिन्स्टन का मत है कि मुबारिक शाह के शासन काल मे राजसभा का वातावरण हिन्दुओं के अनुसार था। यह भेंट सम्भवत १३१८ ई० में खुसरो के अपने प्रभाव डालने से पूर्व (जिससे सर्वप्रथम उसकी मानसिक तत्पश्चात् शारीरिक मृत्यु हुई) हुइ होगी।

हमें अन्य साधनों से ज्ञात होता है कि सुल्तान मुबारिक शाहने समरसिंह नामधारी पाटन के एक प्रतिष्ठित जैनी को दिल्ली मे एक महत्त्वपूर्ण पद (व्यवहारी) पर नियत किया था। गियासुद्दीन समर सिंह को पुत्रवत् मानता था और उसे उसने तेलिंगाना भेजा जहाँ उसने अनेक जैन मदिर निर्मापित कराए। मुहम्मद उसे भ्रातृवत् मानता था और उसे तेलिंगाना का शासक नियत किया था। जिनप्रभ सूरि तथा महेन्द्रसूरि सुल्तान के प्रियजन थे।

[1]महेन्द्र सूरि के प्रति नयचन्द्र कहते हैं —

> एक सोऽय महात्मा न पर इति नृपश्रीमहम्मदशाहे।
> स्तोत्र प्रापत् स पाप त्तपयतु भगवान् श्रीमहेन्द्रप्रभुन ॥

अनुवादक श्रीयुत नेमिचन्द्र जैन,

नोट — श्री इत्यादि शब्द अनुवादक ने स्वय नामों के आगे जोड दिए हैं, क्योंकि हिन्दी भाषा मे महापुरुषों के पहिले सम्मान सूचक शब्दों की अनुपस्थिति अशिष्टता सूचक है, यद्यपि अग्रेजी में यह क्षम्य है।

---

[1] Proceedings of the 7th Oriental Conference P 630

पूर्व और पश्चिम में दर्शन की धारणा

[ले० श्रीयुत डा० देवराज एम० ए०, डी० फिल०]

दर्शन की समस्या क्या है ? और उसका प्रयोजन क्या है ? इस सम्बन्ध मे विभिन्न विचारको ने विभिन्न मत स्थिर किये हैं। यह बात किसी एक ही देश के दार्शनिको के ग्रन्थों से दर्शित की जा सकती है। ऐसी परिस्थिति मे विभिन्न देशो, विशेषत पूर्व और पश्चिम के दार्शनिकों मे एतद्विषयक मतभेद होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वस्तुत दर्शन की समस्या और प्रयोजन के बारे मे पूर्वी और पश्चिमी विचारको ने नितान्त भिन्न सम्मतियाँ प्रकट की हैं।

यदि हम योरुप के दार्शनिक इतिहास पर दृष्टिपात करें, तो यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि योरुपीय दर्शन का उद्देश्य, उसकी प्रमुख और एकमात्र समस्या, विश्व की व्याख्या करना है। इस विस्तृत और विभिन्न विश्व को किसी प्रकार बुद्धिगम्य बनाना ही योरुपीय दर्शन का उद्देश्य है। यह बात योरुप की अत्यन्त प्राचीन और अति आधुनिक सब दर्शन-पद्धतियों को लागू होती है। हाँ, इस सामान्य तथ्य का एक महत्त्वपूर्ण अपवाद भी है यह अपवाद योरुप का मध्य-युगीय दर्शन है।

यूनान के प्रारंभिक विचारक, थेलीज़, एनेग्ज़ीमेण्डर, एनेग्जीमिनीज, हेराक्लाइटस आदि की खोज का विषय एक ऐसा मूल तत्त्व था, जिससे दृश्यमान जगत की विभिन्न व्यक्तियों (Entities) का उद्गम संभव हो सके। डिमोक्राइटस के समय तक दार्शनिकों को जीव-जगत और सामाजिक जगत की व्याख्या के महत्त्व का भान नही हुआ था, इसलिये वे उसकी ओर से उदासीन से रहे। किन्तु सोफिस्ट शिक्षकों के घोर संशयवाद ने यह आवश्यक बना दिया कि दर्शनशास्त्र मनुष्य और उसके सामाजिक जीवन की भी व्याख्या करे और मनुष्य के नैतिक विश्वासो का बौद्धिक मण्डन प्रस्तुत करे। इस प्रकार सोफिस्ट सन्देहवाद ने नीतिशास्त्र को जन्म दिया। संशयवाद का उत्तर देने की आवश्यकता ने ही ज्ञान-मीमांसा अथवा सम्वित्-शास्त्र को भी जन्म दिया। इस प्रकार आधुनिक दर्शन-सम्मत प्रमुख शाखाओं की नींव पड़ी। दर्शन की ये विभिन्न शाखाएँ विभिन्न अनुभव-क्षेत्रों को व्याख्या का प्रयत्न करती हैं। जबकि तत्त्व-मीमांसा का क्षेत्र समस्त विश्व है, वहाँ नीति-शास्त्र मुख्यतः मानव जीवन को अपना विषय बनाता है, और ज्ञान मीमांसा ज्ञानमात्र की संभावना पर विचार करती है।

दूसरे की बात यह है कि योरुपीय दर्शन में आत्मा और परमात्मा की जिज्ञासा का कोई महत्त्वपूर्ण स्थान नहीं है। यद्यपि वर्तमान योरुपीय दर्शन के पिता डेकार्ट ने अपने चिन्तन का प्रारंभ आत्मा से किया है—वह आत्मा की स्वयंसिद्धता को लेकर चला है, फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि उसके दर्शन में आत्म जिज्ञासा का कोई विशिष्ट स्थान है। यह बात उसके बाद के दार्शनिक विकास से भी सिद्ध है। वास्तव में डेकार्ट के लिये आत्मा की सिद्धि ईश्वर को सिद्ध करने का द्वार या उपकरणमात्र है। अर्डमान द्वारा उद्धृत डेकार्ट के एक पत्र के अनुसरण में यह बतलाया गया है कि जहाँ वह गणित के अध्ययन में प्रतिदिन कई घंटे व्यय करता था, वहाँ दार्शनिक चिन्तन में केवल कुछ घंटे प्रतिवर्ष लगाता था।* यह इस बात का निदर्शन है कि योरुपीय विचारक बाह्य जगत में काफी दिलचस्पी लेते रहे हैं। इसी प्रकार प्रसिद्ध चैतन्यवादी बर्कले के दर्शन में भी आत्म जिज्ञासा का भाव प्रबल नहीं है। डेकार्ट और बर्कले दोनों आत्मचिन्तन में अभिरुचि जगाने में असमर्थ रहे। यूनानी दार्शनिकों, प्लेटो और अरस्तू, में भी आत्मजिज्ञासा प्रधान नहीं है। इन दार्शनिकों की पद्धतियों में ईश्वर की धारणा का भी गौण स्थान है। प्लेटो अपने जातिप्रत्ययवाद के लिये प्रसिद्ध है और अरस्तू अपने चतुष्कारणवाद तथा विकासवाद के लिये। संशयवादी ह्यूम के बाद काण्ट ने घोषित किया कि आत्मा और ईश्वर दर्शन के विषय ही नहीं हैं। साथ ही काण्ट को इस बात की बड़ी चिन्ता थी कि विज्ञान की सम्भावना और दृश्य जगत की व्याख्येयता का मण्डन किया जाय। हीगल ने तो स्पष्ट ही विश्व के विभिन्न अंशों की व्याख्या करने का भगीरथ प्रयत्न किया है। अध्यात्मवादी होते हुए भी हीगल के दर्शन में उपास्य ईश्वर और आत्मा का गौण स्थान है। वस्तुतः हीगल के अनुसार विश्व-ब्रह्माण्ड की सारभूत अमूर्त धारणा समष्टि (System of Categories) है जो भारतीय आत्मतत्त्व से नितान्त भिन्न है।

अति आधुनिक काल में ब्रेडले आत्म तत्त्व को निरर्थक या अतात्त्विक घोषित करता है। यद्यपि ब्रेडले के अनुसार दर्शन का काम तत्त्व पदार्थ को जानना है, फिर भी वह मानता है कि एक पूर्ण दर्शन समष्टि को विश्व विवर्त्तों का विवरण दे सकना चाहिये। हमारे युग की ओर विकासवादी पद्धतियाँ भी विश्व की व्याख्या का प्रयत्न करती हैं।

दूसरी बात यह है कि योरुप में दार्शनिक चिन्तन, चिन्तन के लिये रहा है, वह स्वयं ही अपना ध्येय माना गया है उसका अपने से बाहर कोई लक्ष्य या उद्देश्य नहीं है।

इसके विपरीत भारतीय दर्शन एक उद्देश्य को लेकर प्रवृत्त हुआ था वह मोक्ष का अन्यतम साधन माना गया। यही नहीं, अनेक दर्शनों के अनुसार दर्शन का प्रधान विषय आत्मा और परमात्मा की जिज्ञासा है। हमारे इस मन्तव्य का स्पष्टीकरण अपेक्षित है।

*—दे० हिस्ट्री आफ फिलॉसफी भाग २, पृ० २४

उपनिषद् मे स्पष्ट कहा गया है कि परा विद्या वह है जिसमे चरमतत्त्व (ब्रह्म या आत्मा) का ज्ञान हो। बाद को मुख्यतः वेदान्त दर्शन ने उपनिषदों के इसी सिद्धान्त को प्रचारित किया। अन्य दर्शनो मे, जिन पर उपनिषदो का प्रभाव कम पड़ा, अवश्य ही विश्व ब्रह्माण्ड की व्याख्या करने का प्रयत्न पाया जाता है। उदाहरण के लिये जैन दर्शन, वैशेषिक दर्शन और साख्य दर्शन मे विश्व के पदार्थों को वर्गीकृत करके उनकी स्वरूप-व्याख्या की कोशिश की गई है। किन्तु दूसरे दर्शनों मे इस प्रकार की व्याख्या महत्त्वपूर्ण नही रह गई है। विशेषतः उत्तरकालीन भक्तिमार्गी दर्शन विश्व को व्याख्या के प्रति नितान्त उदासीन रहे और उनका एकमात्र उद्देश्य आत्मा और परमात्मा के सम्बन्ध को स्पष्ट करके ईश्वर-प्राप्ति के उपाय बतलाना रह गया। ध्यान देने योग्य बात यह है कि न्याय-वैशेषिक आदि दर्शनों में भी आत्मज्ञान को विशेष ऊँचा स्थान दिया गया है। यह बात वात्स्यायनभाष्य के निम्न अवतरण से स्पष्ट समर्थित होती है। वे लिखते हैं—"क्योंकि ज्ञेय वस्तुओं को संख्या अनन्त है, इसलिये उन सबका यथार्थ ज्ञान प्राप्त नही किया जा सकता। अतएव उस पदार्थ का सम्यग्ज्ञान प्राप्त करने की चेष्टा करनी चाहिये जिसका अज्ञान पुनर्जन्म का सक्रिय हेतु बन जाता है।" वात्स्यायन की सम्मति मे सबसे महत्त्वपूर्ण ज्ञान "आत्मा को अमर तथा शरीर, इन्द्रियों आदि नश्वर पदार्थों से भिन्न जानना' है।† शंकराचार्य ने स्पष्ट लिखा है—

न हि सृष्ट्याख्यायिकादिपरिज्ञानात् किंचित्फलमिष्यते। ऐकात्म्यस्वरूपपरिज्ञानात्तु अमृतत्त्वं फलं सर्वोपनिषत्प्रसिद्धम्।* [ऐतरेयभाष्य अध्याय २, उपोद्घात]

उत्तरकालीन भारतीय दर्शन मे विश्व की व्याख्या की उपेक्षा किये जाने का प्रधान कारण अद्वैत वेदान्त के प्रचार और प्रसिद्धि को ही समझना चाहिये। वेदान्त ब्रह्म और आत्मा मे अभेद मानता है, इसलिये उसमे आत्मज्ञान पर बहुत जोर दिया गया। किन्तु भक्तिमार्गी दर्शनों मे ज्ञान का प्रमुख विषय सगुण ईश्वर बन गया। इस प्रकार भारतीय दर्शन धीरे-धीरे विश्व की व्याख्या के प्रति अधिकाधिक उदासीन होता गया। मुक्ति का ध्येय लेकर चलने के कारण भारतीय दर्शन मोक्षधर्म (Religion) के उसी प्रकार समीप रहा, जिस प्रकार कि योरुपीय दर्शन, विशुद्ध ज्ञान या बौद्धिक तृप्ति को ध्येय बनाने के कारण, विज्ञान के।

---

†—दे० न्याय भाष्य (गंगानाथ झा कृत अंग्रेजी अनुवाद), पृ० ४६७—६८

*अर्थात् सृष्टि का क्रम आदि जानने से कोई लाभ नहीं है, ब्रह्मात्मैक्य का ज्ञान ही वास्तविक और उपयोगी ज्ञान है।

जैनियों की दृष्टि में विक्रमादित्य

[ले० श्रीयुत प० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण; प्रोफेसर श्रीयुत दवसहाय त्रिवेद एम ए]

कालकाचार्य कौन था ?

जैनियों की दृष्टि में विक्रम सवत् प्रवर्तक शकारि विक्रमादित्य का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। कालकाचार्य कथानक[1] इस विषय पर पूर्ण प्रकाश डालता है। इस कथानक का रचनाकाल निर्विवाद स्थिर नहीं किया जा सकता। यह कथानक प्रायेण भद्रबाहु रचित कल्पसूत्र के परिशिष्ट म पाया जाता है। यद्यपि विक्रम सवत् ५१० के पूर्व केवल यति ही इसे पढ़ते थ, किन्तु उसके बाद यति और गृहस्थ दोनों सामान्यरूप से पढते हैं। कालकाचार्य सूरि के ही समय पर्युषण का समय भाद्र कृष्ण पचमी के बदले में भाद्र कृष्ण चतुर्थी स्थिर किया गया। हेमचद्राचार्य ने (११४६-१२२९ वि० स०) अपने योगशास्त्रवृत्ति म, जिसे उन्होने अपने आश्रयदाता कुमारपाल (११९९ १२२९ वि० स०) के समय में बनाया था, कालक का उल्लेख किया है। इसलिये सभव है कि कालकसबधी[2] विभिन्न कथानकों को मालवा में धारा नगरी के राजा भोज (१०७५ ११७७ वि० स०) के समय में विशद साहित्यिक रूप दिया गया हो।

खरतरगच्छ की पट्टावली (वीर सवत ९८०) से तीन कालकाचार्य के अस्तित्व और उनके काल का पता चलता है। कालक प्रथम की मृत्यु वीर सवत ३७६ या ९४ वर्ष विक्रमपूर्व, ९१ वर्ष की अवस्था में हुई। सर्व सम्मति स कालक द्वितीय का काल ४५३ वीर सवत् या १७ वर्ष वि० पू० धर्मप्रभसूरि के हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर है। इसी समय सरस्वती का पुन सघ में लेना माना जाता है। तृतीय कालकाचार्य ने पर्युषणकाल पञ्चमी से चतुर्थी में परिवर्तन वीर सवत् ९९३ या ५२३ वि० सवत में किया। कालक प्रथम प्रज्ञापनासूत्र का रचयिता माना जाता है।

गर्दभिल्ल कौन था ?

अभिधान राजेंद्र (भाग ५ पृ० १२८९) के अनुसार राजा गर्दभिल्ल का समय वीर स० ४५३—४६६ (वि० पू० १७ से वि० पू० ४) तक माना जाता है, यद्यपि जिनसेन[3]

---

१ कालकाचार्य कथानक, विलियम नार्मन ब्राउन सपादित, वाशिंगटन, १९३३ खृष्टाब्द।

२ इस महासूरि के विषय में विशेष प्रकाश के लिये कृपया द्विवेदी अभिनदन ग्रथ, काशी नागरी प्रचारिणी-सभा द्वारा प्रकाशित, श्री मुनि कल्याणविजयजी का लेख अभिधालवा पृ० १४ १२० देखें।

३ बिहार उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी जर्नल, भाग १६, पृ० २३४।

गर्दभिल्ल राजाओ ने ७२ वर्ष राज्य किया, उसके बाद शको का राज्य हुआ। वास्तव मे इस गर्दभिल्लवंशी राजा का नाम दरपण (दर्पण) था। जैन परपरा के अनुसार इस दर्पण राजा का समय ४५३-४६६ वीर संवत् है और कालक द्वितीय का समय वीर संवत् ४५३ है। अत. दोनों का काल ठीक बैठता है।

शकों का पूर्वस्थान

प्रोफेसर, डाक्टर स्टेनकोनो ने अपने ग्रंथ[1] मे इस विषय पर पूर्ण प्रकाश डाला है। उनके अनुसार शकों का प्राचीन स्थान पामीर देश मे हिंदुकुश से उत्तर, बलख और सागडियाना से पूर्व, कास्पियन सागर तक फैला हुआ था तथा बाद मे वे सिस्तान (शकस्थान) मे भी पाये गये हैं। पारसी ग्रंथो से भी इसकी पुष्टि होती हैं तथा चीनी आधार भी हमें इसी निर्णय पर पहुँचाते हैं। ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी मे वे सिध देश मे बस गये। ई० पू० ८८ मे मिथ्रडेट्स द्वितीय की मृत्यु के बाद सिस्तान के शक पार्थिया से स्वतंत्र हो गये और अपने विजय-मार्ग पर सिध पहुँचे। टालेमी (१६० ई० सन्) भी काठियावार मे शक राज्य का उल्लेख करता हैं। ई० पू० ६० मे शको का राज्य हिंदुकदेश में सिध, काठियावार और मालवा तक फैल गया।

विक्रमादित्य—

कुछ समय के बाद विक्रमादित्य नामक वीर पैदा हुआ। यह गंधर्वसेन का पुत्र था, जो शाप के कारण गदहे का स्वरूप बनाता था। गुजरात के राजा ताम्रलिप्तर्षि की कन्या मदनरेखा से इसका विवाह हुआ। मदनरेखा की मा ने गर्दभावरण को जला दिया, जिससे गंधर्वसेन की मृत्यु हो गयी। गर्भिणी मदनरेखा ने विक्रम को पैदा किया तथा एक दासी से भर्तृहरि पैदा हुए। सभवत. इस गर्दभिल्लवश का राजचिह्न गदहा था, इसी कारण इस वश के राजाओ का गदहे से संबंध जोड़ा जाता है। अन्य स्थान पर विक्रम को गर्दभिल्ल का ही पुत्र बतलाया गया है। कुछ काल के बाद उस प्रसिद्ध वीर ने सारे शकवंश[2] का नाश किया और सारे मालवा पर अपना अधिकार कर लिया। इसने बहुतो को युद्ध मे हराया और अपने सुकार्य से अक्षय पुण्य प्राप्त किया। राज्य मे धन के प्राचुर्य से इसने प्रजा को ऋणमुक्त कर दिया और अपने नाम का संवत्[3] भी चलाया। भविष्यपुराण के अनुसार भी इस महान् वीर विक्रम ने अपने नाम का सवत् चलाया।

---

१ कारपस इंसक्रिप्सनं इनडिकेरम्, खरोष्ट्री लेख, भाग २, १९२९, आक्सफोर्ड प्रेस।

२ कालांतरेण केण्वाइ उप्पादिट्ठा सगाण तं वंसम्।
जावो मालवराया नामेणं विक्कमाइच्चो ॥६९॥ पृष्ठ ४३।

३ नियवो संवच्छरो जेण (६८)। पृष्ठ ४३।

उपर्युक्त विचार से प्रकट होता है कि गर्दभिल्ल (दर्पण) की मृत्यु के बाद ही विक्रम का जन्म हुआ। अतः, हम इस तथ्य पर पहुँचते हैं कि ई० पू० ५७ में विक्रम का जन्म शकराज्य स्थापित होने के ३ या ४ वर्ष बाद हुआ। छोटी उम्र में इसे देश से शत्रुओं के निकालने का भार उठाना पड़ा। १८ वर्ष की अवस्था (ई० पू० ३९) में इसने शकों को मार भगाया और गद्दी पर बैठा जैसा कि काश्मीर की संशोधित राजतरंगिणी[1] से प्रकट होता है। अतः, यह मानना पड़ेगा कि यह विक्रम संवत् विक्रमादित्य के राज्याभिषेक काल से नहीं, बल्कि उसके जन्मकाल से है। काश्मीर में हिरण्य के अपुत्र स्वर्गासीन होने पर बड़ी अशान्ति फैल गयी। विक्रमादित्य ने वहां शान्ति स्थापित किया और वहां का भी राजा बन बैठा। इसने पुनः कालिदास (मातृगुप्त) को वहां का राजा बनाकर भेजा। किन्तु ४ वर्ष ९ मास ही राज्य करने के बाद अपने संरक्षक की मृत्यु का समाचार सुनकर मातृगुप्त ने शोक में सन्यास धारण कर लिया। इसकी मृत्यु १११ वर्ष की अवस्था में ९३ वर्ष राज्य करने के बाद ५४ ई० सन् में शकों के षड्यन्त्र से पैठनक के समुद्रपाल योगी के हाथ से हुई। बाद में यह समुद्रपाल योगी शालिवाहन का दरबारी हुआ। उसकी मृत्यु से प्रजा बहुत दुःखी हुई।[2]

संवत् किसने चलाया?

श्री राखालदास बनर्जी के अनुसार इस संवत का प्रवर्तक नहपान तथा फ्लीट के अनुसार इसका श्रेय कनिष्क को है। सर जान मार्शल और रैप्सन के अनुसार[3] विक्रम संवत् का प्रवर्तक अजेस (Azes) है। किन्तु, स्टेनकोनो के विचार में इसका श्रेय उज्जयिनी के विक्रमादित्य को और हरितकृष्ण देव तथा काशीप्रसाद जायसवाल[4] के मत में गौतमीपुत्र शातकर्णि को है।[5]

शकारि—

संभवतः विक्रमादित्य उसका नाम था तथा शकारि उसकी उपाधि थी। शकारि शब्द की व्युत्पत्ति दो प्रकार से की जा सकती है। शकानाम् अरि और शकाः अरयो यस्य। इसके

---

१ (क) विज्ञान, प्रयाग १९४४ अप्रैल।

(ख) The Revised Chronology of Kashmir Kings Journal of Indian History Vol XVIII P 58

२ स्वर्गे गते विक्रमार्के भद्रबाहौ च योगिनि।
प्रजाः स्वच्छन्दचारिण्यो बभूवुः पापमोहिताः ॥३॥
श्री भट्टारक इन्द्रनन्दि [लगभग ११ वी शताब्दी] प्रणीत 'नीतिसार'।

३ जर्नल रायल एशियाटिक सोसाइटी १९१४, पृ० ४०३।

४ जर्नल बिहार उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी, भाग १६, पृ० ६१।

५ इस सम्बन्ध में विशेष प्रकाश के लिए 'किशोर' विक्रमांक, भाग ९ किरण १ देखें।

संबंध मे दोनो व्युत्पत्ति ठीक जॅचती है: क्योंकि इसने शकों का सत्यानाश किया तथा उन्हें मार भगाया और अन्त मे शको के साथ लड़ते-लड़ते उन्ही के षड्यंत्र से वीरगति को प्राप्त हुआ। अतः, लोगों ने उसके प्रति अपना आदर भाव दिखाने के लिये उसके नाम का संवत् चलाया जिसे पहले लोग कृत संवत्, बाद मे मालवगणना तथा कालांतर मे विक्रम संवत् कहने लगे।[1] इस प्रकार हम देखते हैं कि जैन साहित्य मे विक्रमादित्य का एक ठोस स्थान है और इस साहित्य के आधार पर हमे विक्रमादित्य को ई० पूर्व प्रथम शताब्दी मे रखने मे विशेष सहायता मिलती है।

---

१ यातेषु चतुर्षु कृतेषु सौम्येष्वसितचोत्तरपदेषु इह वत्सरेषु
=३४३ खृष्टाब्द [गुप्तशिलालेख पृ० ७५]
कृतेषु चतुर्षु वर्षशतेषु अष्टाविंशेषु।=३७१ खृष्टाब्द [वही २५३]
श्रीमालवगणाम्नाते प्रशस्ते कृतसञ्ज्ञिते।
एकषष्ठ्यधिके प्राप्ते समाशतचतुष्ठये॥=४०४ खृष्टाब्द [वही ८७, १५८]
मालवानां गणस्थित्या याते शतचतुष्टये।
त्रिनवत्यधिकेऽब्दानां ऋतौ सेव्यघनस्वने॥=४३६ खृष्टाब्द [वही ६५-६६]
विक्रमाख्यकाल धौलपुर के एक शिलालेख मे संवत् ८९८=८४१ खृ० सन् [इण्डियन ऐंटिक्वेअरी भाग २० पृ० ४०६]
तथा श्रीएकलिंगजी के शिलालेख में श्रीविक्रमनृप काल १०२८ का उल्लेख है।=९७१ खृ० सन्
(जर्नल बाम्बे रायल एशियाटिक सोसाइटी, भाग २२, पृ० १६६)

समीक्षा

भारतीय दर्शन—लेखक प्रो० बलदेव उपाध्याय, एम० ए०, साहित्याचार्य, प्रकाशक बाबू कृष्णदास गुप्त, ठठेरी बाजार, काशी, पृष्ठ संख्या ६०३, मूल्य ३॥) ।

जैसा कि श्री प० गोपीनाथ कविराज ने प्राक्कथन में लिखा है, इस ग्रन्थ में लेखक ने 'भारतीय तत्त्व ज्ञान का एक साङ्गोपाङ्ग विवरण प्रस्तुत किया है।' प्रारम्भ में लगभग पचास पृष्ठ का एक उपोद्घात है जिसमें 'दर्शन' तथा 'भारतीय दर्शन' पर कुछ विचार हैं। यही पुस्तक का पहला परिच्छेद है। इसके बाद तेरह परिच्छेदों में श्रौत-दर्शन, गीता दर्शन, चार्वाक-दर्शन आदि से लेकर अद्वैत-वेदान्त, वैष्णव तन्त्र, रामानुज, मध्व, निम्बार्क, वल्लभ आदि के मतों का विवरण है। पन्द्रहवाँ परिच्छेद शैव शाक्त तन्त्र का प्रतिपादन करता है। अन्तिम परिच्छेद में भारतीय दर्शन का उपसंहार है जिसमें दर्शनों के समन्वय तथा भारतीय दर्शन के भविष्य पर विचार व्यक्त किए गए हैं।

प्रत्येक दार्शनिक सम्प्रदाय का विवरण तीन शीर्षकों के अन्तर्गत दिया गया है, अर्थात् साहित्य, सिद्धान्त और समीक्षा। साहित्य के अन्तर्गत लेखक ने विभिन्न आचार्यों के जीवन पर सरस टिप्पणियाँ दी हैं। इनसे पुस्तक की रोचकता अवश्य बढ़ जाती है, पर अनावश्यक विस्तार भी हो जाता है। विशेषत हिन्दू दार्शनिकों के सम्बन्ध में लेखक ने प्रशंसात्मक वाक्यों का स्वच्छन्द प्रयोग किया है जैसे 'सुबन्धु ने अपनी वासवदत्ता में 'न्यायस्थितिमिव उद्योतकरस्वरूपाम्' लिखकर न्याय जगत में उद्योतकर की विमलकीर्ति की सूचना दी है, तथा दिङ्नागीय आक्रमणों से क्षीणप्रभ न्याय विद्या की (क ?) विमल प्रकाश को सर्वत्र विस्तार कर उद्योतकर ने अपना नाम सार्थक कर दिखाया' पृ० (२३८—३९)। न्याय-दर्शन के प्रसिद्ध आचार्यों का वर्णन लगभग ८ पृष्ठ में है, इसी प्रकार अद्वैत वेदान्त के आचार्यों पर सात पृष्ठ लिखे गये हैं। यदि इन वर्णनों के बदले विभिन्न आचार्यों के मौलिक मन्तव्यों एवं पारस्परिक मतभेदों का उल्लेख रहता, तो पाठकों का अधिक लाभ होता।

सिद्धान्तों का निरूपण प्राय मूल ग्रन्थों के आधार पर किया गया है। लेखक का मूल संस्कृत-साहित्य से अच्छा परिचय मालूम पड़ता है। उपनिषदों की अपेक्षा वेदों का और बौद्ध-दर्शन की अपेक्षा जैन-दर्शन का विवरण अधिक विस्तृत और सुन्दर है। विशेषत बौद्ध दार्शनिक सम्प्रदायों के साथ लेखक ने न्याय नहीं किया है। भारतीय दार्शनिकों में नागार्जुन का स्थान बहुत ऊँचा है किन्तु प्रस्तुत ग्रन्थ में उनकी तर्क पद्धति का परिचय कराने का बहुत ही अपर्याप्त प्रयत्न किया गया है। लेखक ने न्याय, वैशेषिक आदि हिन्दू दर्शनों पर अलग अध्याय दिये हैं जिनसे उन दर्शनों की बहुतसी विशेषताओं का समावेश हो गया

है। अद्वैत-वेदान्त के अध्याय में गौडपाद कारिका का परिचय कुछ अधिक संक्षिप्त है। लेखक ने अद्वैत-वेदान्त का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया है, किन्तु यदि शंकर-परवर्त्ती-आचार्यों के मत पर कुछ अधिक लिखा जाता, तो अच्छा होता। लेखक महोदय रामानुज-दर्शन के महत्त्व को हृदयंगम करने में नितान्त असफल हुये हैं और उसके यौक्तिक आधार को स्पष्ट नहीं कर सके हैं। निम्बार्क, मध्व, वल्लभ आदि का दर्शन भी बहुत संक्षेप में दिया गया है। विशेषतः मध्व और उनके अनुयायियों द्वारा की गई अद्वैत की समालोचना को अधिक स्थान दिया जा सकता था। पंचरात्र, शैव, शाक्त आदि मतों के साधनात्मक पहलू को विस्तार से दिखाया गया है, किन्तु उनका दार्शनिक विवरण पर्याप्त नहीं है।

पुस्तक का सब से कमजोर हिस्सा उसका समीक्षात्मक अंश है। लेखक ने तर्क-पूर्ण आलोचना के बदले प्रशंसात्मक या विपरीत वाक्य ही अधिक दिये हैं। उदाहरण के लिये न्याय की आलोचना करते हुए लेखक का कथन है कि 'सच्चा दर्शन वही हो सकता है जिसमें एक नित्य पदार्थ की सत्ता मानकर समस्त पदार्थों का सम्बन्ध उसी से प्रदर्शित किया जाय तथा सद्वस्तु के एकत्व पर जोर दिया जाय' (पृ० २७४)। ऐसी आलोचना की उपयोगिता संदिग्ध है। इसी प्रकार अद्वैत-वेदान्त की समीक्षा में कहा गया है कि 'इसके अनुशीलन से आचार्य शंकर की अध्यात्म-विषयक अलौकिक विद्वत्ता तथा तर्क-विषयक असाधारण निपुणता का पर्याप्त परिचय मिलता है।' तथापि हमें यह कह देना चाहिये कि कुल मिलाकर लेखक विभिन्न दर्शनों के प्रति सहानुभूति रख सका है।

हिन्दी में दर्शन-ग्रन्थों की बड़ी कमी है। अभी तक विभिन्न भारतीय दर्शनों के प्रामाणिक और विस्तृत विवरण हिन्दी में उपलब्ध नहीं हैं। हमारे आलोच्य ग्रन्थ का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। अतएव कतिपय कमियों के रहते हुए भी वह हिन्दी-प्रेमियों द्वारा संग्रहणीय है।

—देवराज, [एम० ए०, डी० फिल०]

अर्द्धकथा—लेखकः पण्डित बनारसीदास जैन, सम्पादक डाक्टर माताप्रसाद गुप्त, प्रयाग विश्वविद्यालय, १९४३, पृ० १५+५०+६=७१, मूल्य : १)।

यह अर्द्धकथा हिन्दी साहित्य की सर्व प्रथम आत्मकथा है जो संवत् १६९८ अगहन मास शुक्ल ५ सोमवार को पण्डित बनारसीदास काशीवासी द्वारा लिखी गयी थी। इसमें उल्लिखित घटना-तिथियाँ गणना से ठीक बैठती हैं जैसा कि परिशिष्ट में दिखाया गया है। यह पुस्तक मध्यकालीन उत्तर भारत की सामाजिक अवस्था तथा धनी और निर्धन प्रजा के सुख-दुःख का परिचय दिलाती है। विशेषकर हमें हिन्दू प्रजा की सच्ची दशा जानने के लिए ऐसी ही पुस्तकों का आश्रय लेना पड़ेगा तथा संभव है कि हमें मुगलकालीन भारतीय

इतिहास म अनेक सशोधन भी करना पड़े। इनमें आँखों देखी बातों का उल्लेख है। इससे इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है।

कविता की दृष्टि से भी इसका स्थान बहुत उच्च है। इसमें साहित्यिक परम्परा स मुक्त, प्रयास रहित घटनाओं का सजीव वर्णन मनोहर है। इसकी भाषा चलती फिरती है। आशा है, इतिहास प्रेमी विद्वान् तथा हिन्दी के साहित्य धुरन्धर इसे अपनावेंगे। हम सम्पादक महोदय का इस दुर्लभ महान् ग्रन्थ को जनता की दृष्टि में लाने का कष्ट स्वीकार करने के लिये धन्यवाद द्वारा अभिनन्दन करते हैं। आशा है आप अन्य भी अर्द्धकथाओं की खोज जारी रखेंगे। —न्वसहाय त्रिवेदी [एम० ए०]

धर्म का आदि प्रवर्तक (इतिहास की एक नवीन खोज)—लेखक स्वामी कर्मानन्द, प्रकाशक मन्त्री, श्री चम्पावती जैन पुस्तकमाला, अम्बाला छावनी, जनवरी १९४० म प्रकाशित, मूल्य आठ आने, छपाई सफाई साधारण पृष्ठ सख्या २०२।

यह धार्मिक अनुसंधान की नवीन पुस्तक है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि स्वामीजी ने अनेक प्राचीन ग्रन्थों का अवलोकन किया है। भगवान् ऋषभदेव की चर्चा प्राय आप सभी वेदों म पाते हैं। इस सिद्ध करने के लिये आपने स्वतन्त्र प्रतिभा से काम लिया है। शिव अग्नि, ब्रह्मा, यम, ऋषभ आदि सभी शब्द आपके सिद्धान्त मे पर्यायवाची हैं (पृष्ठ ४२ ४४ ४७)। वेदों म सर्वत्र इनकी स्तुतिया हैं, आपके विचार से वे सब ऋषभदेवजी की स्तुतिया हुइ। तात्पर्य यह कि अनेक खींचातानी की सृष्टि करके आपने आरम्भ के दो तीन प्रकरण लिखे हैं। लेख परम्परा में विषय प्रतिपादन का प्रवाह नहीं है बीच बीच में 'धर्माधर्म' को फटकार बताने के लिये भी कुछ पक्तियाँ आ गई हैं। 'यमयमी सूक्त' द्वारा लेखक को यही सिद्ध करना था कि यम और भी ऋषभदेवजी अभिन्न व्यक्ति थे। जैन मान्यता के अनुसार प्राचीन काल में मनुष्य यमज ही उत्पन्न होते थे और वे स्वभावत पतिपत्नी होते थे। विवाह-व्यवस्था पहले-पहल ऋषभदेवजी ने ही चलाई। साम्य इस प्रकार दिखलाया गया है कि यमयमी भी भाइ बहन थे, फिर पति पत्नी हुए इत्यादि। इसी साम्य पर यम और ऋषभदेव अभिन्न बताये गये और इसीलिये यम के सभी पर्यायवाची शब्द ऋषभ के पर्यायवाची हो गये। हा, तो इसी बात को सिद्ध करने के लिये 'यमयमी सूक्त' की कथा मात्र न देकर प० चमूपति के यमयमी सूक्त सम्बन्धी लेख की बेतरह धज्जी उडायी गइ है जो प्रकृत म अनुपयुक्त है। हाँ, इस प्रकरण का शीर्षक 'यमयमी सूक्त सम्बन्धी मेरी जानकारी' कर सकना था।

५३ पृष्ठ से आगे अनेक जैनेतर पुराणों के उद्धरण देकर ऋषभदेवजी को अत्यन्त प्राचीन सिद्ध किया गया है। ऋषभदेवजी अत्यन्त प्राचीन से भी प्राचीन हों, इससे हमारा (भारतीय आर्यों का) गौरव है। किन्तु स्वामीजी का एक आलोचक की तरह पुराणों के निर्माणकाल

पर भी ध्यान जाना चाहिये था। ५६ पृष्ठ के बाद ऋषभदेवजी की प्राचीनता सिद्ध करने के लिये शिलालेख आदि प्रमाण एकत्र किये गये हैं। उनका संकलन सुन्दरता से हुआ है। ८९ पृष्ठ से १०७ पृष्ठ तक योग की प्राचीनता, योग के तत्त्व और योग का आचार धर्म आदि बड़े सुन्दर ढंग से लिखे हैं।

१०९ पृष्ठ से १३४ तक एक कहानीकार की तरह ऋषभदेवजी का आकर्षक जीवन चरित्र स्वामीजी ने अच्छा लिखा है। इसके बाद कई पृष्ठों में वेदान्त और सांख्य का मत-प्रतिपादन करके जैन-सिद्धान्तों को स्पष्ट किया है। इसके बाद भी अनेक गम्भीर विषयों पर आपने विचार किया है। लेख से आपकी बहुज्ञता सिद्ध होती है पर जैन-जनता को प्रसन्न करने का उत्कट भाव छिपा नहीं रह पाता।

ग्रन्थ बुरा नहीं है, बड़े परिश्रम से लिखा गया है। अस्तु, दूसरे ढंग से भी वैदिक या जैन-धर्म का समन्वय स्थापित किया जाता तो अच्छा होता। इत्यलम्।

पावन-प्रवाह—लेखक: श्री० पं० चैनसुखदासजी, न्यायतीर्थ; अनुवादक : श्री० पं० मिलापचन्द जी, न्यायतीर्थ; प्रकाशक : श्रीप्रकाश शास्त्री, मन्त्री—सद्बोध ग्रन्थमाला, जयपुर; छपाई-सफाई सुन्दर, मूल्य ।≈)।

यह संस्कृत-पद्यमय आध्यात्मिक ग्रन्थ है। साथ ही हिन्दी अनुवाद भी है। इसमें निम्न-लिखित चौदह प्रकरण हैं—अनासक्ति, विवेकज्योतिः, उपासनातत्त्वम्, स्वानुभव, दोषान्वेषणम्, लोकैषणा, मृत्युचिन्ता, कर्मविवेकः, ज्ञानलिप्सा, निन्दा-प्रशंसा, भिक्षा, स्वदेवता, कर्त्तव्येक्षणम् और आलस्यशत्रु। सम्पूर्ण ग्रन्थ में २४० श्लोक अधिकतर अनुष्टुप और उपजाति छन्दों में लिखे गये हैं। शान्तरस के उपयुक्त ही प्रसाद गुण का गुम्फन है। उपर्युक्त शीर्षकों से ही ग्रन्थ के विषय अवगत हो जाते हैं। ग्रन्थ देखने से ग्रन्थकार की प्रतिभा और अध्यात्मतत्त्वज्ञता का परिचय मिलता है। यों तो शास्त्रों में प्रतिपादित विषयों का ही संकलन पण्डितजी ने किया है, पर 'स्वानुभवः' प्रकरण में तथा और एकआध स्थलों में नवीन विषय भी लिखे हैं। हाँ, 'गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः' इस न्याय के अनुसार प्रूफ आदि की कुछ अशुद्धियाँ रह गयी हैं। 'तत्त्व' और 'महत्त्व' शब्दों में सर्वत्र एक ही 'तकार' मुझे मिला। तत् और महत् शब्दों से 'त्व' प्रत्यय जोड़कर दोनों शब्द बनते हैं। उपासनातत्त्व के दूसरे श्लोक के द्वितीय चरण में छन्दोभङ्ग दोष है, और भी कई स्थलों में अनुस्वार तथा विसर्ग छूट गये हैं, एवं कई व्यर्थ भी दिये गये हैं। तथापि ग्रन्थ बढ़िया और संग्रहणीय है। पूजा-काल में अथवा एकान्त में मनन करने से आत्मोन्नति में यह अवश्य ही सहायक हो सकता है। हिन्दी अनुवाद की भी भाषा सुन्दर और आशुगम्य है। संस्कृत न जानने वाले भी इससे पूरा लाभ उठा सकते हैं। हाँ दुनिया, मुह, महत्ता आदि के स्थान पर दुनियां, मुंह, महानता आदि व्याकरण-विरुद्ध शब्द भी व्यवहृत हुए हैं।

शान्तश्रृंगारविलास।—प्रणेता प० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण, प्रकाशक श्री निर्मलकुमार जैन, आरा; मूल्य सदुपयोग।

शास्त्रीजी की यह सुन्दर कृति पठनीय है। सच पूछिये तो इन २५ श्लोकों को यह मुक्ता हार है। किसी भी कान्तानुरक्त पुरुष को श्रीजिनेन्द्र के चरणों में ये कविताएँ बरबस पहुंचाने की क्षमता रखती हैं। इसी उद्देश्य से कवि ने रम्भाशुक सम्वाद आदि के अनुकरण पर एक श्रृंगारी दूसरे शान्तपुरुष के परस्पर सवाद के रूप में इस ग्रन्थरत्न का प्रणयन किया है। अन्त में श्रृंगारी पराजित होकर शान्त के मत का समर्थन करता है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि छपाई, सफाई, विषय, आकार आदि सभी प्रकार से पुस्तक उपादेय है। हाँ, चतुर्थ श्लोक के तृतीय चरण में एक अशुद्धि रह गयी है।

—कमलाकान्त उपाध्याय [व्याकरण साहित्य वेदान्ताचार्य, काव्यतीर्थ]

श्रीवर्द्धमानपुराण।—रचयिता कविरत्न श्री नवलशाह, संशोधक और सम्पादक प० पन्नालाल जैन, 'वसंत' साहित्याचार्य, पृष्ठ संख्या ४२६, साइज डबल क्राउन १६, छपाई और सफाई सुन्दर, प्रकाशक मूलचन्द किसनदास कापड़िया, मालिक दिगंबर जैन पुस्तकालय सूरत, वीर सं० २४६८, मूल्य ३), पक्की जिल्द ३॥) ।

उपर्युक्त पुस्तक श्रीनवलशाहजी की पद्यात्मक रचना है। रचना विभिन्न छन्दों में की गयी है। इनमें गाथा और शार्दूलविक्रीडित छन्द कदाचित् रचयिता की निज की रचनाएँ नहीं हैं। इस पुस्तक को एक धार्मिक पुराण कहना उपयुक्त होगा। इसमें जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान वर्धमान (महावीर) का संक्षिप्त जीवन परिचय तो है ही, साथ ही प्राचीन जैन गाथाओं तथा शास्त्रीय बातों का पूर्ण उल्लेख है। इस काव्य के साथ धर्मशास्त्र भी कहना अनुचित न होगा। कवि ने 'भगवान का जन्माभिषेक' तथा वैराग्य वर्णन में अपने काव्य कौशल का अच्छा परिचय दिया है। हाँ, कहीं कहीं भाषा में उलझन और शिथिलता भी आ गयी है, इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। पद्यों में मात्रा की गड़बड़ी बेहद खटकती है। संशोधक महोदय को या तो पुस्तक का समुचित संशोधन करना चाहता था, या मूल रूप में ही रखना चाहता था। पता नहीं चलता कि कौन-सा रूप संशोधित है और कौन-सा रूप असली है। संशोधक को इसके लिए कोई सांकेतिक चिन्ह देना चाहता था। ऐसा न होने से पाठकों के सम्मुख एक बड़ी उलझन उपस्थित हो गयी है। आशा है, दूसरे संस्करण में संशोधक महोदय इस ओर अवश्य ध्यान देंगे। फिर भी पुस्तक बहुत ही उपयोगी है। पाठकों को इसे अवश्य पढ़ना चाहिए।

—बनारसी प्रसाद भोजपुरी, [साहित्यरत्न]

जैन-सिद्धान्त-भवन का वार्षिक विवरण

[१९-६-४२—७-६-४३]

वीर संवत् २४६८ ज्येष्ठ शुक्ल पञ्चमी से वीर संवत् २४६९ ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी तक भवन के सामान्य दर्शक-रजिस्टर में ६००० व्यक्तियों ने हस्ताक्षर किये हैं। परन्तु हस्ताक्षर करने की कृपा न करने वाले व्यक्तियों की संख्या भी इससे कम नहीं होगी।

विशिष्ट दर्शकों में से निम्नलिखित महानुभावों के शुभ नाम विशेष उल्लेखनीय हैं: श्रीमान् पं० महेन्द्रकुमार जैन, शास्त्री, न्यायाचार्य, काशी, श्रीमान् सी० एम० मल्लिनाथ, भूतपूर्व सम्पादक 'जैन-गजट', मद्रास, सर मिर्जा एम० इस्माइल, वर्तमान दीवान जयपुर, श्रीमान् पं० परमानन्द जैन, शास्त्री, सरसावा; श्रीमान् पं० बलदेव उपाध्याय, एम. ए., साहित्याचार्य, प्रो० हिन्दू विश्व-विद्यालय काशी; श्रीमान् एस. पी. प्रसाद, प्रो० साइन्स कॉलेज, पटना, श्रीमान् के. पी. सिनहा, प्रो० जी. बी. बी. कालेज, मुजफ्फरपुर। इन विद्वानों ने अपनी बहुमूल्य शुभ-सम्मतियों के द्वारा पूर्ववत् भवन की सुव्यवस्था एवं संग्रह आदि की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है।

पाठक : भवन के सामान्य पाठक वे है, जो भवन में ही बैठकर अभीष्ट ग्रन्थों का अवलोकन करते हैं। क्योंकि सर्वसाधारण जनता को ग्रन्थ घर ले जाने के लिये नहीं मिलते। इसलिये प्रायः स्थानीय पाठकों को नियमानुसार भवन में ही आकर अध्ययन करना पड़ता है। इनके लिये हर प्रकार की सुविधाएँ भी दी जाती हैं। इनके अतिरिक्त अपवादरूप में विशेष नियम से जिन-जिन खास-खास व्यक्तियों को घर ले जाने के लिये ग्रन्थ दिये गये हैं उन ग्रन्थों की संख्या ३२६ है। इन ग्रन्थों से स्थानीय पाठकों के अतिरिक्त श्रीमान् प० महेन्द्रकुमार जैन, शास्त्री, न्यायाचार्य, स्याद्वाद महाविद्यालय, काशी; श्रीमान् उमाकान्त प्रेमचन्द शाह, बड़ोदा; श्रीमान् प्रो० ए. आर. कृष्णा शास्त्री, महाराज कॉलेज, मैसूरु; श्रीमान् प० परमानन्द जैन, शास्त्री, वीर-सेवा-मन्दिर, सरसावा; श्रीमान् प० कैलाशचन्द्र जैन, शास्त्री, स्याद्वाद महाविद्यालय, काशी, श्रीमान् गोविन्द पै, मंजेश्वर आदि बाहर के विद्वानों ने भी लाभ उठाया है। हां, स्थानीय जैन कॉलेज ने तो भवन के संग्रह से सबसे अधिक लाभ उठाया है।

संग्रह: पूर्ववत् इस वर्ष भी मुद्रित प्राकृत, संस्कृत, हिन्दी, मराठी, गुजराती, कन्नड एवं तमिल आदि भारतीय अन्यान्य भाषाओं के चुने हुये ६० और अंग्रेजी के १० कुल ७० ग्रन्थ भवन में संग्रहीत हुये हैं। अन्यान्य भाषाओं की पत्र-पत्रिकाओं की फाईलों की संख्या भी लगभग इतनी ही है।

भवन को इस वर्ष ग्रन्थ प्रदान करने वालों में स्त्रीसमाज, आरा, आर्किओलाजिकल

मैसूर, श्रीमान् प्रो० हीरालाल जैन, अमरावती, श्रीमान् प० के० भुजबली शास्त्री, आरा, श्रीमान् बा० नानकचन्द जैन, रोहतक, श्रीमान् बा० नेमिचन्द महावीर प्रसाद जैन, पाण्ड्या, कलकत्ता, श्रीमान् बा० केशर प्रसाद जैन, आरा, श्रीमान् प० शिवमूर्ति शास्त्री बेंगलूरु, श्रीमान् ताराचन्द कोदरजी गाधी, फल्टन, आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय है।

इस वर्ष शास्त्रप्रतिलिपि का कार्य एक प्रकार से स्थगित सा रहा। इसके दो कारण है पहला कारण तो कागज का अभाव और दूसरा सस्कृतज्ञ लेखकों की अप्राप्ति। असस्कृतज्ञ लेखकों से शास्त्रों की प्रतिलिपि कराने से विशेष लाभ नहीं होता है। बल्कि ग्रन्थों में अशुद्धियों की मात्रा और बढ़ जाती है। फिर भी 'केवलज्ञानप्रश्नचूडामणि' एव 'वेदी-प्रतिष्ठा' ये दो ग्रन्थ बाहर से लिखवाकर मगवाये गये अवश्य। हा, इस प्रकरण में सुदूर वर्ती जैनेतर कवि हनुमान् वेंकटराय नेरलाने (मैसूर) का नाम नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने अपने ही से अपनी बहुमूल्य कृतियों की प्रतिलिपियाँ भवन को सादर, सहर्ष समर्पित करने की महती कृपा की है। कृतियाँ निम्न प्रकार हैं (१) चन्द्रहासाभ्युदय, (२) तिरुनगन्नडदगुरुल्,(३) भावनात्रय, [स्वतन्त्र], (४) पूर्वरामचरित, (५) उत्तररामचरित, (६) मुकुन्दानन्द, (७) कुरुकुलकलह, (८) वासवदत्ताचरित,(९) चारुदत्त, (१०)मध्यमव्यायोग, (११) श्रीकृष्ण दौत्य [परिवर्तित] ये कुल ग्रन्थ कन्नड भाषा में हैं और इनकी प्रतिलिपि स्वय कवि ने अपने हाथ की है।

प्रकाशन भवन के इस विभाग में 'जैन सिद्धान्त भास्कर' तथा 'जैन एण्टीक्वेरी' का प्रकाशन पूर्ववत चालू रहा। इनके अतिरिक्त 'प्रशस्ति-सग्रह' [प्रथम भाग] एव 'वैद्यसार' की प्रतिया पुस्तकाकार में विक्रयार्थ अलग तैयार कराई गईं। हर्ष की बात है कि पूर्ववत् 'भास्कर' उत्तरोत्तर लोकप्रिय होता जा रहा है और बडे बडे जैनेतर विद्वान् भी इसे बडे ही आदर की दृष्टि से देख रहे हैं।

परिवर्तन इस वर्ष निम्नलिखित अनुसन्धान पत्र पत्रिकाएँ 'जैन सिद्धान्त भास्कर' के परिवर्तन में प्राप्त हुई है

(1) The Indian Culture (2) Annals of the Bhandarkar Oriental Research Institute (3) The Journal of the University of Bombay, (4) The Karnatak Historical Review (5) The Adyar Library Bulletin, (6) The Journal of the Annamalai University (7) The Poona Orientalist (8) The Journal of the United Province Historical Society (9) The Quarterly Journal of Mythic Society, (10) The Punjab Oriental Research a Quarterly Journal (11) The Journal of the Royal Asiatic Society of Bengal (12) The Journal of the Royal Asiatic Society of Bombay, (13) The Fergusson College Magazine, (14) The Journal of the Bihar and Orissa Research Society, (15) The Journal

the Benares Hindu University, (16) The Andhra University College Magazine and Chronicle, (17) The Journal of the Sri Venkatesvara Oriental institute, (18) The Journal of the Sind Historical Society, (19) The Journal of the Tanjore Sarasvati Mahal Library, (20) The Jaina Gazette (21) The Bombay Theosophical Bulletin.

हिन्दी (२२) नागरी प्रचारिणी पत्रिका, (२३) भारतीय विद्या, (२४) साहित्य-सन्देश, (२५) अनेकान्त, (२६) सम्मेलन-पत्रिका. (२७) किशोर, (२८) वैद्य, (२९) धर्मदूत, (३०) जैन महिलादर्श, (३१) दिगम्बर जैन, (३२) बालकेसरी, (३३) जैन प्रचारक, (३४) परवार बन्धु (३५) जैन बोधक, (३६) खण्डेलवाल जैन हितेच्छु (३७) वीर (३८) भारतीय समाचार, (३९) जैन संदेश, (४०) जैन मित्र, (४१) जैन गजट। गुजराती (४२) सुघोष। संस्कृत : (४३) मैसूरुमहाराजसंस्कृतमहापाठशालापत्रिका, (४४) सूर्योदय। कन्नड : (४५) साहित्य परिषत्पत्रिका, (४६) प्रबुद्ध कर्णाटक, (४७) साहित्य समिति पत्रिके, (४८) जयकर्नाटक, (४९) अध्यात्म प्रकाश, (५०) शरण साहित्य, (५१) विवेकाभ्युदय, (५२) सुदर्शन। तेलगु . (५३) आन्ध्र-साहित्य-परिषत्पत्रिका।

इनके अतिरिक्त भवन में The Indian Historical Quarterly, विशाल भारत, सरस्वती, राष्ट्रवाणी, विश्वमित्र ये भी मूल्य देकर मंगाये गये है।

समालोचनार्थ प्राप्त ग्रंथ : इस वर्ष 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' में समालोचनार्थ अन्यान्य भाषा के निम्नलिखित ग्रन्थ उपलब्ध हुये है :

(१) षट्खण्डागम [पुस्तक ५], (२) पंचम-कर्मग्रन्थ, (३) कन्नड नाडिन कथेगलु, (४) चित्रसेनपद्मावतीचरित्र, (५) महावीरवाणी, (६) वर्धमानपुराण, (७) धर्म का आदि प्रवर्त्तक, (८) सत्यार्थ-निर्णय, (९) पावन-प्रवाह, (१०) बनारसी-नाममाला, (११) जैन भण्डागायन, (१२) पुराण और जैनधर्म (१३) जैन धर्म में दैव और पुरुषार्थ, (१४) तत्त्वार्थ-सूत्र जैनागम समन्वय आदि।

पत्रव्यवहार : भवन एवं भास्कर से सम्बन्ध रखने वाले सैकडों पत्रों के अतिरिक्त इतिहास, साहित्य आदि गम्भीर विषयों से सम्बन्ध रखने वाले अनेक पत्रों का भी समुचित उत्तर भवन से दिया गया है; जिनसे बाहर के पत्र प्रेषक मान्य विद्वानों को पर्याप्त सन्तोष हुआ है।

साहित्यिक तथा धार्मिक सभाएँ : इस वर्ष भवन में साहित्यमण्डल, साहित्य-परिषत् आदि साहित्यिक संस्थाओं के साधारण अधिवेशनों के अतिरिक्त महावीरजयन्ती आदि धार्मिक सभाएँ भी अधिक समारोह के साथ मनाई गई है। बल्कि हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग के सभापति तथा विश्व-विद्यालय, प्रयाग के वायस चॉसलर श्रीमान् डा० अमरनाथ झा को साहित्य-परिषत्, आरा की ओर से भवन में ही मानपत्र दिया गया था।

प्रकाशन कार्य में सहायता भारतवर्षीय दि० जैन संघ मथुरा, विश्वविद्यालय, मैसूर, विश्वविद्यालय, मद्रास एवं कर्णाटक-साहित्य-परिषत्, बेंगलूरु आदि संस्थाओं के प्रकाशन कार्य में भी भवन ने यथेष्ट सहायता पहुँचाई है।

सम्मतियाँ भवन एवं इसके प्रकाशन के सम्बन्ध में कतिपय मान्य विद्वानों की शुभ सम्मतियाँ निम्न प्रकार हैं

I paid a hurried visit last night to the Jaina Oriental Library It is well stocked with valuable manuscripts relating to Jaina religion and literature

The building is an excellent one and conviniently is situated The library must be a source of mental enjoyment for those who visit it.

(Sir) Mirza M Ismail, Diwan, Jaipur

"We were delighted to pay a visit to the centre of learnings research

[Professor] S P Prasad Science college, Patna

[Professor] K P Sinha G B B College Muzaffarpur

I was delighted to see the collection of rare and valuable books and manuscripts on almost all important subjects A look at the collections will convince the visitor that important books by prominent authors find place here The books and manscripts are not only well preserved but also well utilised I am glad to learn that scholars living in distant places get loans of books especially manscripts from this library for their study My esteemed friend Pandit Sri Bhujbali Sastri has put his heart and Soul for the development of this library to what it is as present from what it was about 20 years ago when I first visited the place I prav that this library may grow from more to more and be of help to many a scholar and student."

C. S Mallinath Ex-editor Jaina Gazette, Madras

"आज श्रुतदेवता के इस परम पुनीत पूजास्थान को देखकर अन्तरात्मा सन्तोष से उद्वेल हो उठी। इसका संग्रह अपने ढंग का अनोखा है। फिर उसकी व्यवस्था तो श्री पं० भुजबलीजी शास्त्री की सुरुचि तथा साहित्य प्रेम के कारण अतुलकोटि में जा पहुँची है। स्व० बाबू देवकुमारजी की जिनवाणी भक्ति के इस मूर्त-रूप का संपोषण, संरक्षण, संवर्द्धन उनके सुयोग्य पुत्र बाबू निर्मलकुमारजी और भी उत्साह से करते रहें, यही भावना है। जैनस्मृति के इतिहास निर्माण में इस भवन का विशेष भाग रहा है। करीब अनन्य ग्रन्थों का इसमें संग्रह है। साथ ही साथ कुछ और भी पुरातत्त्व विषयक

सामग्री के संग्रह का लघु प्रयत्न प्रारम्भ किया गया है। आशा है, कि जैन-संस्कृति-संरक्षण का यह केन्द्र उत्तरोत्तर विकास करता रहेगा।"

महेन्द्रकुमार जैन, न्यायाचार्य, स्याद्वाद महाविद्यालय, काशी।

"सौभाग्यवश मुझे 'सरस्वतीभवन' देखने का सुअवसर मिला। यह जैन समाज के समस्त भवनों से अपनी खास विशेषता रखता है। भवन की सुव्यवस्था देख हृदय पुलकित हो उठता है। श्रुतदेवता के मन्दिर का मूर्तमानरूप देखकर हृदय गद्गद् हो जाता है। भवन के अध्यक्ष श्रीयुत पं० के० भुजबलीजी शास्त्री भवन की व्यवस्था बड़ी भारी लगन एवं उत्साह के साथ सम्पन्न कर रहे हैं। स्व० बा० देवकुमारजी की जिनवाणी भक्ति का यह जीता जागता रूप देखकर बड़ी ही प्रसन्नता होती है। बाबू निर्मलकुमारजी का साहित्यप्रेम इसे और भी बढ़ाने का प्रयत्न करेगा, ऐसी आशा है। भवन में जो ऐतिहासिक सामग्री का संग्रह है और किया जा रहा है उससे जनता को यथेष्ट लाभ उठाना चाहिये।...... .....आशा है, यह भवन उत्तरोत्तर वृद्धि करता हुआ जैन साहित्य के संरक्षण का एक ही केन्द्र रहेगा।"

परमानन्द जैन, शास्त्री, वीर-सेवा-मन्दिर, सरसावा।

"...... ....पुस्तकों का रमणीय संग्रह, चित्रों की सजावट, प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों का रुचिर संग्रह—इन सब वस्तुओं को देखकर चित्त पुलकित हो उठा। आरा के इस पुस्तकालय में जैन दर्शन तथा साहित्य के अध्ययन के लिये जितना सुयोग है, उतना अन्यत्र मिलना नितान्त कठिन है। इस कार्य के लिये इसके सञ्चालक देवकुमार जैन तथा व्यवस्थापक शास्त्रीजी हमारी विपुल प्रशंसा के पात्र हैं। मेरा पूरा विश्वास है कि भगवान् महावीर के अमृत उपदेशों के प्रचार से संसार का विशेष मंगल होगा। इस महान् उद्देश्य की पूर्ति में इस संस्था का नाम भी चिरस्थायी रहेगा।"

बलदेव उपाध्याय एम. ए., साहित्याचार्य,
प्रो० हिन्दू-विश्वविद्यालय, काशी।

The Jaina Antiquary in English and the Jaina Sidhanta Bhaskar in Hindi are issued once in six months by the Jain Sidhanta Bhavana, Arrah, Bihar The journals contain valuable articles regarding Jainism in its Literary, Historical and Philosophical aspects, and extremely useful to scholars We wish the Journals a long life of research in the unexplored regions of Jaina thought, literature and History."

Journal of the Telugu Academy. Cocanada

"The Jaina Sidhanta Bhaskara in Hindi and Sanskrit with which is in corporated the Jaina Antiquary in English is the only research Journal which the Jains should be proud to possess'

Editor. Jain Gazette, Lucknow.

Bhaskara is a half yearly journal, devoted to the study of and research in topics pertaining to the Jain religion, history and philosophy

Editor, The Fergusson College Magazine Poona.

Pray accept my cordial thanks for a copy of The Jain Antiquray which I have found to be a source of information on Jainism I have noticed the article on Prabhāchandra, as particularly interesting

[Prof] Sidheswar Verma
Prince of Wales college Jammu (Kashmir)

"आपके द्वारा प्रेषित 'जैन सिद्धान्त भास्कर' नाम की उच्च कोटि की पत्रिका कार्यालय में पहुँची। हमारी दृष्टि में सचमुच यह पत्रिका जैन सिद्धान्तों का भास्कर ही है।"

चिलुकुरि पापय्य शास्त्री,
आन्ध्र साहित्य परिषद् काकिनाड।

"इस [जैन सिद्धान्त भास्कर] में जैनधर्म, कला, साहित्य, दर्शन, पुरातत्त्व आदि विषयों पर सुन्दर लेख रहते हैं। पुरातत्त्व के विद्यार्थियों के लिये पत्रिका उपादेय है।"

स० धर्मदूत, सारनाथ।

"इस [जैन सिद्धान्त भास्कर] में बराबर ठोस और स्थायी सामग्री रहती है। जैन इतिहास की अच्छी अच्छी और खोजपूर्ण बातों को प्रकाश में लाया जाता है। प्रस्तुत अंक में सभी लेख पढ़ने योग्य हैं।

सा० जैन संदेश, आगरा।

It [Prasasti Sangraha] is indeed a very valuable reference book, pull of information and presented in a neat form and it deserves to be heartily welcomed by all serious students of Indian literature in general and of Jain literature in particular I earnestly request you to continue this work further

Dr A N Upadhye M A D Litt
Rajaram College, Kolhapur

"It [Praśasti Sangraha] is useful compilation very carefully prepared I hope you will continue the work and the other parts will be published ere long For my part I feel that the work will be of immense use

Prof D L Narsinhachar
Maharaja College, Mysore

"……यह 'प्रशस्ति-संग्रह' बहुत ही खोजपूर्ण और उपयोगी प्रकट हुआ है। जो विद्वानो के लिए एवं इतिहास-प्रेमियों के लिए बड़े काम की चीज तो गई है। मन्दिरों और पुस्तकालयों के लिये तो यह संग्रहणीय है ही। …… इस पुस्तक के लिये पं० भुजबलीजी शास्त्री ने जो परिश्रम किया है, प्रशंसनीय है। इसके लिये आप अत्यन्त धन्यवाद के पात्र है। जैन समाज चिरकाल तक आपका ऋणी रहेगा।

सं० 'जैनमित्र' सूरत।

"……प्रस्तुत ग्रन्थ देवकुमार-जैन-ग्रन्थमाला का पञ्चम पुष्प है। जैन ग्रन्थों की प्रशस्तियों में इतिहास की अपूर्व सामग्री भरी पड़ी है। किन्तु उसके संग्रह की ओर अभी तक किसी ने क्रियात्मक ध्यान नहीं दिया था। पं० भुजबलीजी शास्त्री के सहयोग से भवन में संग्रहीत हस्तलिखित ग्रंथों में से ५४ संस्कृत, प्राकृत ग्रन्थों के मंगलाचरण, प्रशस्ति आदि का प्रथम संग्रह प्रकाश में आया है। प्रत्येक ग्रन्थ के प्रशस्ति-संग्रह के अन्त में शास्त्री-जी ने हिन्दी भाषा में उसका विवेचन भी किया है। और इस तरह साधारण पाठकों के लिये भी वह लाभदायक और रोचक बन गया है। इस एक पुस्तक को ही पास में रखने से पाठक ऐसे ५४ शास्त्रों के बारे में बहुत-सी बातें जान सकेंगे, जिनका प्रकाशित होना अभी कठिन है। अतः प्रत्येक शास्त्रप्रेमी को इस पुस्तक की एक प्रति अवश्य मंगानी चाहिये। बड़े-बड़े अजैन विद्वानों ने इसकी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है। हम शास्त्रीजी तथा बाबू निर्मलकुमारजी को उनके इस अत्यावश्यक सफल प्रयास के लिये हार्दिक धन्यवाद देते हैं। आशा है, इसी प्रकार भवन में संग्रहीत कुल ग्रन्थों की प्रशस्तियों के संग्रह प्रकाश में आ जायँगे। और उनसे जैन साहित्य और इतिहास का महान् कल्याण होगा।"

पं० कैलाशचन्द्र जैन, शास्त्री
सं० जैन सन्देश'।

"……'जैन-सिद्धान्त भास्कर' में बहुत समय से हस्तलिखित प्राचीन ग्रंथों की प्रशस्तिया छप रही थीं। उनका संग्रह करके यह ग्रन्थ अभी प्रकाशित हुआ है। इसमें न्यायमणिदीपिका, प्रमेयकण्ठिका, जिनयज्ञफलोदय आदि ५४ शास्त्रों की प्रशस्तिया छपी है। जिनमें आदि मंगलाचरण के श्लोक व अन्तिम प्रशस्ति दी गई है। शास्त्र का विषय भी वर्णित है। अतएव यह संग्रह अत्यन्त उपयोगी प्रकाशित हुआ है। ग्रन्थों के रचयिता ३९ विद्वानों की सूची भी दी गई है। तथा आचार्य श्रीमुनि, आर्यिका आदि के नामों की अनुक्रमणिका (कोश) लगभग ११०० शब्दों का दिया गया है। यह संग्रह इतिहास प्रेमियों के लिये बड़े काम का सिद्ध होगा। प्रत्येक जैन-मन्दिर के भण्डारो में व पुस्त-कालयों में मंगाकर रखना चाहिये। वस्तु संग्रहणीय है। शास्त्रीजी का खोजपूर्ण सफल परिश्रम प्रशंसनीय है।"

ब्र० पं० चन्दाबाई जैन,
सं० 'जैन महिलादर्श'।

भुजबलिचरितम्

श्रीमोहलक्ष्मीमुखपद्मसूर्यं नाभेयपुत्रं वरदोर्बलीशम् ।
नत्वादिकाम भरतानुजात तस्य प्रशस्ता सुकथा प्रवक्ष्ये ॥१॥
आनन्त्याकाशमध्ये त्रिजगदनिलत सन्ति (?) तन्मध्यलोके
सन्ति द्वीपाब्धिवृन्दा सहवलयिता ह्यग्दाद्या (?) वृतोऽसौ ।
जम्बूद्वीपोऽस्ति तस्मिन् कनकगिरिवरो भाति तद्दक्षिणस्या
माशायामस्ति भास्वद्भरतनर्पतो मग्यगोत्तारशैल ॥२॥
तच्छैलामलपुष्पलिट्पद इव प्रोद्भासमान सदा
गगासिंधुनदीविभागविलसत्पट्खण्डभूमण्डलम् ।
आर्या (?) खण्ड इति त्रिषष्ठिसुशलाकापुरुषोत्पत्तिर्नै
मित्तो भात्युपलाञ्छणाब्ध्युपनदीभि पञ्चखण्डात्मक ॥३॥
तत्खण्डपश्च उदग्प्रदेशा,
द्राविडनामदेशो भातीव सौभाग्यरमाधिवास ॥४॥
तद्देशलक्ष्मीमुखमण्डलेव भाति प्रशस्ता मधुरा पुरी सा ।
ता रत्नतीहार (?) ललामतोऽमी श्रीराजमल्लक्षितिपाग्रगण्य ॥५॥
श्रीदेशीयगणाब्धिपूर्णमृगभृच्छ्री नन्दिनाति
श्रीपादाम्बुजयुग्ममत्तमधुप सम्यक्त्वरत्नाकर ।
श्रीमज्जैनमताब्धिवर्धनसुधासूतिर्महीमण्डले ·
पौलोमीश्वरवैभवो विजयते श्रीराजमल्लो विभु ॥६॥
आहारादिचतुर्विधोत्तममहादानानुरक्त सदा
सर्वज्ञोदितदिव्यशास्त्रसुकलावाराशिपारगत ।
भास्वज्जैननिवासजैनवरनिम्बोद्धारवीरव्रतो
रेजे सद्गुणभूषणो बुधनुत श्रीराजमल्लो नृप ॥७॥
अद्रौ रत्नगणायते सुरसरिन्मध्येऽरुणाम्नायते
दिङ्नागव्रजमस्तके सुचिरसिन्दूरायते सम्प्रति ।
दिक्कान्ताकुचमण्डले घसृणसत्पुञ्जायते शौर्यव-
त्तत्तेजो वरराजमल्लनृपतेरन्यानशोकायते ॥८॥

स्नात्वा देवापगायां सुरुचिरविलसच्चन्द्रिकाशुभ्रवस्त्रम्
धृत्वा मुक्ताभरणममलिनं भूषयित्वा त्रिशुद्ध्या ।
स्वर्धेनुक्षीरधारादरकुजकुसुमैः पुष्पवृष्टिं करोति
तत्कीर्त्तिप्रेयसी .. . ...श्रीराजमल्लक्षितीन्द्रः ॥६॥
त्वन्मूर्त्तिः सुरपादपस्तव भुजस्तज्जातरपर्शात्मकः
तव करांगुल्यः स्वर्धेनुस्तनाः (?)...........
त्वत्पदावलिनखांकुरसुरमस्तविद्धज्ञिसिद्धोरस (?)
त्वद्वाक्यं तु सुदेवदानसमयो हे राजमल्लप्रभो ॥१०॥
तस्यामात्यशिखामणिस्सकलवित् सम्यक्त्वचूडामणिः
भव्याम्भोजवियन्मणिस्सुजनवन्दिव्रातचिन्तामणिः ।
ब्रह्मक्षत्रियवंशशुक्तिसुमणिः कीर्त्योघमुक्तामणिः
पादन्यासमहीशमस्तकमणिश्चामुण्डभूपाग्रणीः ॥११॥
प्रभातकाले नृपराजमल्लः स्नात्वा च मौनादिकसत्क्रियाञ्च ।
कृत्वा जिनेन्द्रं परया च भक्त्या स्तुत्वा महालंकृतिमान् बभूव ॥१२॥
मणिप्रभामण्डितसिंहपीठेऽप्यास्थानमध्यप्रविभासमाने ।
अतिष्ठदुद्यद्दिवसाधिपोसाविनप्रपूर्वाचलशेखरस्थः ॥१३॥
अमात्यचूडामणिना नृपोऽसौ चामुण्डनाम्ना सह सत्सभायाम् ।
वाचस्पतिव्यक्तसुरेन्द्रशोभां चकार सर्वावसराख्यकायाम् ॥१४॥
कश्चिद्वणिग्वंशललामभूतः प्रविश्य राज्ञश्च सभान्तरालम् ।
महीतलालिंगितविग्रहस्सन् प्रणम्य चोवाच कथां सुवार्ताम् ॥१५॥
स्यादुत्तरस्यां दिशि पौदनाख्या पुरी विभाति त्रिदशाधिपस्य ।
पुरप्रभास्वत्प्रतिबिम्बितादर्शमेव जैनक्षितिमण्डलेऽस्मिन् ॥१६॥
तत्पत्तने श्रीभरतेश्वरेणादिब्रह्मपुत्रेण कुलंकरेण ।
राजर्षिणा चादिमचक्रिणा सुनिर्मापितं बाहुबलीन्द्रबिम्बम् ॥१७॥
पञ्चसप्ततिविहीनषट्शतोद्धचापसमविग्रहोच्छ्रितः ।
चारुबाहुबलिविग्रहश्च कर्केतनोपलविराजितो भुवि ॥१८॥
पश्यतीव हसतीव सुवाक्यं जल्पतीव सदकृत्रिमबिम्बम् ।
तिष्ठतीव वरपौदनपुर्यां भाति बाहुबलिसुप्रतिमासौ ॥१९॥

श्रीगुम्मटाभिनवनामविराजितोऽसौ
श्रीवाहुबल्युरुतरप्रतिभासमान ।
श्रीचारुमत्प्रतिकृतिर्नमक (?) द्वयस्य
मूर्तीयमार्हत्यिताद्रिरिगोरु (?) भाति ॥२०॥
अकृतिमार्हत्प्रतिमापि कायोत्सर्गेण भातीव सुरामधेनु ।
चिन्तामणि कल्पद्रुम पुमानाकृति विधत्ते जिनविम्बमेतत् ॥२१॥
श्रीपादचारुलसनानुमदूरयुग्म
नेत्र विविम्बावलिनापि सुरस्तवहम् (?) ।
कण्ठास्यकर्णलसदोष्ठसुनासिका हि
मूभालकुन्तलमहो जिनपुगवस्य ॥२२॥
पदादिदोरन्तिमचेष्टिता सद्वल्ली महावाहुवलेर्जिनस्य ।
आसर्पणार्थं वरमोचलन्त्या त्यक्ता वरश्रीव सदा विभाति ॥२३॥
इत्थ जिनेन्द्रप्रतिमाप्रभाव श्रुत्वातिहृष्टो नृपराचमल्ल ।
चामुण्डरायोऽपि तथातिहृष्ट सम्यक्त्वरत्नाकरपूर्णचन्द्र ॥२४॥
तदा नमस्कृत्य तमेव भूप समान्तरालात्स्वगृह प्रविश्य ।
तद्वृत्तक मातुरवोचदेतत्ं द्रुत्वा तदानन्दपरा वभूव ॥२५॥
सुतेन सार्धं वरकालिकाम्वा गत्वा जिनाधीशगृह विशुद्धया ।
स्तुत्वा जिनेन्द्र स्वगुरोर्गुरुश्च श्रीसिहनन्द्यार्यमुनिं प्रणम्य ॥२६॥
श्रीभूभृद्रावनम्रप्रनगुरुमला सत्पदगीलजाल
श्रीमद्देशीगणाम्भोरुहविकसनसामर्थ्यमार्तण्डविम्व ।
प्रोद्यद्वादीभसिंह सकलगुणनिधि सर्वशास्त्रस्य कर्ता
रेजे सिद्धान्तवेदी सुजनुतचरण सिहनन्द्यार्यवर्य ॥२७॥
पश्चात्मानितसेनपण्डितमनि देशीगणाग्रेसरम्
स्वस्यापत्यसुवुद्धिवार्धिरजनि श्रीनन्दिसघाधिपम् ।
श्रीमद्भासुरसिहनन्दिमुनिमाप्य भोनरोलसकम् ।
चानम्याघ्रत्न् (?) सुपोदनपुरश्रीगोम्मटेशेश्वरम् ॥२८॥
तच्छ्रीवाहुवलीशचारुतरसद्विम्वस्य सन्दर्शनम्
नो कृत्वा न पिवाम्यह पय इति चीरव्रत धारये ।

तद्योगीन्द्रपदाम्बुजातनिकटे चामुण्डभूपाग्रणीः
तत्क्षीरव्रतमप्यसौ गुणमणिः सोऽधारयद्भक्तितः ॥२९॥
पुनर्नमस्कृत्य मुनीन्द्रपादं श्रीराजमल्लं प्रतिगम्य भूपम् ।
मनोगतार्थं स बभाण तस्य प्रयाणयत्नञ्च चकार रागात् ॥३०॥
श्रीसैद्धान्तिकचक्रिणा मुनिवरश्रीनेमिचन्द्रेण त-
च्छिष्याग्रेसरयोगिभिर्बुधजनैः सार्धं जनन्या सह ।
हस्तिव्रातरथाश्वपत्तिनिकरैः साकं प्रतस्थे शुचि-
लग्ने वाग्वरवावृते दिशि पुरा चाखण्डपृथ्वीश्वरः ॥३१॥
मार्गे मार्गे यत्र यत्र प्रवासं चक्रे राजा तत्र तत्रार्हदीयम् ।
कृत्वा कृत्वा श्रीगृहं पूजयित्वा सेनाव्यूहं धन्यवन्तं चकार ॥३२॥
उत्तराभिगमनं विरचय्यागत्य कंचिदपि योजनमात्रम् ।
विंध्यशैलमपि सोऽपि ददर्श क्ष्मारमासुकरकन्दुकसाम्यम् ॥३३॥
तच्छैलसानुनि तटे ललिताख्यचारुपद्माकरस्तदचलप्रभुदर्पणाभः ।
आभात्यसौ तदधरे [खलु] पार्श्वदेशे सेनाग्रजश्च निवसेत्(?)क्षितिपाग्रगण्यः॥३४॥
ह्रस्वाद्रिस्तदवनीभृत्कुवेरकाष्ठायां तद्धरशिखरेऽस्ति जैनवासः ।
इत्येवं नृपतिशिखामणेरवोचत्कश्चित्किङ्कर उदधेर्गभीरकस्य ॥३५॥
श्रुत्वा तदा जिनगृहं प्रतिगम्य भक्त्या स्तुत्वा जिनेन्द्रवरबिम्बमघातवज्रम् ।
श्रीनेमिचन्द्रमुनिना सह भूमिपालो निद्रां चकार निशि तद्गृहमण्डपेऽसौ ॥३६॥
कूष्माण्डी तन्मुनीशस्य च तदवनीपालकस्याम्बिकायाः
स्वप्ने चातुर्थयामेऽभणदतिकठिनो मार्ग इत्यग्रे (?) गन्तुम् ।
शैलेऽस्मिन्नावणेशेन विकृतभुजबल्युद्घबिम्बं प्रसन्नैः
त्वद्भक्तिप्रेरितैः काञ्चनमयविशिखैर्जायते ह्यद्य भूप ॥३७॥
दृष्ट्वा शुभस्वप्नमपि क्षितीशः सुप्रातरुत्थाय जिनं प्रणम्य ।
गुरुञ्च नत्वा जननीं प्रवंद्य स्वप्नं ददर्शेति बभाण दिव्यम् ॥३८॥
तद्वत्सुस्वप्नमावाभ्यां दृष्टं तत्फलकारणम् ।
यत्नं कुरु नृपालेति बभाण मुनिपुंगवः ॥३९॥
स्नात्वालंकारयित्वा मुनिपतिनिकटे चोपवासञ्च कृत्वा
दाक्षिण्याशाननः सन् समपदयुगलः कार्मुकात् स्वर्णबाणान् ।

THE JAINA ANTIQUARY

VOL. IX. JUNE, 1943 No I

Edited by

Prof Hiralal Jain M A LL.B
Prof A N Upadhye M A., D Litt
Babu Kamata Prasad Jain M R A S
Pt K Bhujabali Shastri, Vidyabhushana

Published at
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY,
ARRAH BIHAR INDIA.

Annual Subscription

Inland Rs 3 Foreign 4s 8d Single Copy Rs 1 8

CONTENTS.

JAINA LITERATURE IN TAMIL

By

Prof A Chakravarti M A, I. E S Published by The Jaina Siddhānta Bhavan, Arrah (Bihar) Rs 2

The remarkable contributions of Jaina authors to the different languages of India are discernible in the history of Indian Literature through the ages and Tamil is no exception The Sangham Literature abounds with Jaina authorship In a cursory survey of Tamil Literature, (in which the author gives a summary of each of the main Tamil Kavyas), Prof Chakravarti brings out the prevalence of Jainism in ancient Tamil Nadu, and traces the manners and customs of the Tamils from these books The author traces the vegetarianism of the Tamil Brahmin and the Tamil Vellalas to the over-riding influence of the doctrine of Ahimsā of Jainism as preached 2,000 years ago in the Tamil classics Since practically the whole of the ancient Sangham Literature is covered in this survey of Jaina authors, it will serve as a useful introduction for non-Tamilians to the history of ancient Tamil literature There is an useful index of the authors and the works referred to in the book. The author's arguments for fixing some of the authors as Tiruvalluvar are interesting The historian, the student of comparative religion and the student of Tamil literature will all alike benefit by a study of this book.

Indian Express

" श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम् ।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥"
[अकलंकदेव]

Vol IX No 1 | ARRAH (INDIA) | June, 1943

The Jaina Theory of Anekanta-Vada

By
K C Bhattacharya

आधुनिक साहित्यान्वेषण से सिद्ध हो चुका है कि नाथ या ज्ञातृक क्षत्रियों का निवास-स्थान प्रधानतया वैशाली (वसाड), कुण्डग्राम एवं वणिग्य ग्रामों में था। साथ ही साथ यह भी प्रकट हो चुका है कि नाथवंशीय क्षत्रिय कुण्डग्राम से ऐशान्य दिशा में अवस्थित कोल्लाग में अधिक सख्या मे रहते थे। वैशाली के निकट ही कुण्डग्राम वर्तमान था, जो सम्भवतः आजकल का 'वसुकुण्ड' है। जैन ग्रन्थों के अनुसार भगवान् महावीर का जन्म यहीं हुआ था। कोई-कोई विद्वान् कोल्लाग को ही इनका जन्मस्थान मानते हैं। परन्तु यह बात दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायों की आस्था के प्रतिकूल है।

नाथवंशीय क्षत्रियों के विषय में इतना और जान लेना आवश्यक है कि वे मुख्यतः जैनों के २३ वें तीर्थंकर भगवान् पार्श्वनाथ के अनुयायी थे। बाद जब भगवान् महावीर के दिव्य करकमलों मे जैनधर्म का शासन-सूत्र आया तब वे नियमानुसार उनके उपासक बन गये।

अस्तु, अब पाठक यह भी देख लें कि प्राचीन काल मे विदेह की सीमा क्या थी। १४वीं शताब्दी के 'शक्तिसंगमकल्प' मे विदेह की सीमा गण्डकी नदी के पूर्व बतलाई गई है।[1] सम्राट् अकबर द्वारा महामहोपाध्याय मिथिलेश पं० महेश ठाकुर के दान-पत्र में भी मिथिला की सीमा गंगा से हिमालय तथा कोशी और गण्डकी नदी के बीच बताई गई है।[2] इससे वैशाली के निकटवर्ती उक्त कुण्डलपुर गंगा के उत्तर होना स्वयं सिद्ध है। अब यह भी देख लीजिये कि पूर्व मे मगध की सीमा क्या रही। 'शब्दार्थचिन्तामणि' में लिखा है कि "व्यासेश्वरं समारभ्य तप्तकुण्डान्तकं शिवे। मगधाख्यो महादेशो यात्रायां न हि दुष्यति ॥" भगवान् बुद्ध के समय[3] मगध की सीमा इस प्रकार बतलाई गई है:

मगध के पूर्व मे चम्पानदी थी, दक्षिण मे विन्ध्याचल पहाड़, पश्चिम मे शोणभद्र तथा उत्तर मे गंगा की धारा। एक बार जब भगवान् बुद्ध राजगृह से वैशाली जाने लगे तो बिम्बसार ने[4] राजगृह से गंगातट तक के मार्ग को जो ५ योजन था पांच रंग के फूलों से सुसज्जित करा दिया

१—'गण्डकीतीरमारभ्य चम्पारण्यान्तकं शिवे।
विदेहभूः समाख्याता तीरभुक्ताभिधो मनुः ॥'

२—'अज गंग ता संग अज कोसी ता गोसी।'
[महामहोपाध्याय डा० सर गंगानाथ झा 'अभिनन्दनग्रन्थ' पृष्ठ ३८]

३—डा० जी० पी० मल्लालशेखर-रचित 'ए डिक्सनरी आफ पाली प्रापर नेम्स' भाग २, पृष्ठ. ४०३।

४—'सुमंगलविलासिनी'।

था तथा स्वयं गर्दन भर पानी तक गंगा में जाकर उनको विदा किया था। उनके लौटने पर उसी ठाट से उन्हें वापस ले गये थे।

कुछ पाठकों को यहाँ पर एक बात की शंका हो सकती है कि जैन ग्रन्थों में कहीं-कहीं भगवान् महावीर का जन्म विदेह में लिखा है और कहीं कहीं वैशाली में। इसका उत्तर स्पष्ट है। विदेह भारत का एक विशाल राष्ट्र था और वैशाली उसी के अन्तर्गत था। पूर्व में वैशाली की सीमा उत्तर और पूर्व में विदेह तथा दक्षिण में मगध थी। वैशाली उस समय तीन भागों में[1] बटा था। प्रथम भाग में उत्तम श्रेणी के लोग रहते थे जहां पर ७००० घर थे, जिनके शिखर स्वर्ण के थे। द्वितीय भाग में १४ ०० घर मध्यम श्रेणी के लोगों के थ, जिनके शिखर चान्दी के तथा तृतीय भाग में जघन्य श्रेणी के लोग रहते थे, जिनके २१००० घर थे। इनके शिखर ताम्र के थे। अत ज्ञात होता है कि यह वैशाली उस समय तीन भागों में विभक्त था, जिनके नाम वैशाली (बसाड), कुण्डपुर और वणियग्राम थे।

इस सम्बन्ध में श्वेताम्बर विद्वान् पुरातत्त्ववेत्ता प० कल्याणविजयजी गणी का अभिप्राय इस प्रकार है

"प्रचलित परम्परानुसार आजकल भगवान् की जन्म भूमि पूर्व बिहार में क्यूल स्टेशन से पश्चिम की ओर आठ कोस पर अवस्थित लच्छु आड गांव माना जाता है। पर हम इसको ठीक नहीं समझते। इसके अनेक कारण हैं—

(१) सूत्रों में महावीर के लिये विदेहे विदेहदिन्ने विदेहजच्चे विदेहसूमाले तीसं वासाइं विदेह सिकट्टु[2] इत्यादि जो वर्णन मिलता है, इससे यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि महावीर विदेह देश में अवतीर्ण हुए और वहीं उनका संवर्धन हुआ था। यद्यपि टीकाकारों ने इन शब्दों का अर्थ और ही तरह से लगाया है, पर शब्दों से प्रथमोपस्थित 'विदेह, वैदेहदत्त, विदेहजात्या, विदेहसुकुमाल, तीस वर्ष विदेह में (पूरे) करके' इन अर्थवाले शब्दों पर विचार करने से यही ध्वनित होता है कि भगवान् महावीर विदेह जाति के लोगों में उत्तम और सुकुमार थे। एक जगह तो महावीर को 'वैशालिक' भी लिखा है। इससे ज्ञात होता है कि आप का जन्म-स्थान क्षत्रियकुण्डपुर वैशाली का ही एक विभाग रहा होगा।

(२) जब कि भगवान ने राजगृह और वैशाली आदि में बहुत से वर्षा चातुर्मास्य किये थे तब क्षत्रियकुण्डपुर में एक भी वर्षाकाल नहीं बिताया। यदि क्षत्रियकुण्डपुर जहाँ आज माना जाता है वहीं होता तो भगवान के कतिपय वर्षावास भी वहाँ अवश्य ही होते, पर ऐसा नहीं हुआ। वर्षावास तो दूर रहा, दीक्षा लेने के बाद कभी क्षत्रियकुण्डपुर अथवा

१—राकहिल-रचित 'लाइफ आफ बुद्ध' पृष्ठ ६२।

२—सचित्र कल्पसूत्र ११० (१)।

के मानने वालों की हैं, बौद्धों की नहीं। इनमें चरण-पादुकाएँ हैं, कलश है और त्रिशूल हैं। ये ही चिन्ह कटक मे खण्डगिरि पर्वत की हाथी-गुफा के राजा खारवेल के शिलालेख में भी मिले हैं।[१]"

'आरकिऑलाजिकल सर्वे आफ इंडिया' की १९१३-१४ की रिपोर्ट से ज्ञात होता है कि बसाढ़ मे फिर खुदाई हुई थी, जिसमें बहुत सी मोहरें निकली थीं। इनमें से बहुतसी में लेख भी मौजूद हैं। इन मोहरों में उपलब्ध नामों को जैन पुराणों के नामों से सावधानी से मिलान करने पर बहुतसी नई बातों का पता लग सकता है।

एक जमाने में वैशाली बहुत ही समृद्धशाली था। बल्कि ७ वीं शताब्दी तक वहां पर जैनधर्मावलम्बी प्रचुर संख्या में पाये जाते थे। चीन-यात्री ह्वेनसांग ने अपने यात्राविवरण में लिखा है कि वैशाली में उन्हें जैनमतानुयायी अधिक संख्या मे मिले थे।

उल्लिखित ये सब प्रमाण बसाढ़ को भगवान् महावीर की जन्मभूमि सिद्ध करने में अवश्य सहायक हैं।

अस्तु, विज्ञ पाठकों के समक्ष सिर्फ विचारार्थ मैंने अपनी एक राय उपस्थित कर दी है। कृपया इसे कोई अन्यथा समझने की चेष्टा नहीं करेंगे। अगर कोई विद्वान् नालन्दा के निकटवर्ती, पटना-जिलान्तर्गत कुण्डलपुर को ही भगवान् महावीर की जन्मभूमि प्रमाणित कर दें तो उसे मै सहर्ष स्वीकार कर लूंगा। सच्चे अन्वेषक का लक्ष्य सदैव सत्य की ही खोज रहता है। आशा है कि अनुसन्धानप्रेमी अन्य जैन व जैनेतर विद्वान् भी इस विषय पर अपना विचार अवश्य प्रकट करेंगे। अन्त में एक अन्वेषक विद्वान् के शब्दों मे 'क्या कोई भक्तवत्सल जैन मुजफ्फरपुर-जिलान्तर्गत उस गाँव (बसाढ़) की खुदाई कराकर भगवान् के जन्मस्थान का ठीक-ठीक पता लगाने का उद्योग करके पुण्य और यश का भागी बनेगा ?'

१—'बंगाल-बिहार-उड़ीसा के प्राचीन जैन स्मारक' पृष्ठ २५।

देवराज द्वारा जैनधर्म की सहायता[1]

[ले० श्रीयुत बनारसीप्रसाद भोजपुरी, सा० रत्न, रचनानिधि]

यदि यह कहा जाय कि विजयनगर के हिन्दू राजाओं ने, हिन्दूधर्म के अनुयायी होते हुए भी, अन्य धर्मों का आदरपूर्वक सम्मान किया है, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं हो सकती। उन्होंने यदि एक तरफ हिन्दूधर्म के अस्तित्व की रक्षा के लिए अपने धन को पानी की तरह बहाया है, तो दूसरी ओर अन्य धर्मों के अस्तित्व की रक्षा के लिए भी उन्होंने अपना परिश्रम और धन खर्च करने में जरा भी आनाकानी नहीं की है। निःसन्देह उन हिन्दूधर्म के कर्णधारों को सभी धर्मों और संस्कृतियों का पोषक और संरक्षक कहना न्यायसंगत होगा। हम उनकी महान् उदारता और धर्मवीरता का बखान किन शब्दों में करें जब हम देखते हैं कि जहां उनका एकमात्र संकल्प और व्रत केवल हिन्दूधर्म की रक्षा और प्रचार करना था, वहाँ उन्होंने अन्य धर्मों की रक्षा और प्रचार करने में भी उसी प्रकार की तत्परता दिखाई। बेशक, उन्होंने हिन्दूधर्म के 'सत्य अहिंसा और प्रेम' के उपदेशों को पूर्णरूप से समझा था।

जैनधर्म को भी उन्होंने पर्याप्त सहायता पहुचायी, इसमें सन्देह नहीं किया जा सकता। राजा बुक्कराय प्रथम का प्रभाव उनके उत्तराधिकारियों पर पूर्णरूप से वर्तमान था। यह एक बहुत ही संतोष और आनन्द का विषय है कि सब प्रथम विजयनगर की पटरानियों के मस्तिष्क में ही जैनधर्म का अंकुर पैदा हुआ। देवराय प्रथम की रानी भीमा देवी ने उन्हें जैनधर्म की ओर प्रवृत्त किया। उनके धर्मगुरु पंडिताचार्य थे। भीमादेवी के प्रयत्न से करीब १४१० (ए० डी०) में श्रवणबेल्गोल के मंगाइ बसदि में शांतिनाथ स्वामी की प्रतिमा की स्थापना की गयी थी। उपर्युक्त बसदि का निर्माण करीब १३२५ (ए० डी०) में बेल्गोल के मंगाइ के द्वारा हुआ था।

भीमादेवी के प्रभाव से देवराय प्रथम की उत्तरोत्तर जैन मुनियों के प्रति श्रद्धा बढ़ने लगी। उन्होंने जैन मुनियों के प्रचार कार्य में पूरी सहायता पहुँचायी। शिलालेख से पता चलता है कि विख्यात वक्ता वर्धमान मुनि के प्रधान शिष्य धर्मभूषण गुरु की विजयनगर के राजा देवराय प्रथम ने पूरी प्रतिष्ठा और सहायता की थी। उन्होंने जैनों के विख्यात केन्द्र श्रवणबेल्गोल से पूरा संपर्क स्थापित किया था। करीब १४२० (ए० डी०) में उन्होंने गौतमस्वामी के अर्चनार्थ, वृत्ति के निमित्त, मेपिनाड में बेनमे नामक गाँव दान में दिया था। राजकुमार हरिहर ने भी अपने पूज्य पिता का सच्चा अनुकरण किया। उन्होंने कनकगिरि की बसदि के लिए बहुमूल्य और अनुकरणीय दान दिया।

---

१ श्रीयुत बी० ए० सालेतोर की Mediaeval Jainism के एक प्रकरण के आधार पर।

विजयनगर के राजा देवराय द्वितीय ने भी जैनधर्म को पूरी सहायता पहुँचायी। इन्होंने १४१९ (ए० डी०) से १४४६ (ए० डी०) तक शासन किया। १४२४ (ए० डी०) के करीब इन्होंने तुलु देश के वरंग नामक गाँव को वहाँ के नेमिनाथ की वसदि के लिए दान में दिया।

कृष्णदेव राय के बारे में यह कहना अनुचित न होगा कि उन्होंने अपने राज्य के भिन्न संप्रदायों को एक नजर से बराबर देखा। उनकी सहृदयता और सच्ची शालीनता का इससे बढ़कर ज्वलंत उदाहरण क्या मिल सकता है कि उन्होंने अपने साम्राज्य से परे दो दूर प्रांतों में जैन मंदिरों के लिए दान दिया था। इसके अलावा उन्होंने चिंगलेपट जिलान्तर्गत कंजीवरम् तालुका स्थित तिरुपरुत्तिकुणरु की त्रैलोक्यनाथ वसदि के लिए दान स्वरूप दो गाँव दिये थे। ये घटनाएँ १५१६ (ए० डी०) और १५१९ (ए० डी०) के बीच की हैं। उन्हीं दानवीर राजा ने १५२८ (ए० डी०) में चिप्पागिरि (अलूरु तालुक) की वसदि के लिए भी दान दिया था।

विजयनगर के राजाओं में देवराय का नाम जैन-वसदि-निर्माण-कार्य में सर्वप्रथम लिया जा सकता है। इन्होंने जैन-वसदि-निर्माण-कार्य के अलावा सभी धर्मों में पारस्परिक सद्भावना कायम रखने की पूरी चेष्टा की थी। ये इस्लाम-धर्म की प्रतिष्ठा करने के लिए कुरान शरीफ को अपनी बगल में रखते थे। इन्हीं की उदारता का फल था कि राजधानी में पार्श्वनाथ-वसदि का निर्माण हो सका।

जैनधर्म के इतिहास में जेनरल इरुगप्प का नाम भी एक विशिष्ट स्थान रखता है। वे अपने काल के एक विख्यात जैन जेनरल थे। उन्होंने जैनधर्म के प्रचार के लिए चिरस्मरणीय कार्य किया है। शिलालेख में उनकी वीरता का बखान करते हुए कहा गया है कि जेनरल राजकुमार इरुगप्प जिस समय युद्ध भूमि के लिए प्रस्थान करते थे उस समय उनकी अश्वारोही सेना की घुड़दौड़ से आकाश धूलाच्छादित हो जाता था, और सूर्यदेव को अपनी रश्मियाँ छिपा लेनी पड़ती थीं। बात की बात में उनकी सेना शत्रुओं के समीप पहुँच जाती थी, जिससे शत्रुओं का हाथ बँध जाता था। एक ओर यदि उनकी वीरता चढ़ी-बढ़ी थी, तो दूसरी ओर उनकी धार्मिकता भी अपना सानी नहीं रखती। वे जैनधर्म के पक्के अनुयायी थे। उन्होंने १३८२ (ए० डी०) में तिरुपरुत्तिकुणरु की त्रैलोक्यनाथ-वसदि के लिए भूमि-दान किया था। उस वक्त विजयनगर के राजा हरिहर राय द्वितीय थे। जेनरल इरुगप्प के गुरु पुष्पसेन थे।

हरिहरराय द्वितीय के समय जेनरल इरुगप्प मंत्री के पद पर आसीन थे। उन्होंने राजधानी में कुन्थु जिननाथ का चैत्यालय बनवाया था। इसका निर्माण-कार्य १६ फरवरी १३८६ (ए० डी०) को समाप्त हुआ था। आजकल भूल से लोग इसे गाणगित्ति मंदिर के नाम से पुकारा करते हैं। इस शिलालेख में जिन जैन-गुरु सिंहनंदी का नाम अंकित है, वह

वही सिंहनदी आचार्य हैं, जिनका उल्लेख श्रवणबेलगोल में प्राप्त करीब १४०० (ए० डी०) के कागज पत्रों में मिलता है।

इरुगप्प सिर्फ कुशल राजनीतिज्ञ ही नहीं थे, बल्कि एक योग्य इञ्जिनर भी थे। १३९४ (ए० डी०) में उन्होंने कुणिगल के तालाब से नहर निकाली थी। उक्त नहर पर प्राप्त शिलालेख से पता चलता है कि इरुगप्प संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान थे और उन्होंने संस्कृत में 'नानार्थरत्नाकर' नामक कोष लिखा था। उन्होंने १४०३ (ए० डी०) में हरिहरराय द्वितीय के शासन काल में मन्त्रिपद को योग्यता के साथ निभाया और ऊँचे राजपद पर राजा देवराय द्वितीय के शासन काल तक बने रहे। १४२२ (ए० डी०) के करीब श्रवणबेलगोल के शिलालेख से पता चलता है कि जनरल इरुगप्प ने जैन गुरु श्रुतमुनि के सम्मुख बेलगोल नामक ग्राम को गुम्मटेश्वर की पूजा के लिए दान में दिया था। १४४२ (ए० डी०) के करीब प्राप्त शिलालेख से इस बात की पूरी पुष्टि हो जाती है कि इरुगप्प देवराय द्वितीय के शासन काल में एक ऊँचे सरकारी पद पर वर्तमान थे। उसमें लिखा है कि जैन कमांडर इरुगप्प गोवा और चन्द्रगुट्टि के वायसराय के पद पर विराजमान थे। तात्पर्य यह कि उन्होंने करीब ५९ वर्षों तक (१३८३ ए० डी से १४४२ ए० डी० तक) विजयनगर की सरकार के ऊँचे सरकारी पदों को योग्यता पूर्वक निबाहा। वे उतने समय तक जैनधर्म की उन्नति के लिए बराबर तत्परता से कार्य करते रहे और हर तरह की सरकारी सहायता पहुँचाते रहे।

इरुगप्प के भाई जेनरल बैचप्प ने भी जैनधर्म की पूरी सहायता की थी। यहीं तक नहीं, बल्कि इरुगप्प के अन्य साथियों ने भी जैनधर्म की पूरी सहायता की और इसके प्रचार में काफी तत्परता और सफलता प्रकट की।

इरुगप्प के वक्त में एक और मशहूर राज अधिकारी ने जैनधर्म की पूरी सहायता की थी। उनका नाम महाप्रधान गोप चमूपति था। उनकी वीरता और कार्य-क्षमता की ए० डी० १४०८ के शिलालेखों में पूरा जिक्र मिलता है। ये पक्के जैनी थे। जैनधर्म के प्रति उनकी श्रद्धा और प्रेम सराहनीय है। इन्हीं की तरह दो और राज आफिसरों ने जैनधर्म को पूरी सहायता पहुँचायी थी, जिनमें एक का नाम था मसनहल्लि कम्पन्न गौड़। इन्होंने १४२४ (ए० डी०) में बेलगोल के गुम्मट स्वामी के पूजार्थ तीन हल्लि नामक ग्राम दान में दिया था। दूसरे का नाम वल्लभ राजदेव महाअरसु था। ये महामण्डलेश्वर भूपति राजा के पोता थे। इन्होंने भी जैनधर्म को हर तरह की सहायता पहुँचायी थी। इस प्रकार जब हम विजयनगर राज का इतिहास देखते हैं, तो हमें कहना पड़ता है कि वहाँ के राजाओं में जैसी स्वधर्म के लिए सच्ची कट्टरता थी, उसी प्रकार अन्य धर्मों के लिए महान् उदारता भी थी। खास कर जैनधर्म का तो उनके द्वारा पर्याप्त प्रचार हुआ है जिसके लिए जैन-समाज उन दूरदर्शी, योग्य और उदार राजाओं का चिर आभारी रहेगा।

उपाध्याय मेघविजय के दो नवीन ग्रन्थ

[ले० श्रीयुत अगरचन्द, नाहटा]

भारतीय प्राचीन जैन ज्ञानभंडारों में यद्यपि जैसलमेर, पाटण, खंभात आदि स्थानोंके ज्ञानभंडार विशेष प्रसिद्ध है ! पर हस्तलिखित प्रतियों की संख्या के लिहाज से मेरे खयाल से बीकानेर जैसा गौरव किसी भी स्थान को प्राप्त नहीं है। यहाँ के विविध संग्रहालयों में करीब ४०-५० हजार हस्तलिखित प्रतिया हैं जिनमें सैकडों जैन एवं जैनेतर ग्रन्थरत्न ऐसे भी है जिनकी प्रतियाँ अन्यत्र कहीं भी प्राप्त-ज्ञात नहीं है। प्रस्तुत लेख में ऐसे ही दो अन्यत्र अप्राप्य ग्रन्थरत्नों का परिचय प्रकाशित किया जा रहा है।

अट्ठारहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में तपागच्छ के तीन महाविद्वानों का स्थान बहुत ही महत्त्वपूर्ण है, वे है—१ उ० विनयविजय २ उ० यशोविजय और उ० मेघविजय। इनमें प्रथम सिद्धान्तशास्त्र, दूसरे न्यायशास्त्र और तीसरे काव्यशास्त्र के पारंगत रूप से प्रसिद्ध है। इनमें प्रथम का स्वर्ग स० १७३८ द्वितीय का सं १७४५ और तृतीय का ग्रन्थ-रचना-काल सं० १७२७ से १७६० तक हैं। उपाध्याय मेघविजय विविध विषयों के मर्मज्ञ थे। उन्होंने काव्य में पादपूर्त्ति+ की जो चमत्कृति दिखाई है वह अपूर्व है—माघ की पादपूर्ति रूप में देवानंदाभ्युदय, मेघदूत की पादपूर्ति में मेघदूतसमस्यालेख, नैषध की पादपूर्ति में शातिनाथचरित्र बनाया एवं दिग्विजय महाकाव्य तथा सर्वोच्च सप्तसंधान-काव्य रच कर अपनी अपूर्व विद्वत्प्रतिभा का विश्व को अनोखा परिचय दिया। आपने लोकसाहित्य में पंचाख्यान, कथासाहित्य में लघु त्रिषष्ठिचरित्र, व्याकरण में चन्द्रप्रभा, ज्योतिष में उदयदीपिका, वर्षप्रबोध (मेघमहोदय), रमलशास्त्र, सामुद्रिक में हस्तसंजीवन, मत्र पर वीसायंत्रविधि, आध्यात्म में मातृप्रसाद, खंडन में युक्तिप्रबोध और धर्ममजूषा इत्यादि अनेक ग्रन्थ रचे है। प्राकृत, सस्कृत एव लोकभाषा इन तीनों में आप की रचनाएँ प्राप्त है। जिससे विविध भाषाओं एवं विषयों पर आपका प्रभुत्व प्रतीत होता है। आप की दो नवीन रचनायें हमारी खोज से बीकानेर के जैन भंडारों में प्राप्त हुई है जिनका परिचय कराना ही इस लेख का उद्देश्य है। इनमें से प्रथम ग्रन्थ व्याकरण विषयक है और इसकी प्रति हमारे संग्रहालय में सुरक्षित है। दूसरा ग्रन्थ न्याय पर है और उसकी प्रति स्थानीय बृहत् ज्ञानभाडार के अंतर्वर्ती भुवनभक्तिभांडार में है। इन ग्रन्थो का विशेष परिचय इस प्रकार है :—

+ देखें, मेरा लेख 'जैनपादपूर्ति साहित्य'—जैन-सिद्धान्त-भास्कर भा० ३, किरण २-३।

१ शब्दचंद्रिका —इस ग्रन्थ के तीन प्रकाश हैं और २४ पत्र की प्रति हमारे समक्ष में है। खेद है कि प्रति के ऊपर के किनारे के भाग में किसी जन्तु के गोन्द आदि देने के कारण उस स्थान का पाठ सब पत्रों में खण्डित हो गया है। प्रतिलिपि सुन्दर है। पर अक्षर जैनतर प्रतीत होते हैं। प्रति संवत् १७८१ की लिखी हुई है अर्थात् ग्रंथकार के समय की ही है। ग्रन्थ में रचना संवत् नहीं दिया गया है। पर सं० १७६१ में प्रति लिखी हुई है। अत इससे पूर्व का ही निश्चित होता है। प्रति का प्रथम पृष्ठ एवं अंतिम पृष्ठ का चौथा भाग रिक्त है। अवशेष पत्रों के प्रत्येक पृष्ठ में पंक्ति १०, व प्रतिपंक्ति वर्ण ४५ करीब है।

आदि —॥ ॥ ६० ॐ शखेश्वरपार्श्वं, ह्रा नत्वा बालाय ।

(है) मचद्रस्य, चंद्रिकासौ निरूप्यते ॥

अर्हं पद सदा ध्येय कन्यार्थसिद्धये सता (सदा)

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः क ख इत्यादि—

प्रथम प्रकाश के अंत में —पत्रांक १२ A

श्रीविजयप्रभसूरे प्रेष्य शिष्य कृपादिविजयकवे ।

श्रीमेघविजयवाचकवरोऽम्यधाच्चंद्रिकास्यादौ ।

इतिशब्दचंद्रिकायां प्रथमप्रकाश

(पत्रांक A में भी हीरविजयसूरि, विजयसेन, विजयदेव, विजयप्रभसूरि का नाम आता है)

द्वितीय प्रकाश के प्रारंभ में—

श्रीनाभिभू सरस्वत्यां, शिष्या दध्या रमदधत् ।

शुभमंगलान्वित शब्द सृष्टे धातुर्नयविधे क्रियार्थो धातुस्त्यादि ॥

× × ×

अंत —उपरोक्त श्लोक के बाद —

इति श्रीसिद्धहेमचन्द्रव्याकरणस्य शब्दचंद्रिकायां द्वितीयप्रकाश ।

तीसरे प्रकाश का प्रारंभ पत्रांक २१ B

आदि —श्रीपार्श्वो जयतु श्रीऋषभनाथ शिवऽस्तु ।

आनुमोऽत्यादि कृत्स्नद्यमान प्रत्यय ।

× × ×

अंत —उपर्युक्त श्लोक के पश्चात् —श्रीदापा, गम्भामाता कूले येषेन्नर्मदा ।

एवं गारपाश्रुशुभा या रूपश्रीरस्तु नर्मदा ।।

स·········मेघाभ्युदयनंदिनी ।
सौरप्रभावादालोकं चंद्रिका जयताच्चिरं ।
शाविबुधैः पीयमानासौ नयनानंददा··· ······
··· ·······गर सोल्लासात् पुष्णातु विजयश्रियं ।४

इति श्रीशब्दचंद्रिकाया तृतीयः प्रकाशस्तत्पूर्तौ ग्रथोपि संपूर्णश्रियमशिश्रेयत् ॥शुभम् सवत् १७६१॥

२ मणिपरीक्षा :—प्रस्तुत ग्रन्थ में ४ विमर्श हैं और प्रसिद्ध नैयायिक गंगेश उपाध्याय के चिन्तामणि ग्रन्थपर इसमें आलोचना है। प्रति ८ पत्र की है। प्रत्येक पृष्ट में पक्तियाँ २१ से २४ व प्रतिपंक्ति अक्षर ५० के करीब है। प्रथम पृष्ट रिक्त एव अंतिन पत्र में केवल ३ ही पंक्तियाँ लिखी हुई है। कहीं कहीं किनारों पर टिप्पणी भी लिखी हुई है। प्रति में लेखन एवं रचना-समय नहीं हैं। ग्रन्थ का विशेष विवरण इस प्रकार है :—

आदिः—तर्कश्चिंतामणौ कार्यः स्मृत्वा स्याद्वादिनं जिनं ।
विशिष्य शिस्यबोधाय धार्यश्चात्रोपदिश्यते ॥१॥

तत्राप्यादावनुमानपरिच्छेदव्याप्तिविशिष्टपक्षधर्मताज्ञानमनुमितिः तत्करण-मनुमानमिति प्रथमतो लक्षणं तस्यार्थः। इत्यादि

द्वितीय विमर्श के प्रारंभ में :—
अथ न्यायांगमुख्यत्वात् व्याप्तैः किंचिद्विचार्यनो ।
चिंतामणौ श्रीगंगेशोपाध्यायोक्तेऽस्य सन्निवेः ।१।

तृतीय विमर्श प्रारंभ :—अथ उपाधिसाधितविमर्शः। इत्यादि

चतुर्थ विमर्श प्रारंभ :—अथ एवं भावत्वव्यावृत्याध्वंसे जन्यत्वानित्यत्वयोः
संबंधो निवर्त्तमानः पक्षधर्मताबला × पक्षधर्मतापि विमृश्यते × इत्यादि

अंतः—मणेः परीक्षा मणिकर्णिकेव पूर्णारसैः स्वारसिकैर्मुदेव ।
गंगेश्वरश्रीगृहसंनिधाना, ध्यानोऽवधार्या शिवपूर्वतुर्या ।१।
भानुदयसदाध्याय बुद्ध्यायश्चाप्लवं सृजेत् ।
अस्यामश्याय धीरर्हस्तुष्टस्तस्येह सुश्रिये ।२।
श्रीविजयप्रभसूरेस्तपागणेशस्य सेवको मेघः ।
सम्यक्त्वशुद्धिसिद्धैः कृतवानेतां मणिपरीक्षां ।३।
इति श्रीमणिपरीक्षाया चतुर्थो विमर्शः ॥

उक्त दोनों प्रतियो के उदाहरण अक्षम्य अशुद्धियों से भरे पड़े हैं। सं०

जिनकल्प और स्थविरकल्प पर श्वे० साधु श्री कल्याणविजयजी

[ले० श्रीयुत कामताप्रसाद जैन डी एल, एम आर ए. एस]

मैंने पहले पहल श्वेताम्बर साधु स्व० श्री विजयधर्म सूरिजी को देखा था। वह अलीगंज होकर निकले थे। उनकी विद्वत्ता और निर्भीक चर्या का प्रभाव मेरे मन पर पड़ा था। उपरान्त साहित्यिक प्रसंग में श्वेताम्बर साधुगण श्री विद्याविजयजी, स्व० श्री हिमांशु विजयजी, वयोवृद्ध चौथमलजी प्रभृति से भी मेरा परिचय हुआ। मुझे श्वेताम्बर यतिवर्ग पर गर्व था, वह निस्सन्देह उपर्युल्लिखित विद्वज्जनों से समलंकृत है। किन्तु इसके साथ ही श्री 'जैन सत्यप्रकाश' में प्रकाशित कतिपय श्वेताम्बर साधुओं के लेखों की विचारसरणी से मुझे अनुभव हुआ कि सब ही चमकनेवाली चीज सोना नहीं होती। श्वेताम्बरीय यतिसमुदाय में साम्प्रदायिकता के पोषक कतिपय पक्षपाती साधुओं के करतब अचम्भे में डालनेवाले हैं— सम्प्रदायवाद के पोषण में वह शायद अपने सत्यमहाव्रत की रक्षा करना आवश्यक नहीं समझते। यही कारण है कि 'हिमवन्त थेरावली' जैसी जाली और कल्पित पट्टावलियां एवं झूठे फरमान यह लोग उपस्थित कर सके हैं।[1] इसी 'हिमवन्त थेरावली' के आधार पर एक समय श्री कल्याणविजयजी ने सम्राट् खारवेल को श्वेताम्बर सिद्ध करने का असफल उद्योग किया था, परन्तु श्री जिनविजयजी ने उस 'थेरावली' को ही झूठा सिद्ध किया जिस पर श्री कल्याणविजयजी ने वह लेख लिखा था।[2] इन्हीं श्री कल्याणविजयजी ने एक पुस्तक "श्रमण भगवान् महावीर" नामक लिखी है जो श्री क० वि० शास्त्रसंग्रह समिति जालोर द्वारा सवत् १९९८ में प्रकाशित की गई है। इस पुस्तक के अन्तिम भाग में विद्वान् लेखक ने 'जिनकल्प' और 'स्थविरकल्प' पर विवेचना करते हुये दिगम्बर सम्प्रदाय की उत्पत्ति पर अद्भुत प्रकाश डाला है, जिसका न कोई सिर है और न पैर।[3] पहले ही आपने दोनों

---

१ 'अनेकान्त' वर्ष १ पृ० ३११-३१२ में 'हिमवन्तथेरावली' को जाली प्रकट किया गया है। श्री सम्मेदशिखरजी के मुकदमे में ऐसे फरमान पेश किये गये जो जाली थे। उनके विषय में माननीय जज ने अपने फैसले में लिखा था —

'They (Firmans) will appear to be matlabi on the face of them and to have been got up for the purpose of disputes

—Parasnath Hill Judgment p 32

२ "अनेकान्त" की प्रथम वर्ष की फाइल देखो।

३ सप्तम परिच्छेद, पृ० २८९-३१०

'कल्पो' का स्वरूप दिगम्बर और श्वेताम्बर मतानुसार इस ढंग से लिखा है कि दोनों में बजाहिर कुछ अन्तर ही नहीं दिखता। अत सब से पहले हम इस पर ही विवेचन करेंगे।

दिगम्बरमत : दिगम्बर सम्प्रदाय के प्राचीनतम उल्लेख से स्पष्ट है कि उसके निकट साधुवेष दिगम्बरत्व में निहित रहा है। बाह्याभ्यन्तर परिग्रह से रहित साधु ही निर्ग्रन्थ हो सकता है।[१] तिलतुषमात्र परिग्रहरहित यतिवेष ही प्रशंसनीय और मोक्ष का साधन है। जिनेन्द्र ने इसी का उपदेश दिया है। प्रथम तीर्थङ्कर आदिनाथ द्वारा उपदिष्ट इस यतिधर्म को माननेवाले ही निर्ग्रन्थ साधु हैं।[२] अन्य लोग जो वस्त्रादि धारण करते हैं, वह भ्रष्टाचारी हैं।[३] यथाजातरूप निष्परिग्रही निर्ग्रन्थ ही पूज्य हैं—यही जिनलिङ्ग हैं! इस जिनलिङ्ग के चार चिन्हों में सर्वप्रथम आचेलक्य (नग्नत्व) है, जिसमे साधु को वस्त्रादि सब ही परिग्रह का त्याग कर देना होता है।[४] उसके साथ केशलुञ्चन, शरीरव्युत्सर्ग (शरीर से अममत्वभाव) और प्रतिलेखन भी निर्ग्रन्थलिङ्ग के चिन्ह हैं। प्रतिलेखन से मात्र जीव-दया के उपकरण मयूरपिच्छिका है। इस जिनलिङ्ग को वे ही महाभाग धारण करते हैं जो श्री जिनेन्द्र के समान होना चाहते हैं—निर्ग्रन्थ रूप जिनेन्द्र का प्रतिबिम्ब ही है।[५]

---

१ 'जधजाद रूवजादं उप्पाडिदकेसमं सुगं सुद्धं। रहिदं हिंसादीदो अप्पडिकम्मं हवदि लिंगं ॥५॥
मुच्छारंभविमुक्कं जुत्तं उवजोग जोग सुद्धीहिं। लिंगं ण परावेक्खं अपुणब्भवकारण जेण्हं ॥६॥
प्रवचनसार अ० ३

२ 'ततः सद्ग्रन्थयत्यक्तं जिनलिङ्गं प्रशस्यते। ससम्यक्त्वस्य जीवस्य मोक्षसौख्यस्य साधनम्।'
भद्रबाहुचरित्रः।

'णिग्गंथो जिणवसहो णिग्गंथं पवयणं कयं तेण।
तस्साणुमग्गलग्गा सव्वे णिग्गंथमहरिसिणो ॥१३४॥'—भावसंग्रहः।

३ 'जे पुण भूसियगंथा दूसियणिग्गंथलिंग वयभट्टा।'—भावसंग्रहः।

४ 'आचेलक्कं लोचो, वोसट्टसरीरदा य पडिलिहणं।
एसो हु लिंगकप्पो, चदुव्विहो होदि उस्सग्गे ॥८२॥'—भगवती आराधना।

× × × ×

'आचेलक्कं लोचो वोसट्टसरीरदा य पडिलिहणं।
एसो हु लिंगकप्पो चदुव्विधो होदि णादव्वो ॥९०८॥'—मूलाचार।

× × × ×

'चेलादिसव्व संगचाओ पढमो हु होदि ठिदिकप्पो।
इह पर लोइयदोसे, सव्वे आवहदि संगोहु ॥२२॥'—भगवती आराधना।

५ 'जियपडिरूवं विरियायारो, रागादिदोस परिहरणं।
इच्चेवमादिबहुगा, आचेलक्के गुणा होंति ॥८७॥'—भगवती आराधना।

इस निर्ग्रन्थलिङ्ग के दो भेद शास्त्रोंमें बताये गये हैं, (१) जिनकल्प और (२) स्थविरकल्प[1]। यह भेद मुनिजनों के संहनन, चारित्र और ज्ञान के विशेषत्व की अपेक्षा ही कहे जा सकते हैं, वरन् हैं दोनों एक ही चीज! जिस प्रकार सामान्यकेवली और विशेषकेवली में केवलज्ञान की अपेक्षा कोई भी भेद नहीं है—दोनों ही त्रिकालज्ञ त्रिलोकदर्शी हैं, उसी प्रकार जिनकल्पी और स्थविरकल्पी मुनि धर्म की अपेक्षा से अभिन्न हैं। उपर्युल्लिखित मुनिलिङ्ग के चार चिन्हों में जिनमें आचेलक्य (दिगम्बरत्व) सर्वप्रथम है, दोनों ही प्रकार के मुनिजन समलङ्कृत रहते हैं।

जिनकल्पी मुनि की विशेषता साधारण मुनि जो स्थविरकल्पी कहे गये हैं उनसे निम्नलिखित विशेषताओं के कारण है[2] "ऐसे मुनिराज सम्यक्त्वरत्न से विभूषित अर्थात् भावलिङ्गी होते हैं—अपनी इन्द्रियों को वह पूरी तरह वश में किये होते हैं। उनका ज्ञान इतना विशाल होता है कि एकाक्षर के समान एकादशाङ्ग शास्त्र के ज्ञाता होते हैं। उनकी सहनशीलता चरमसीमा की होती है—कदाचित् उनके पांव में कांटा लग जावे अथवा आंखों में रजकण गिर जावे तो उन न वे स्वयं निकालते हैं और न दूसरों से कहते हैं कि तुम निकाल दो। वह निरन्तर मौन सहित रहते हैं। वह उत्तम—वज्रवृषभनाराचसंहनन के धारक होते हैं। गिरि गुहाओं वन कन्दराओं आदि निर्जन स्थानों में रहते हैं। वर्षाकाल में जब मार्ग जीवों से पूर्ण हो जाते हैं तो वह छह मास पर्यन्त निराहार रहकर कायोत्सर्ग धारण करते हैं। सर्वपरिग्रह रहित और रत्नत्रय से भूषित वे मोक्ष की साधना में लीन रहते हैं। धर्मध्यान और शुक्लध्यान में ही वे सदा निरत रहते हैं। उनके रहने के स्थान का कोई पता नहीं होता और वे जिन भगवान् के समान एकाकी विहार करनेवाले होते हैं।"[3]

१ दुविहो णिग्गंथिं कहिओ जिणकप्पो तह य थविरकप्पो य।
सो जिणकप्पो उत्तो उत्तम सहयणा धारिस्स ॥११८॥'—भावसंग्रह

× × × ×

२ "सो जिणकप्पो उत्तो उत्तमसहयणधारिस्स ॥
जत्थ य कंटयभग्गो पाए णयणम्मि रयपविट्ठम्मि।
फेडंति सय मुणिणो परावहारे य तुण्हिक्का ॥१२०॥
जलवरिसणवाए गमणं भग्गं य जम्म छम्मास।
अच्छंति णिराहारा काओ सग्गेण छम्मास ॥१२१॥
एयारसंगधारी एयाई धम्मसुक्कझाणी य।
चत्तासेस कसाया मोणवई कंदरावासी ॥१२२॥
बहिरंतर गंथ चुआ णिण्णेहा णिप्पिहा य जइवइणो।
जिण इव विहरंति सया ते जिणकप्पे ठिया सवणा ॥१२३॥"—भावसंग्रह

३ 'भद्रबाहुचरित्र' परिच्छेद ४ श्लोक १०४—११०

ये विशेषतायें ही उन्हें जिन भगवान् के सदृश चर्यायुक्त होने के कारण जिनकल्पी ठहरातीं हैं। श्री अपराजित सूरि ने संक्षेप में यही कहा है कि जो मुनि राग, द्वेष और मोह को जीतनेवाले हैं—उपसर्ग-परीषहों को समभाव से सहते हैं और जिनेन्द्र के समान विहार करते हैं वह जिनकल्पी हैं।[1]

स्थविरकल्पी मुनि जिनसंघ में रहने वाले सामान्य निर्ग्रन्थ साधुओं का द्योतक हैं। शास्त्रों में इनका वर्णन यूँ मिलता है :[2] "जिनलिङ्ग के धारक अट्ठाईस मूलगुणों से युक्त और सम्यक्त्वरत्न से समलङ्कृत साधु स्थविरकल्पी निर्ग्रन्थ हैं। उनका अधिकांश समय ध्यान अध्ययन में व्यतीत होता है। पञ्चाचार का वे पालन करते हैं, उत्तम, क्षमादि दशधर्म से

---

१ 'जितरागद्वेषमोहा उपसर्गपरीषहारि वेग सहा. जिनाइव विहरन्ति इति जिनकल्पिका.।

—विजयोदयाटीका, ३।१५५

यह उल्लेख हमें श्रीयुत पं० परमानन्द जी से प्राप्त हुआ है। इसके लिए हम उनका आभार मानते हैं। हमारे संग्रह की एक हस्तलिखित पोथी में 'सिद्धान्तशिरोमणि' नामक रचना है। उसमें कतिपय गाथाओं को उद्धृत करके निम्न प्रकार वर्णन लिखा है :—

"भूमि सयनं लुंचो वे बे मासेहि असहनिजासो (?), बावीस परीसा सहियं असहि जाणेनिचंपी ॥४४॥
निग्गथ पवयनं जिनवरनाहेन अखियं परमं, ततम्हि उनआनं पंच मानो नमिछन्नं (?) ॥४५॥
बहिरंतरगं गंथ चूया निनेहा निप्पयजय वयने; जिनइवा विहरंति सय ते जिनकप्पो ठिया सवना॥४६॥
थिवर कप्पो विकहाउ, अनगारा तं जिनेमनिए, सो पंचय चेलय चाउ आकिंचनत्तचपडिलहनं ॥४७॥
(चौपई) बाहिर अंतर परिग्रह छोडि; मौन रहे निःसनेही जोर।
पंच चेल तजि जिनवर जिसो, जिनकल्पी मुनि कहिये इसो ॥४८॥", इत्यादि।

२ "थविर कप्पो वि कहिओ अणयाराणं जिणेण सो एसो।
पंचचेल चाओ अकिंचणत्तं च पडिलिहणं ॥१२४॥
पंच महव्वय धरणं ठिदिभोयण एयभत्त करपत्तो।
भत्तिभरेण य दत्तं काले य अजायणे भिक्खं ॥१२५॥
दुविहतवे उज्जमणं छव्विह आवासएहि अणवरयं।
खिदिसयणं सिरलोओ जिणवर पडिरूवपडिगहणं ॥१२६॥
संहणणस्स गुणेण य दुस्समकालस्स तव पहावेण।
पुरणयर गाम वासी थविरे कप्पे ठिया जाया ॥१२७॥
उवयरणं तं गहियं जेण ण भंगो हवेइ चरियस्स।
गहियं पुत्थयदाणं जोग्ग जस्स तं तेण ॥१२८॥
समुदाएण विहारो धम्मस्स पहावणं ससत्तीए।
भवियाण धम्मसवणं सिस्साण य पालणं गहणं ॥१२९॥
संहणणं अइणिचं कालो सो दुस्समो मणो चवलो।
तह वि हु धीरा पुरिसा महव्वयभर धरणउच्छहिया ॥१३०॥—भावसंग्रह।

सदा विभूषित रहते हैं। बाह्याभ्यन्तर परिग्रह से विरक्त होते हैं। खड़े खड़े विधि से दिन में एक दफा करपात्र पर भोजन करते हैं। मणि-तृण, नगर वन शत्रु मित्र सुख दुःख, सब में समभावी होते हैं। मोह मान आदि से उन्मत्त नहीं होते। धर्मोपदेश के समय बोलते हैं—शेष समय मौन रहते हैं। सुन्दर मोर पिच्छिका प्रतिलेखन (शोधन) के लिये धारण करते हैं। ये संघ के साथ साथ विहार करते हैं। धर्मप्रभावना करने में निरत रहते हैं और अपने शिष्यों का संरक्षण करते हैं। वृद्ध साधुसमूह की वैयावृत्ति करने में सावधान रहते हैं। इसीलिये महर्षिगण उनको स्थविरकल्पी कहते हैं।"[1] पूर्वोक्त 'सिद्धान्तशिरोमणि' में इनके विषय में उल्लेख है कि —

> "थिवरकल्पी गुरु सौं कहैं वाणि। नीरस भोजन लेंय सकति परिमाण॥
> आकिंचन पंच चेला तजै। तासौं थिविरकल्पी कहि यजै॥४६॥"

सारांश यह कि सब प्रकार के हीन संहननवाले मुमुक्षु जिनलिङ्ग को धारण कर के मुनिसंघ में रहकर आत्मकल्याण करते हैं, वे मुनिजन स्थविरकल्पी कहलाते हैं। यही दो प्रकार का मुनिकल्प जिनेन्द्र ने कहा है। शेष समय (सवस्त्र) कल्प मात्र पाखंड है।[2]

श्वेताम्बर मत साधु का वेष क्या होना चाहिये अथवा मुक्ति किस लिङ्ग से प्राप्त की जा सकती है? इस प्रश्न के उत्तर में श्वेताम्बरों की प्राचीन मान्यता दि० जैनों से प्राय अभिन्न है। श्वेताम्बरीय 'आचाराङ्गसूत्र' में भिक्षु के लिये परमधर्म आचेलक्य ही बतलाया है अर्थात् साधु को दिगम्बर वेष धारण करना चाहिये।[3] प्रथम तीर्थङ्कर श्री ऋषभदेव ने इसी धर्म का प्रतिपादन किया और अन्तिम तीर्थङ्कर महावीर ने भी उसी को धारण किया।[4] भ० महावीर के शिष्य जो साधु हुये उन्हें नग्नवेष धारण करना पड़ता था। राजा उदयन, ऋषभदत्त आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।[5] भ० महावीर ने स्पष्ट कहा था कि निर्ग्रन्थ श्रमण को नग्नभाव, मुंडभाव, अस्नान, छत्र नहीं करना, पगरखी नहीं पहनना, भूमिशय्या, केशलोच, ब्रह्मचर्यपालन, अन्य के गृह में भिक्षार्थ जाना और आहार की वृत्ति का पालन करना

---

१ भद्रबाहुचरित्र, प० ४ श्लोक १११ १२०

२ एक दुविहो कप्पो परमजिणिंदेहिं अक्खिओ पुव्वं।
  अवसेसो पासंडिकप्पो णिद्दप्पो गयपरिकलिओ ॥१३२॥—भावसंग्रह

३ 'जे अचेले परिवुसिए तस्सणं भिक्खुस्सणो एव ।' १५१—आचाराङ्ग; 'तं वोसज्ज वत्थ मणगारे।'—२१० आचाराङ्ग, प्रो० जैकोबी ने 'अचेल' शब्द का अर्थ नग्नता (nudity) किया है (Jaina Sutras SBE I p 56) श्वे० 'प्रवचनसारोद्धार' (भा० ३ पृ० १४) से भी यही प्रकट है।

४ कल्पसूत्र (जैनसूत्र) S B E. भा० १ पृ० ०८५

५ ऋषभदत्त के विषय में कहा गया है कि जिस प्रयोजन के लिये उन्होंने नग्नता धारण की थी, उस अर्थ—निर्वाण को प्राप्त किया ("जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावो जाव तमट्ठं आराहेइ।" भगवतीसूत्र, शतक ९ उद्देशक ३३ उदयन कथा में यही बात उदयन के विषय में कही गई है।

अनिवार्य है।[1] आगामी तीर्थङ्कर महापद्म भी ऐसा ही उपदेश देंगे। उन्होंने अचेलक (दिगम्बर) निग्रन्थ मुनियों को सचेल (सवस्त्र) आर्यिकाओं से अलग रहने के लिये सावधान भी किया था।[2] इन उल्लेखों से स्पष्ट है कि श्वेताम्बरीय मान्यता भी प्राचीन निर्ग्रन्थलिङ्ग अचेलक (दिगम्बर) ही प्रकट करती है। सवस्त्र साधुत्व बाद की सूफ है और साधुओं द्वारा कल्पित है। श्री कल्याणविजय जी ने इस विषय पर श्वेताम्बरीय मत का उल्लेख निम्न-लिखित शब्दों में किया है :—

"श्वेताम्बर जैनो के निर्युक्ति और भाष्यादि आगम ग्रन्थों में जिनकल्प की व्याख्या करते हुये उसकी योग्यता के विषय मे लिखा गया है कि वज्रऋषभनाराचसंहननवाला और साढ़े नव पूर्व के ऊपर तथा दश पूर्व के भीतर श्रुत पढ़ा हुआ हो वही जिनकल्प ग्रहण कर सकता है। जिनकल्पिक नग्न, निष्प्रतिकर्म और विविध अभिग्रहधारी होने के नाते एक होते हुए भी, 'पाणिपात्र' और 'पात्रधारी' के भेद से दो प्रकार के होते है। (१) पाणिपात्र भी उपधि भेद से चार प्रकार के होते थे। कोई रजोहरण और मुखवस्त्रिका ये दो उपकरण रखते, कोई उक्त दो के अतिरिक्त एक, कोई दो और कोई तीन कल्प (चादरें) रखते थे। ..... सूत्रकालीन स्थविरकल्पिकों का वर्णन इस प्रकार है : 'जो भिक्षु तीन वस्त्र और एक पात्र के साथ रहता है, उसे कभी चतुर्थ वस्त्र मांगने की इच्छा नही करना चाहिये। तीन वस्त्र भी निर्दोष जानकर मांगने चाहिये और जैसे मिले वैसे ही काम में लाने चाहिये। न उन्हें धोवे रंगे, न धुले-रगे वस्त्रो को धारण करे। विहार में उन्हें न छिपाकर अल्पवस्त्रवान् होकर फिरे। यही वस्त्रधारी की सामग्री है। जब वह यह समझे कि शीतकाल बीत गया और ग्रीष्मकाल आ गया है तब यथाजीर्ण वस्त्रों को त्याग दे या कम कर दे अथवा एक शाटक (टुकड़ा) रखकर बाकी त्याग दे अथवा बिल्कुल अचेल बन जाय।"

इस उद्धरण से पाठक श्वेताम्बर मान्यता को जान सकते हैं। श्री कल्याणविजयजी ने आगे एक पात्र और दो वस्त्रादि के विधान का उल्लेख किया है। यह भी लिखा है कि यदि लज्जा प्रतिच्छादन को न छोड़ सके तो कटिबन्ध रख ले। भाष्यकाल में उपकरणों मे कुछ वृद्धि हो गई और कटिबन्ध का स्थान चोलपट्ट ने ले लिया। इस प्रकार श्वेताम्बरीय मत से जिनकल्प और स्थविरकल्प की व्याख्या है।

---

१ 'से जहानामए अज्जोमए समणाणं निग्गंथाणं नग्गभावे, मुंडभावे, अण्हाणए, अदंतवणे, अच्छत्तए, अणुवाहणए, भूमिसेज्जा, फलगसेज्जा, कट्ठसेज्जा, केसलोए, बंभचेरवासे, लद्धावलद्ध वित्तीओ जाव पण्णत्ताओ एवामेव महापउमेवि अरहा समणाणं णिग्गंथाण नग्गभावे जाव लद्धावलद्ध वित्तीओ जाव पन्नवेहिंत्ति।'—ठाणाङ्ग सूत्र (हैदराबाद) पृ० ८१३; 'सूत्रकृताङ्ग' (पृ० ७२) में भी निर्ग्रन्थ श्रमणों को मुंडे सिर नंगे फिरनेवाला लिखा है। (नगिणापिंढोल गाहमा। मुंडाकंडूविणठ्ठंगा।)

२ ठाणाङ्गसूत्र पृ० ६६१

दोनों मतों में अन्तर अब दिगम्बर और श्वेताम्बर मान्यता का भेद स्पष्ट कर देना आवश्यक है। पाठक देख सकते हैं कि दिगम्बर मान्यता दोनों ही कल्पों में आचेलक्य को प्रधानता देती है—दिगम्बरत्व के बिना निर्ग्रन्थत्व तो हो ही नहीं सकता। इसके विपरीत श्वेताम्बर मान्यता जिनकल्पी साधुओं के लिये तो दिगम्बर रहना आवश्यक ठहराती है, परन्तु स्थविरकल्पी साधुओं को लंगोटी से लेकर तीन वस्त्र तक धारण करने की अनुमति देती है और यह साधु की खुशी पर निर्भर है कि वह अचेलकव्रत पाले या नहीं। जिनकल्पी के लिये भी चादरें रखने की छूट है। यह कैसी विडम्बना है? जब सवस्त्रदशा से मोक्ष मिल सकता है तो कोई क्यों नगा होने लगा? तब नगा होने की आवश्यकता ही क्या रही? उस पर कहना यह है कि यदि साधक लज्जा के कारण प्रतिच्छादन न छोड़ सके तो कटिबंध रखने का भी विधान है—इस अवस्था में भी वह मोक्ष पा सकेगा। लज्जा एक दोष है—उसको छिपाने के लिए ही वस्त्र रक्खा जाता है, यह बात श्वेताम्बर भी मानते हैं। फिर लज्जादोष के रहते हुए मोक्ष कैसे संभव हो सकता है? इसके अतिरिक्त भ० महावीर ने श्रमणसंघ के लिये सामान्य रूप में सब ही के लिए जो नग्नभाव मुण्डभाव आदि का विधान किया, वह कैसे बन सकता है? जब पहले पहल सब ही मुनि स्थविरकल्पी वस्त्रधारी होते थे और उनमें से केवल वज्रऋषभनाराच संहननधारी विरले ही जिनलिङ्गी हो पाते थे—क्योंकि इस उत्तम संहनन का धारी हर कोई तो होता नहीं, तो फिर भ० महावीर के संघ में वस्त्रधारी निर्ग्रन्थ ही होना चाहिये—नग्न जिनकल्पी तो अल्प होना चाहिये। इस अवस्था में श्रमणत्व का मुख्य लक्षण और उद्देश्य 'नग्नभाव' कैसे सिद्ध हो सकता होगा? श्वेताम्बर जैन ग्रन्थों के अतिरिक्त किसी भी जैनेतर ग्रन्थ, शिलालेख या मूर्ति में इस बात की पुष्टि नहीं होती कि जैनमुनि वस्त्र पहना करते थे। कोई भी ऐसी मूर्ति किसी तीर्थङ्कर या मुनि की उस प्राचीन समय की नहीं मिली है जो वस्त्रयुक्त हो और श्वेताम्बरों की मान्यता को पुष्ट करे। जब श्वेताम्बर मतानुसार पहले और अन्तिम तीर्थङ्कर के अतिरिक्त मध्यवर्ती बाइस तीर्थङ्कर वस्त्रधारी श्रमण हुये थे तो उनकी वैसी मूर्तियाँ क्यों नहीं बनाई गईं? प्राचीन जैनियों की यदि यही मान्यता थी तो उन्होंने अपनी श्रद्धा के विपरीत मध्यवर्ती तीर्थङ्करों की मूर्तियाँ दिगम्बर (नग्न) क्यों बनाई? क्यों श्वेताम्बर मत के आचार्यों ने मथुरा में दिगम्बर मूर्तियों को ही पूज्य माना? सब प्राचीन स्पष्ट जिनप्रतिमायें पटना के पास से प्राप्त हुई हैं—वे मौर्यकालीन दिगम्बर प्रतिमायें हैं[1] और फिर श्वेताम्बरों ने दिगम्बर वेश जिनकल्पी मुनियों को वस्त्रधारी से अधिक विशुद्ध क्यों माना? (उक्कोसओ जिणाणं विसुद्ध जिणकप्पियाणन्तु—प्रवचनसारोद्धार भा० ३ पृ० १३) 'आचाराङ्ग' सूत्र में भी सर्वोत्कृष्ट धा.

1 जै० ऐंटीक्वेरी, भा० ३

कलाई पर वस्त्र का आच्छादन लटकाये हुये हैं ।[1] पहले पहल दिगम्बरत्व से एकदम सवस्त्र दशा मे आ जाना कठिन था । अतः पहले एक खंडवस्त्र ही धारण किया गया; जिसके कारण यह लोग 'अर्द्ध फालक' कहलाये । उपरान्त यह सम्प्रदाय बल पकड़ता गया और अपने आगम भी व्यवस्थित करता गया । परिणामतः दूसरी शताब्दि के प्रारंभ मे वह स्पष्टत' पूर्ण वस्त्रो को ग्रहण करके श्वेतपट (श्वेताम्बरो) के रूप मे प्रकट हो गया । ईस्वी छठी शताब्दि के लगभग श्री देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने आगम-साहित्य को सुव्यवस्थित करके श्वेताम्बर दर्शन को भी स्पष्ट बना दिया था । इसके विपरीत दिगम्बर जैनों ने उपलब्ध अंग साहित्य को इस घटना से बहुत पहले—विक्रमीय पहली शताब्दि के लगभग ही लिपिबद्ध कर लिया था । दिगम्बर पट्टावलियों मे अंगधर ऋषियो की नामावली ठीक से दी हुई मिलती हैं, जिससे स्पष्ट है कि अङ्गज्ञान क्रमशः विलुप्त होता आया था । हाथी गुफा के शिलालेख से इस मान्यता की पुष्टि होती है, क्योंकि उसमे जिनश्रुत के लुप्त होने का उल्लेख है ।[2] इस प्रकार दिगम्बर-मान्यता स्वाभाविक रूपमे उचित जंचती है और उसकी पुष्टि स्वाधीन साक्षी से भी होती है ।

श्वेताम्बर-मान्यता यह नहीं स्पष्ट करती कि आर्य महागिरि एव उनके शिष्यो ने किस कारण से जिनकल्प (दिगम्बरत्व) को प्रधानता दी थी, जब कि वे जानते थे कि उनका वज्रवृषभनाराच संहनन नही है ? वास्तव मे उसका कारण यही हो सकता है कि प्राचीन निर्ग्रन्थ (दिगम्बर) संघ ने दक्षिण भारत से लौटकर उत्तर भारत के संघ की उसके भ्रष्टाचरण पर भर्त्सना की थी । आर्य महागिरि ने उनकी बात ठीक मानी और प्राचीन निर्ग्रन्थरूप—नग्नत्व धारण कर लिया, परंतु समय के प्रभाव ने उनके मत को पनपने नही दिया । उनके शिष्य सचेल श्वेताम्बरीय अर्द्ध फालकों मे जा मिले, जो पहले नग्न रहते हुये भी कपड़े धारण कर लेते थे । उनमे से जो नग्न वेष मे रहे वह प्राचीन निर्ग्रन्थ (दिगम्बर) जैनो मे सम्भवतः सम्मिलित हो गये होंगे ।

ऐतिहासिक प्रकाश । श्री कल्याणविजयजी के उपर्युल्लिखित विवेचन मे निम्नलिखित बातें ऐतिहासिक साक्षा से बाधित हैं.—

(१) भ० महावीर के संघ मे पहले सब ही साधु स्थविरकल्पी (वस्त्रधारी) होते थे; उपरान्त उनमे से कुछ जिनकल्पी (दिगम्बर) हो जाते थे;

(२) भ० महावीर के निर्वाण जाने के ६४ वर्ष तक कुछ जिनकल्पी साधु हुये; बाद को सब स्थविरकल्पी (वस्त्रधारी) ही हुये;

(३) दिगम्बर सम्प्रदाय का जन्म आचार्य शिवभूति द्वारा लगभग ५ वीं ६ ठी शताब्दि के हुआ । लगभग इसी समय मूलसंघ अस्तित्व मे आया ।

1 *Buhler* Ep Ind, II 316 & Festschrift Prof Kane—(Poona) p 232
2. GBORS, XIII, 236 ff

प्रथम मान्यता के विषय में हम पहले ही दिगम्बर और श्वेताम्बर मत का दिग्दर्शन कर आये हैं, जिससे स्पष्ट है कि महावीर संघ म साधुओं का वेष नग्न था। श्वेताम्बरीय आगम-सूत्र म थों में शायद ही कहा पर जिनकल्प या स्थविरकल्प का वेसा उल्लेख हो जैसा कि श्री कल्याणविजयजी ने दर्शाया है—यह वर्णन भाष्य और चूर्णियों में ही मिलता है। वास्तव में जैन साधु का प्राचीन वेष नग्न ही था। जैनेतर साहित्य और पुरातत्त्व की साक्षी इस बात की ही पोषक है और उससे श्री कल्याणविजयजी की उपर्युक्त प्रथम व द्वितीय मान्यता का खण्डन होता है —

जैनेतर साहित्य में वैदिक और बौद्ध सम्प्रदायों के ग्रन्थ उल्लेखनीय हैं। अत पहले ही वैदिक साहित्य को लीजिये। 'ऋकसंहिता' (१०।१३६—२) म 'मुनयो वातरसना" का उल्लेख है। हिन्दूपुराण भागवत' से स्पष्ट है कि प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभदेव ने जिन ऋषियो को दिगम्बरत्वका उपदेश दिया था, वे 'वातरशनाना' श्रमण कहे गये हैं। प्रो० अल्बर्ट वेबर ने भी उक्त उल्लेख को दिगम्बर जैन मुनियो के लिये प्रयुक्त हुआ बतलाया है[1]। 'अथर्ववेद' (अ० १५) म व्रात्य' लोगों का उल्लेख है, जिन्हे प्रो० चक्रवर्ती दि० जैन श्रमण प्रमाणित करते हैं। उसमें ज्येष्ठव्रात्य को 'समनिचमेढ्र' लिखा है, जिसका भाव अपेत प्रजनना[2] होता है और यह उनके दिगम्बरत्व का द्योतक है। इन उल्लेखो से वैदिक काल म दिगम्बर जैन मुनियों का अस्तित्व सिद्ध होता है जब कि श्वेताम्बर मतानुसार सब ही तीर्थङ्कर और मुनि वस्त्र पहननेवाले साधु होते थ। अत उनकी यह मान्यता बाधित है।

उपरान्तकालीन उपनिषद् भी यथाजात दिगम्बरत्व का विधान अपने साधुओं के लिये करते हैं और उन्हें तुरियातीत और अवधूत परमहंस कहकर पुकारते हैं।[3] इनमें साधु निर्ग्रन्थ, निष्परिग्रही, यथाजातरूपधारी और शुक्लध्यानपरायण लिखा है। (यथाजातरूपधरो निर्ग्रन्थो निष्परिग्रह   शुक्लध्यानपरायण '—जाबालोपनिषद् सूत्र ६) शुक्लध्यान जैनदर्शन की मुख्य वस्तु है। वस्तुत दिगम्बर जैन मुनियों का प्रभाव उपनिषद्कालीन ऋषियों पर पड़ा प्रतीत होता है। यही कारण है कि उन्होंने वैसी साधुचर्या का विधान किया है जैसी कि दिगम्बर शाखा में है। इससे उपनिषद्काल में दि० जैन मुनियो का अस्तित्व प्रमाणित होता है जो निर्ग्रन्थ कहलाते थे।

रामायण' में (बालकाड १४।२२) उन श्रमणों का उल्लेख है जो भूषण टीका में दिगम्बर

---

१ Indian Antiquary XXX p 280

२ हमारे ग्रंथ "भगवान् पार्श्वनाथ" की प्रस्तावना देखो।

३ "दिगम्बरत्व और दि० मुनि" पृष्ठ २१ २६

हुआ है।[1] इसी ग्रन्थ में ईस्वी तीसरी या चौथी शताब्दि के लगभग कलिङ्ग में गुहशिव नामक राजा निगंठो का भक्त लिखा है। निर्ग्रन्थ यहां भी दिगम्बर लिखे हैं। बौद्ध नैयायिक कमलशील ने जैनों का अह्रीक नाम से उल्लेख किया है। 'अह्रीकादयश्चोदयन्ति'— स्याद्वादपरीक्षाप्रकरण, तत्वसंग्रह पृ० ४८६) इन उल्लेखों से यह भी स्पष्ट है कि दिगम्बर मुनियों का अस्तित्व पांचवी-छठी शताब्दि से पहले से चला आता था। उस समय उनका नया प्रादुर्भाव नहीं हुआ था।

फाह्यान्[2] और हुएनत्सांग[3] नामक चीनी यात्रियों को सारे भारत में दिगम्बर जैनी फैले हुये मिले थे। हुएनसांग ने निर्ग्रन्थ साधु को नग्न ही लिखा है।[4] इनके बहुत पहले सिकन्दर महान् के समय में यूनानी लेखकों ने जैन श्रमणों को दिगम्बर ही लिखा था।[5] ई० पूर्व सन् २५ मे पाड्यराज ने यूनान के शाह ऑगस्टस के लिये भेंट भेजी थी। उसके साथ एक श्रमणाचार्य (जैन गुरु) भी गये थे, जिन्होंने दिगम्बर वेष में सल्लेखनाव्रत द्वारा अपने जीवन का अन्त अथेन्स नगर में किया था।[5] ईस्वी प्रथम शताब्दि में अपोल और दमस नामक यूनानी तत्त्ववेत्ता भारत आये थे और उन्होंने दि० जैन मुनियों से शास्त्रार्थ किया था।[6]

तामिल साहित्य। मे 'मणिमेखलै' और 'सिलप्पदिकारम्' नामक दो महाकाव्य प्राचीन संगमकाल की रचनायें हैं। इनमे से पहला काव्य एक बौद्ध लेखक की कृति है। इसमें दिगम्बर जैनों का उल्लेख है।[7] एक स्थल पर इसमें लिखा है कि 'मानाइकन नामक

---

१ 'इमे अहिरिका सब्बे सद्धादिगुणवज्जिता। यद्धा सठा च दुप्पञ्ञा सग्ग मोक्ख विबन्धका ॥८८॥ इति सो चिन्तयित्वान गुहसीवो नराधिपो। पब्बाजेसि सकारट्ठा निगण्ठे ते असेसके ॥८९॥

—दाठावंसो पृ० १४

२ फाह्यान्, पृ० ३१-४५ (The Niganthas were ascetics who went naked— Fa-Hian, Beal, pp. 110-113)

३ "The Lihi (Nirgranthas) distinguish themselves by leaving their bodies naked & pulling out their hair"—St Julien Vienna, p 224.

४ "Alexander heard that these *Sramans* went about naked··· "—Mc Crindle, Ancient India, p. 70

"Those Indians, who are called *Semnoi* (श्रमण) go naked all their lives"— Clemens Alex

५ Indian Historical Quarterly, Vol II, p 293

६ " . ·disputed with Indian gymnosophists"

QJMS XVIII, 305-306

Term 'Indian Gymnosophists applies very aptly to the Niganthas (Digambara Jains)"

—Encyclo .Britannica, XV 128.

७ Studies in South Indian Jainism, pt. I pp 47-48
"These Jains were the Digambaras is clearly seen from their description

—S. K. Aiyangar.

व्यक्ति निग्रन्थ संघ में जाकर दिगम्बर मुनि हो गया।[1] यही बात दूसरे महाशय से स्पष्ट है, जो एक दिगम्बर जैन की ही रचना है। इनसे दिगम्बर जैनों का अस्तित्व प्राचीन काल से सिद्ध होता है।

भारतीय पुरातत्त्व में साधुता के लिये दिगम्बरत्व का महत्त्व प्राचीन काल से स्पष्ट है, क्योंकि सिंधु उपत्यका से उपलब्ध पुरातत्त्व में अनेक नग्न मूर्तियां मिली हैं। यह मूर्तियाँ दि० जैनमूर्तियों के अनुरूप हैं।[1] वहां की एक मुद्रा पर जिनेन्द्र शब्द भी पढ़ा गया है।[2] अतः आज से चार पांच हजार वर्षों पहले दिगम्बर मुद्रा का प्रचार प्रमाणित होता है।

सम्राट अशोकने अपने सातवें स्तम्भलेख में निग्रन्थ साधुओं का उल्लेख किया है। निग्रन्थ से भाव दिगम्बर जैन साधु होता है।[3] हाथीगुफा के एवं वहां के अन्य शिलालेखों में दिगम्बर मुनिजनों का उल्लेख तापस और श्रमण नाम से हुआ है।[4] वहाँ की सब ही प्रतिमायें दिगम्बर हैं। मथुरा के कंकालीटीला से प्राप्त पुरातत्त्व से भी दि० जैनों का तत्कालीन अस्तित्व प्रमाणित है। वहाँ के एक स्तूप के चित्रपट में एक जैन मुनि पीछी व कमंडल लिये हुए नग्न दिखाये गये हैं।[5] होलीदरवाजा से मिले आयागपट पर जो लेख है उसमें स्पष्ट निर्ग्रन्थ आर्हतों का उल्लेख है।[6] ऐसे ही और उल्लेख भी यहाँ हैं। अहिच्छत्र (बरेली) के एक स्तंभलेख से (१ या २ श०) महाचार्य इन्द्रनन्दि का अस्तित्व प्रमाणित है,[7] जो प्राचीन नन्दिसंघ (दिग०) से सम्बन्धित प्रतीत होते हैं। गुप्तकालीन कुहाऊ के स्तम्भलेख से भी दिगम्बर जैनों का अस्तित्व सिद्ध है—इस स्तंभ पर दिगम्बर जैन प्रतिमायें अङ्कित हैं।[8] पहाड़पुर (राजशाही) के ताम्रलेख में उल्लेख है कि सन् ४७२ ई० में आचार्य गुहनन्दि द्वारा शासित निर्ग्रन्थ संघ वहाँ मौजूद था, जिसका सम्बन्ध दिगम्बर जैनाचार्य श्री जिनसेन द्वारा उल्लिखित 'पंचस्तूपान्वय' से समन्वित है।[9] उदयगिरि (भेलसा) के ५वीं शती के लेखों से दिगम्बर जैन संघ का अस्तित्व प्रमाणित है।[1] शक सं० ५२२ के श्रवणबेलगोलस्थ

---

१ रामप्रसाद चन्दा, Survival of the Prehistoric Civilisation of Indus valley, pp 25—33

२ प्रो० प्राणनाथ, Indian Historical Quarterly vol VIII suppl pp 18—32

३ श्वेताम्बराचार्य श्री आत्मारामजी ने 'तत्त्वनिर्णयप्रासाद' में निग्रन्थ की व्याख्या में लिखा है "यथाजातरूपधरा निग्रन्था निष्परिग्रहा।"

४ 'मवद्रिमान तापमान —, पंक्ति १४ बंगाल बिहार और उड़ीसा के प्राचीन जैन स्मारक, पृ० ३१—३७

५ जैन सिद्धान्त-भास्कर, वर्ष १ किरण ४ पृ० १२३

६ वीर, वर्ष ४ पृ० ३०३

७ संयुक्त प्रांतीय जैन स्मारक, पृ० ८१—८२

८ पूर्व० पृ० ३४

९ मॉडर्न रिव्यू, अगस्त १९३१, पृ० १५०   १० बम्बई प्रां० जैन स्मारक ७०

परीषहों का भी अभाव होकर केवल शेष ग्यारह परीषह रह जाते है जो कि वेदनीय कर्म के अनुषंगी है। और चूंकि वेदनीय कर्म का उदय अयोगि गुणस्थान के अन्तिम समय तक, अर्थात् जब तक शरीर और आयु है तब तक, बना रहता है, इसलिये ये ग्यारह परीषह अन्त तक सहनीय होते है। ये ग्यारह परीषह हैं—क्षुधा[१], पिपासा[२], शीत[३], उष्ण[४], दंशमशक[५], चर्या[६], शय्या[७], वध , रोग[८], तृणस्पर्श[१०] और मल[११]।

अब सूत्रकार की उक्त व्यवस्था पर उनके टीकाकार पूज्यपाद स्वामी व अकलंकदेव का क्या मन्तव्य है, यह देखना चाहिये। बादरसाम्पराय तक सभी परीषहों के मानने में तो कहीं कोई विशेषता नहीं है। सूक्ष्म साम्पराय में भी टीकाकारों ने १४ परीषहों को स्वीकार किया है। पर शेष के निराकरण करने में उन्होंने जो सूक्ष्मसाम्पराय को सूक्ष्म लोभ के होते हुए भी छद्मस्थ वीतराग के समान मान लेने की कल्पना की है, वह आवश्यक नहीं है। जिन आठ परीषहों का सूक्ष्मसाम्पराय में अभाव कहा गया है वे दर्शनमोह और चारित्रमोह की उन प्रकृतियों से उत्पन्न होते है जिनके उदय का सूक्ष्मसाम्पराय से पूर्व ही अभाव हो चुका है। उनमें ऐसा कोई परीषह नहीं है जो सूक्ष्मलोभ से सम्बन्ध रखता हो। अतएव सूक्ष्म साम्पराय में उनका अभाव मानना ठीक है, और इसके लिये सूक्ष्म-साम्पराय को वीतराग के समान मानने की स्थूल कल्पना आवश्यक नहीं है।

किन्तु छद्मस्थ वीतराग में चौदह परीषहों के सद्भाव मानने में टीकाकारों को आपत्ति उत्पन्न हुई है। उनका कहना है कि मोह के उदय की सहायता न होने से वीतराग के वेदनीय कर्म का उदय मन्द हो जाता है। अतएव उनके क्षुधादि वेदना का अभाव है और इसलिये उनके उस वेदना के सहन करने रूप परीषह का मानना ठीक नहीं है। फिर भी सूत्रकार ने जो उनके चौदह परीषहों का सद्भाव कहा है वह शक्तिमात्र की विवक्षा से है, जिस प्रकार कि सर्वार्थसिद्धि-विमानवासी देव के सातवीं पृथिवी तक गमन करने की शक्ति मानी जाती है। आगे केवली जिनके जो ग्यारह परीषहो का विधान सूत्रकार ने किया है उसके सम्बन्ध में टीकाकारों को विशेष आपत्ति उत्पन्न हुई है, और नाना प्रकार से उस सूत्र का अर्थ बैठाने का प्रयत्न किया गया है। सर्वार्थसिद्धिकार की एक कल्पना यह है कि सूत्र में **'न सन्ति'** इतना वाक्यांश और जोड़कर ऐसा अर्थ कर लेना चाहिये कि 'जिन भगवान् में ग्यारह परीषह नहीं होते'। राजवार्तिककार ने **"कैश्चित्कल्प्यन्ते"** इतना वाक्यांश सूत्र में और समझ लेने की सलाह दी है जिससे सूत्र का अर्थ होगा 'कुछ आचार्य जिन भगवान् में ग्यारह परीषहों की कल्पना करते है'। इन कल्पनाओं के समर्थन में दोनों टीकाकारों का कहना है कि मोहनीय या घातिकर्मो की सहायता के अभाव से क्षुधादि वेदनाओं का भी अभाव हो जाता है। इसका राजवार्तिककार ने यह उदाहरण दिया है कि जिस प्रकार मंत्र और औषधि के बल से जब विषद्रव्य की मारण-शक्ति का क्षय कर दिया जाता है, तब वह विषद्रव्य मरण कराने में समर्थ नहीं होता;

उसी प्रकार ध्यान रूपी अग्नि द्वारा घातिया कर्मों का क्षय हो जाने पर वेदनीय कर्म अपना फल दिखाने में असमर्थ हो जाता है, जिससे क्षुधादि वेदनायें नहीं होतीं। इसलिये केवली जिन में कोई परीषह नहीं होते। तथापि जिस प्रकार ज्ञानावरण का क्षय व पूर्ण ज्ञान का विकास हो जाने पर एकाग्रचिन्तानिरोध का भी अभाव हो जाता है, फिर भी उपचार से केवली में ध्यान की सत्ता मानते हैं, उसी प्रकार क्षुधादि वेदना रूप भावपरीषहों का अभाव होने पर भी वेदनीय कर्म के उदयरूप द्रव्य परीषह का सद्भाव मानकर जिन भगवान् में उपचार से ग्यारह परीषह कहे गये हैं।

टीकाकारों की इन सब युक्तियों पर से निम्न शंकायें उपस्थित होती हैं।

(१) क्या 'एकादश जिने' वाले सूत्र में 'न सन्ति' या 'कैश्चित्कल्प्यन्ते' इतना वाक्यशेष जोड़ना युक्तिसंगत है ?

(२) क्या वेदनीय कर्म के उदय में या उसकी तीव्रता में मोहनीय कर्म की सहायता अपेक्षित है ? क्या वेदनीय कर्म का उदय मन्द हो जाने पर क्षुधादि वेदनाओं का अभाव हो जाता है ?

(३) क्या घातिया कर्मों के क्षय हो जाने से वेदनीय कर्म की फलदायिनी शक्ति नष्ट हो जाती है ?

(४) शक्तिमात्र की विवक्षा का क्या तात्पर्य है, और सर्वार्थसिद्धि के देव का उदाहरण प्रकृत विषय पर किस प्रकार घटित होता है ?

(५) मंत्रौषधि द्वारा विषद्रव्य के प्रभाव को नष्ट करने का उदाहरण प्रकृत में कहां तक घटित होता है ?

(६) केवली में एकाग्रचिन्तानिरोध का अभाव और तिस पर भी ध्यान की कल्पना किस प्रकार होती है और उसकी उपमा प्रकृत विषय पर कहां तक ठीक बैठती है ?

अब मैं इन शंकाओं पर अपनी समझ के अनुसार कुछ विचार प्रकट करता हूँ—

(१) सूत्रों में किसी वाक्यशेष की कल्पना तभी की जा सकती है जब वे अपने रूपमें अधूरे हों और बिना कुछ जोड़े उनका ठीक अर्थ ही न लगता हो। ऐसी अवस्था में दो प्रकार से वाक्यशेष की कल्पना की जा सकती है। एक तो ऐसे शब्दों की जो ऊपर के सूत्रों द्वारा निर्दिष्ट हो चुके हैं और जिनकी अनुवृत्ति चालू है, और दूसरे कदाचित् ऐसे शब्दों की जो सूत्रकार की विशेष शैली के अनुसार हों और वह शैली अनेक स्थलों पर स्पष्ट दिखाई दे रही हो। प्रस्तुत 'एकादश जिने' सूत्र में इन नियमों के अनुसार यदि कुछ शब्दों का अध्याहार किया जा सकता है तो एकादश के साथ 'परीषहाः' का और वाक्य-पूर्ति के लिये अन्त में 'सन्ति' का, जिससे परिपूर्ण सूत्रवाक्य होगा 'एकादश परीषहाः जिने सन्ति'। किन्तु यहां 'न सन्ति' या 'कैश्चित् कल्प्यन्ते' जोड़ने के लिये कोई आधार

दृष्टिगोचर नहीं होता। इसके विपरीत इन वाक्यांशों को जोड़ने से कई आशंकाएं उठ खड़ी होती हैं जिनका कोई समाधान नहीं पाया जाता; जैसे, यदि यही सूत्रार्थ माना जावे कि 'जिन भगवान् में ग्यारह परीषह नहीं होते', तो उससे स्वभावतः यह अनुमान होगा कि शेष ग्यारह होते हैं, वे कौन से हैं? यदि यह वाक्यार्थ लिया जाय कि 'कुछ आचार्य ग्यारह परीषहों की कल्पना करते हैं' तो उससे अनुमान होगा कि सूत्रकार के सम्मुख प्रस्तुत विषय पर दो मतभेद उपस्थित थे, जिनमें से एक ही का उन्होंने यहां स्पष्ट उल्लेख किया और दूसरे का कोई स्पष्ट उल्लेख ही नहीं किया। इसपर से स्वभावतः अनुमान यही होगा कि सूत्रकार का मत उसी पक्ष में था जिसका उन्होंने स्पष्ट उल्लेख किया है, इत्यादि। पर न तो प्रस्तुत प्रसंग में ऐसी कल्पना के लिये कोई आधार है और न शेष ग्रंथ में कहीं भी सूत्रकार ने ऐसी कथनशैली ग्रहण की है। अतः इन वाक्यशेषों की कल्पना निराधार प्रतीत होती है।

(२) यदि हम कर्मसिद्धान्तानुसार मोहनीय और वेदनीय कर्मों के स्वरूप पर विचार करें तो ज्ञात होता है कि वेदनीय कर्म की स्थिति और अनुभाग बन्ध मोहनीय कर्मोदय के आधीन है। जब मोहनीय कर्म का उदय मन्द-मन्दतर होने लगता है, तब उसी के अनुसार वेदनीय कर्म का स्थितिबन्ध भी उत्तरोत्तर कम होता जाता है; और जब सूक्ष्म-साम्पराय गुणस्थान के अन्त में मोह के उदय का सर्वथा अभाव हो जाता है, तब वेदनीय का स्थितिबन्ध भी समाप्त हो जाता है। यहां तक तो वेदनीय कर्म मोहनीय के अधीन है। किन्तु बंधे हुए कर्म की सत्ता और उसके उदय में वेदनीय कर्म मोहनीय से सर्वथा स्वतंत्र है। मोहनीय का उदयाभाव ही नहीं, उसकी सत्तामात्र के क्षय हो जाने पर भी वेदनीय के बंधे हुए कर्मों की सत्ता जीव में बनी ही रहती है और वह बराबर उदय में आती रहती है, एवं उसकी तीव्रता व मन्दता उसके अनुभागोदय पर अवलम्बित रहती है। जब मोहनीय कर्म का उदय रहता है, तब उसके योग से वेदनीयोदय के साथ रागद्वेष परिणति का मिश्रण दिखाई देगा। मोहोदय के अभाव में रागद्वेष परिणति का भी अभाव हो जायगा। पर उससे वेदनीयोदयजन्य शुद्ध वेदना कम नहीं होगी, अभाव तो बहुत दूर की बात है। हां, वेदनीय कर्म का उदय जितनी मात्रा में मन्द होगा उतनी ही मात्रा में क्षुधादि वेदनायें मन्द होती जावेंगी। किन्तु वेदना का सर्वथा अभाव तो तभी माना जा सकता है जब उस कर्म के उदय का सर्वथा अभाव हो जाय। इस प्रकार कर्मोदय, वेदना और परीषह की तीव्रता व मन्दता का तरतमभाव व अभाव उत्तरोत्तर आनुषङ्गिक रूप से होता है।

(३) जब वेदनीय कर्म की फलदायिनी शक्ति मोहनीय कर्म के अधीन नहीं है, तब अन्य घातिया कर्मों के अधीन तो हो ही कैसे सकती है। दर्शनावरण कर्म के अभाव से केवली की दृष्टि निर्मल होगी, ज्ञानावरण के अभाव से उनकी समझदारी परिपूर्ण होगी, एवं

मोहनीय कर्म के अभाव से ऊपर कहे अनुसार राग द्वेष प्रवृत्ति नहीं रहेगी। पर इनसे वेदनीय कर्म-जन्य वेदना में तो कोई परिवर्तन न होगा। अन्तराय कर्म के अभाव में न केवल वेदनीय के उदय में कोई बाधा नहीं आयगी, बल्कि दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य, इन शक्तियों के पूर्ण विकास में जो रुकावट हो रही थी वह दूर हो जायगी और उनकी पूर्ति का मार्ग खुल जायगा। नहीं तो इन शक्तियों की सार्थकता ही कहा सिद्ध होगी ? अतएव यह कहना ठीक नहीं जान पड़ता कि घातिया कर्मों के अभाव में वेदनीय की फलदायिनी शक्ति नष्ट या जर्जरित हो जाती है। सूक्ष्मसाम्पराय के अन्त समय में जब ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय का स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त मात्र होता है, उसी समय वेदनीय का स्थितिबन्ध उपशमक के चौबीस मुहूर्त और क्षपक के बारह मुहूर्त होता है। एवं क्षपक के वेदनीय का स्थिति सत्त्व थोड़ा नहीं असंख्यात वर्ष प्रमाण होता है जो क्षीणकषाय और सयोगी एवं अयोगी गुणस्थानों में बराबर अपनी स्थिति अनुसार अनुभाग का उदय दिखाया करता है। सयोगी जिन विहार करते हुए कर्म प्रदेशों की निर्जरा करते हैं, पर वे भी उक्त कर्म स्थिति का बहुत नहीं घटा पाते। वह फिर भी प्राय आयु की स्थिति से अधिक ही शेष रह जाती है। अतएव उसकी स्थिति को आयु प्रमाण करने के लिये उन्हें एक विशेष महत्त्वपूर्ण क्रिया करनी पड़ती है जिसे समुद्धात कहते हैं। यह समुद्धात क्रिया वे आयु के अन्तर्मुहूर्त मात्र शेष रहने पर करते हैं। उस अन्तर्मुहूर्त में भी अयोगी के अन्तिम समय तक वेदनीय का उदय बराबर बना रहता है और उसका उदयाभाव और क्षय आयु के अन्त होने के साथ ही हो पाता है। ऐसी अवस्था में यह कैसे माना जाय कि घातिकर्मों के क्षय होने से ही वेदनीय कर्म की उदयशक्ति क्षीण हो जाती है ?

(४) शक्ति का सद्भाव होते हुए भी उसके उपयोग का अभाव वहीं पर माना जा सकता है जहां उसका कोई प्रतिबन्धक कारण मौजूद हो। सर्वार्थसिद्धि के देव में यदि सातवीं पृथिवी तक जाने की शक्ति है और फिर भी वह देव वहां जाता नहीं है तो इसमें प्रतिबन्धक कारण यह मानना पड़ेगा कि उसके वहा तक गमनागमन कराने वाले वेदनीय कर्म के उदय का अभाव है। और यही अभाव उस शक्ति के उपयोग का प्रतिबन्धक है। पर वीतराग में ऐसा कोई प्रतिबन्धक कारण दृष्टिगोचर नहीं होता। बल्कि उसके विपरीत वेदनीयजन्य चर्यादि क्रियायें स्पष्टत मानी ही जाती है। तब फिर उनकी वेदना होने में कौन सी शक्ति का प्रतिबन्ध लगता है यह जान नहीं पड़ता।

(५) जिन मंत्रों और औषधियों में विषद्रव्य के प्रभाव को नष्ट करने की शक्ति होगी उनके प्रयोग से विषद्रव्य का प्रभाव अवश्य घट जायगा या नष्ट हो जायगा। किन्तु क्या घातिया कर्मों के नाश और वेदनीयादि अघातिया कर्मों के उदयाभाव में भी उसी प्रकार का कारण कार्य सम्बन्ध है ? विचार करने से ज्ञात होगा कि वैसा नहीं है। हम ऊपर

देख ही चुके कि उक्त कर्मों में एक दूसरे की फलदायिनी शक्ति को नष्ट करने का सामर्थ्य नहीं है। ऐसी अवस्था में उक्त उदाहरण प्रस्तुत विषय पर घटित नहीं होता।

(५) केवली के एकाग्रचिन्तानिरोध रूप ध्यान भले ही न होता हो, पर जो ध्यान उनके माना जाता है वह यथार्थतः चिन्तानिरोध रूप नहीं किन्तु क्रमशः योगों के निरोध रूप होता है। बादर और सूक्ष्म काय, वचन और मन का किस प्रकार एक के द्वारा दूसरे का निरोध किया जाता है, यही केवली की ध्यान क्रिया है जो उपचार से नहीं मानी गई, किन्तु यथार्थता से होती है। इस प्रकार दृष्टान्त में भी उपचार घटित नहीं होता। और दार्ष्टान्त में तो बिलकुल ही नहीं होता। वेदनीय कर्म का उदय होते हुए द्रव्य-परीषह का सद्भाव और वेदनारूप भावपरीषह का अभाव कैसे घटित होगा सो कुछ समझ में नहीं आता। वेदनीय कर्म का उदय जीव में वेदना उत्पन्न किये विना होगा ही किस प्रकार ? वह कर्म तो जीवविपाकी है जो अपनी फलदायिनी शक्ति को जीव में वेदना रूप से ही प्रकट करेगा। और उसी वेदना के सहन करने से परीषह होगा। इसके अनुसार जो शारीरिक क्रिया होगी उसे द्रव्यपरीषह कहा जा सकता है। अतएव वेदना रूप भावपरीषह के विना द्रव्यपरीषह हो ही कैसे सकता है, और उसमें उपचार मानने की गुंजाइश ही क्या है ?

इस प्रकार जहा तक हम विचार करते हैं टीकाकारों का विवेचन न तो सूत्रकार के वचनों की सार्थकता सिद्ध करने में समर्थ होता और न कर्मसिद्धान्त के नियमों के अनुसार बैठता। यदि हम टीकाकारों के मत को स्वीकार करते है तो हमें उपलब्ध कर्मसिद्धान्त को अप्रामाणिक कहना पड़ेगा, और यदि हम कर्मसिद्धान्त की प्रामाणिकता स्वीकार करते है तो टीकाकारों का विवेचन उपयुक्त नहीं सिद्ध होता। किन्तु सूत्रकार के जो वचन है, उन्हें यदि हम प्रारम्भ में प्रकट किये अनुसार अर्थ में लेवें तो उनका कर्मसिद्धान्त से ठीक सामञ्जस्य बैठता है।

उक्त टीकाकारो के अतिरिक्त यदि हम दिगम्बर सम्प्रदाय के प्राचीनतम तार्किक समन्तभद्रस्वामी का उक्त विषय पर मत जानना चाहते है तो हमें उनकी आप्तमीमांसा देखनी चाहिये। यहां उन्होने आप्त में दोष और आवरण की हानि आवश्यक बतलाई है। उनके विद्वान् टीकाकर विद्यानन्दि स्वामी के अनुसार दोष का अभिप्राय ज्ञानावरणादि भावकर्मों से है और आवरण का अभिप्राय उन्हीं के द्रव्यकर्मों से (देखो आप्तमीमांसा १,४-६) पर वेदनीय जैसे अघातिया कर्मों के भाव व द्रव्य उदय से यहां तात्पर्य नहीं हो सकता, क्योंकि आगे नौव परिच्छेद में वीतराग के भी दुःख की वेदना स्वीकार की गई है। ऐसी अवस्था में मर्मज्ञ विद्वानों को विचार कर स्पष्ट करना चाहिये कि सूत्रकार और उनके टीकाकारों का क्या एक ही अभिप्राय है, या भिन्न भिन्न।

जैन-सिद्धान्त-भवन के कार्यों का सिंहावलोकन

[ले० श्रीयुत प० क० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण]

यों तो जैन सिद्धान्त भवन आरा की नींव सन् १९०३ में ही पड़ चुकी थी। पर हां, उस समय यह जैन धर्म-पुस्तकालय के नाम से स्थापित हुआ था और साथ ही साथ इसके उद्देश भी इतने उच्च, गम्भीर एवं व्यापक नहीं थे। उक्त जैन धर्म पुस्तकालय को सन् १९०३ में श्रीमान् भट्टारक हर्षकीर्तिजी की अध्यक्षता में श्रीमान् स्व० बा० देवकुमारजी ने स्थापित किया था। इसमें उस समय बा० देवकुमारजी के घर के बहुमूल्य हस्तलिखित ग्रन्थों के अतिरिक्त भट्टारक श्रीहर्षकीर्तिजी तथा स्थानीय कई धर्मात्माओं के अमूल्य हस्तलिखित ग्रन्थ भी शामिल कर दिये गये थे। स्व० बा० देवकुमारजी के श्रद्धेय पितामह प० प्रभुदासजी संस्कृत के अच्छे विद्वान थे। आप प० भागचन्दजी, प० दौलतरामजी आदि समाजमान्य विख्यात विद्वानों के समसामयिक थे। आपके पास संस्कृत प्राकृत आदि भाषाओं के हस्तलिखित ग्रन्थों का अच्छा संग्रह था। प० प्रभुदासजी के स्वर्गवास के बाद वह पैत्रिक अमूल्य निधि स्व० बा० देवकुमारजी को मिली थी जिसको इन्होंने उक्त पुस्तकालय को भेंट कर दिया था।

उपर्युक्त जैन धर्म पुस्तकालय प्रारम्भ में श्रीमती स्व० श्रेयाम कुमारी के द्वारा निर्मापित दुनिशाल, श्रीशान्तिनाथ भगवान् के भव्य मन्दिर के बगल के एक विशाल हॉल में खोला गया था। पीछे सन् १९०८ में जब बा० देवकुमारजी का स्वर्गवास हुआ, तब उनके अन्तिम दिव्य आदेशानुसार सन् १९११ में, आमन्त्रित अन्यान्य प्रान्तों के जैन-जैनेतर विशाल जनसमुदाय के समक्ष पूर्वोक्त जैन धर्म-पुस्तकालय का नाम ही जैन सिद्धान्त भवन या The central Jaina Oriental Library के रूप में परिवर्तित किया गया। बा० देवकुमारजी के अन्तिम पवित्र आदेश निम्न प्रकार थे

"आप सब भाइयों से और विशेषतया जैन समाज के नेताओं से मेरी अन्तिम प्रार्थना यही है कि प्राचीन शास्त्र और मन्दिरों और शिलालेखों की शीघ्रतर रक्षा होनी चाहिये। क्योंकि इन्हीं से संसार में जैनधर्म के महत्त्व का अस्तित्व रहेगा। मैं तो इसी ही चिंता में था, किंतु अचानक काल आकर मुझे लिये जा रहा है। मैंने यह प्रतिज्ञा की थी कि जब तक इस कार्य को पूरा न करूंगा तब तक ब्रह्मचर्य का पालन करूंगा। बड़े शोक की बात है कि अपने अभाग्योदय से मुझे इस परम पवित्र कार्य करने का पुण्य प्राप्त नहीं हुआ। अब आप ही लोग इस पवित्र कार्य के स्तम्भ स्वरूप हैं। इसलिये इस परमावश्यक कार्य का संपादन करना आप सबका परम कर्तव्य है।"

श्रीमान् देवकुमारजी के इस अंतिम आदेश को पढ़कर हृदय गद्‌गद होता है, शरीर प्रफुल्लित हो जाता है और नेत्रों में आसू भर आते हैं। वास्तव में देवकुमारजी एक महान् व्यक्ति थे। उनकी मृत्यु बहुत ही अल्प अवस्था अर्थात् सिर्फ ३१ साल में हुई थी। अगर वे अबतक जीवित रहते तो पता नहीं कि जैन समाज की उन्नति के लिये वे क्या क्या करते! श्रीमान् स्व० सेठ माणिकचंद्रजी बंबई के बाद दिगम्बर जैन समाज के सच्चे सेवकों में बा० देवकुमारजी का ही शुभ नाम लिया जाता है। बा० देवकुमारजी के सफल नाम से दिगम्बर जैन समाज का बच्चा-बच्चा परिचित है। उन्होंने पाठशालायें स्थापित कराईं, विद्यार्थि-निलय (जैन बोर्डिंग हाउस) खुलवाया, वर्षों तक हिंदी 'जैन गजट' के संपादन द्वारा जैन समाज एवं साहित्य की सेवा की। आरा में उक्त जैन-सिद्धांत-भवन स्थापित करने का पवित्र भाव उन्हें सन् १९०७ की दक्षिणयात्रा के द्वारा ही उदित हुआ। इस यात्रा में बा० देवकुमारजी को खासकर मूडबिद्री में कई एक प्राचीन शास्त्रभाण्डारों का अवलोकन करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इन भाण्डारों की व्यवस्था अत्यधिक शोचनीय थी। इसी से उन्होंने महसूस किया कि इन बहुमूल्य प्राचीन ग्रन्थरत्नों की रक्षा के लिये एक विशाल पुस्तकालय की स्थापना परमावश्यक है।

प्रारंभ में जैन-सिद्धान्त-भवन के मंत्री श्रीमान् स्व० बा० करोडीचन्द्रजी थे। इन्होंने आमरण भवन की अच्छी सेवा की। इनके मंत्रित्वकाल में खासकर ताड़पत्र के ग्रन्थों का अच्छा संग्रह हुआ है। इस पवित्र कार्य में श्रीमान् श्रद्धेय नेमिसागरजी वर्णी (वर्तमान भट्टारक श्रवणबेल्गोल) का विशेष हाथ था। अन्यथा ताड़पत्रांकित ग्रन्थों का इतना संग्रह होना आसान काम नहीं था। बा० करोड़ीचन्द्रजी ने ताडपत्र के इन अमूल्य ग्रन्थों के सग्रहार्थ पर्याप्त द्रव्य व्यय किया था। इस अत्यावश्यक पवित्र कार्य के संपादन के लिये कई योग्य प्रचारक खासकर कर्णाटक एवं तमिल प्रांत में भेजे गये थे। इन प्रचारकों ने ग्रन्थसंग्रह के साथ साथ दक्षिण के प्रसिद्ध-प्रसिद्ध सभी प्राचीन जैन ग्रन्थभाण्डारों की ग्रन्थ-तालिकाएं भी तैयार कर ली थीं जो कि आज भी भवन में मौजूद हैं। हां, पर मालूम होता है कि ये ग्रन्थ-तालिकाएं बहुत असावधानी से तैयार की गई थीं; इसीलिये इनमें बहुत सी भद्दी भद्दी भूलें रह गई हैं। खासकर दक्षिण भारत के मूडबिद्री, कारकल, वरांग, हुंबुच्च एवं श्रवणबेल्गोल आदि सुप्रसिद्ध प्राचीन जैन ग्रन्थभाण्डारों की एक विस्तृत, प्रामाणिक, सर्वाङ्गसुन्दर ग्रन्थसूची का निर्माण होना बहुत ही आवश्यक है। मेरी धारणा है कि उक्त विशाल ग्रन्थभाण्डारों में ऐसे-ऐसे भी अनेक ग्रन्थरत्न उपलब्ध हो सकते हैं, जिनके केवल नाम ही अन्यान्य रचनाओं में मिलते हैं। साथ ही साथ कर्णाटक तथा तमिल प्रांत के देहातों में भी ग्रन्थान्वेषण का कार्य अवश्य होना चाहिये। पर खेद की बात है कि इन परमावश्यक महत्त्वपूर्ण कार्यों की ओर किसी भी संस्था का ध्यान नहीं जाता! अस्तु, यह विषयांतर है। बा० करोड़ीचन्द्रजी एक साहित्यप्रेमी उत्साही सज्जन

थे। इस जैन सिद्धान्त भास्कर का शुभ जन्म भी सन् १९१२ में इन्हीं के मन्त्रित्वकाल में हुआ था जो कि स्वनामधन्य श्रीमान् सेठ पद्मराजजी जैन रानीवाले के सफल सम्पादकत्व में एक वर्ष तक सुचारुरूप से चलकर बन्द हो गया था।

इस प्रकरण में श्रीमान् स्व० बा० देवेन्द्रप्रसादजी का नाम भी अवश्य उल्लेखनीय है, जिन्होंने करोड़ीचन्द्रजी के उपर्युक्त प्रत्येक पुनीत कार्य में बराबर सहायता की थी। खासकर हिन्दुस्तान भर के जैन तीर्थों के फोटो जो भवन में संगृहीत हैं वे इन्हीं देवेन्द्र प्रसादजी के सुप्रयत्न के सुमधुर फल हैं। बा० देवेन्द्र प्रसादजी अंत तक जैन सिद्धान्त भवन के सहायक मन्त्रीपद पर आरूढ़ रहे। इन दोनों की असामयिक मृत्यु के उपरान्त श्रीमान् बा० सुपार्श्व दासजी गुप्त बी० ए० सन् १९२२ तक बराबर भवन की सेवा करते रहे। इनके मन्त्रित्व-काल में ग्रन्थसंग्रह के अतिरिक्त कोई उल्लेखनीय कार्य नज़र नहीं आता। हां, जैन सिद्धान्त भवन में विद्यमान प्राकृत, संस्कृतादि भाषाओं के हस्तलिखित एवं मुद्रित ग्रन्थों की एक सूची प्रकाशित हुई है अवश्य। पर यह सूची अधिक सुन्दर नहीं बन सकी है। फिर भी गुप्तजी का यह साहित्यिक कार्य अवश्य प्रशंसनीय है।

सन् १९२३ के अप्रैल मास में, जैन सिद्धान्त भवन के कार्यभार को स्व० बा० देवकुमारजी के सुयोग्य ज्येष्ठ पुत्र श्रीमान् बा० निर्मलकुमारजी ने स्वयं अपने हाथ में लिया। संयोगवश उसी साल जुलाई महीने में काकतालीयन्याय से मैं भी आरा आ पहुंचा। इसके बाद भिन्न भिन्न समय में भवन के द्वारा मुख्य-मुख्य जो जो महत्त्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए हैं, उनका विवरण निम्न प्रकार है

सर्व प्रथम भवन में संगृहीत कनड एवं तमिल लिपि के अन्यान्य भाषाबद्ध बहुमूल्य ताड़पत्र के ग्रन्थों की एक विश्वस्त तालिका तैयार की गई। क्योंकि इन ग्रन्थों की जो तालिका पहले से भवन में मौजूद थी, उसमें बहुतसी भद्दी-भद्दी त्रुटियां रह गई थीं। बाद जैनेतर हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची, संस्कृत, प्राकृतादि नागरी लिपि के अनेक संग्रह ग्रन्थों की विस्तृत सूची आदि बाद भवन की सभी ग्रन्थसूचियां ठीक की गई। सूचियों को ठीक करने के बाद भवन के अप्रकाशित महत्त्वपूर्ण हस्तलिखित जैन ग्रन्थों की प्रशस्तियां संकलित की गई, जो कि दो जिल्दों में भवन में सुचारु रूप से सुरक्षित हैं। बल्कि उन्हीं में की कुछ प्रशस्तियां 'प्रशस्ति-संग्रह' के नाम से हाल ही में प्रकाशित हो चुकी हैं जिनको अन्वेषक विद्वानों ने मुक्तकण्ठ से सराहकर शेष प्रशस्तियों को शीघ्र ही प्रकाशित करने के लिये जोरदार शब्दों में अनुरोध किया है।

इसके उपरान्त भवन ने मुनिसुव्रतकाव्य के हिंदी अनुवाद के कार्य को अपने हाथ में लिया। यह एक बहुत ही सुंदर, सरल पद्य सरस जैन महाकाव्य है जो कि सन् १९२९ में भवन की ओर से सटीक प्रकाशित हो चुका है। पश्चात् सन् १९३३ में, भवन में संगृहीत

अंग्रेजी पुस्तकों की एक सर्वांगसुंदर नालिका (Catalogue) एवं सन् १९३४ में ज्ञान-प्रदीपिका नामक फलित ज्योतिष का एक अपूर्व जैन ज्योतिष ग्रंथ प्रकाशित किया गया। सन् १९३५ में यह भास्कर पुनः उदित होकर जैन इतिहास, साहित्य, शिल्प, पुरातत्त्व, दर्शन आदि की जो अपूर्व सेवा कर रहा है, वह विज्ञ पाठकों से छिपी नहीं है। इसी जैन-सिद्धांत-भास्कर में क्रमशः तिलोयपण्णत्ति [जैन-लोकज्ञान-सिद्धांत विषयक एक सुंदर प्राकृत ग्रंथ], प्रशस्ति-संग्रह [जैन इतिहासनिर्माण का एक उपयोगी साधन], वैद्यसार [रसायन संबंधी एक अपूर्व जैन वैद्यक ग्रंथ], प्रतिमा-लेख-संग्रह, Jaina Literature in Tamil नामक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ धाराप्रवाह से प्रकाशित होते रहे जिनकी प्रतियां विक्रयार्थ अलग भी तैयार कराई गई हैं।

महत्त्वपूर्ण इस प्रकाशन के बीच में कन्नड-साहित्य-परिषत्-पत्रिका, प्रबुद्ध कर्नाटक, जय कर्नाटक, सुबोध, त्रिवेणि,+ विवेकाभ्युदय, शरण साहित्य, अध्यात्मप्रकाश, शक्ति, भारति,+ कर्णाटक बन्धु, वडवर बन्धु, कण्ठीरव (विशेषांकों में), किशोर, बालक, विश्ववाणी, वीरवाणि+ वीर, जैन दर्शन, जैन संदेश, जैन मित्र, जैन गजट, खण्डेलवाल जैन हितेच्छु, जिनविजय, जैन बोधक, अनेकांत, आर्यमहिला, आदर्श जैन चरितमाला, गोलापूर्व जैन, दिगम्बर जैन आदि सुप्रसिद्ध जैन एवं जैनेतर सामाजिक तथा सार्वजनिक पत्रों में अन्यान्य भाषाओं में मेरे द्वारा लिखे गये अन्यान्य विषय संबंधी छोटे-बड़े लगभग २०० लेखों, जैन दर्शन, जेनर मूरु रत्नगलु (कन्नड) दिगम्बर मुद्रा की सर्वमान्यता, मूर्त्तिपूजा की आवश्यकता, (हिंदी तथा कन्नड) आत्मनिवेदनम्, शांतशृंगारविलास (संस्कृत) आदि भिन्न-भिन्न भाषाओं में प्रचारार्थ लिखी गई लघुकलेवर रचनाओं, चित्रसेनपद्मावतीचरित, मुहूर्तदर्पण, कामन कालग (एक कन्नड खण्ड-काव्य) आदि मेरे द्वारा संपादित ग्रंथों एवं शांतीश्वरचरित, बृहद्समाधिमरण, चित्रसेनपद्मावतीचरित, ज्ञानकोष, रत्नकरण्डश्रावकाचार, ज्ञानप्रदीपिका और क्षत्रचूडामणि-काव्य आदि ग्रंथों के लिये लिखी गई आलोचनात्मक भूमिकाओं का श्रेय भी भवन को प्राप्त है। इतना ही नहीं धवला, जयधवला, पंपभारत, शान्तिपुराण, कविराजमार्ग, शान्तीश्वरचरित, परमात्मप्रकाश, पुष्पदंतपुराण, रसरत्नाकर, लीलावति, पंचतंत्र, वर्धमानपुराण, अभिधानरत्नमाला, शब्दमणिदर्पण और औषधिकोष आदि महत्त्वपूर्ण प्राकृत, संस्कृत एवं कन्नड आदि भाषाओं के ग्रंथो के प्रकाशन में भी प्रतिदान आदि के द्वारा भवन ने पर्याप्त सहायता पहुँचाई है।

यह हुई भवन के प्रकाशन की बातें। अब ग्रंथ-संग्रह की बातों को लीजिये। सन् १९२३ में, भवन में संगृहीत प्राकृत, संस्कृत, हिंदी, मराठी, गुजराती, कन्नड, तमिल एवं तेलुगु आदि भारतीय अन्यान्य भाषाओं के मुद्रित ग्रंथों की संख्या कुल ११९१ थी।

+ दीर्घ ईकारांत संस्कृत शब्द कन्नड भाषा में ह्रस्व ही होता है।

वही संख्या आज लगभग ६५०० को पहुंच गई है। इसी प्रकार मुद्रित अंग्रेजी पुस्तकों की संख्या सन् १९३० में जो लगभग ५०० की थी वह आज लगभग २६५० की है। इस समय ताडपत्र एवं कागज पर लिखे हुए हस्तलिखित ग्रन्थों की संख्या लगभग ६३७८ की है। हां, इतना अवश्य स्वीकार करना होगा कि मुद्रित ग्रन्थों की संख्या में जितनी वृद्धि हुई है, उतनी वृद्धि हस्तलिखित ग्रन्थों की संख्या में नहीं हुई। इसका कारण स्पष्ट है कि हस्तलिखित ग्रंथों की प्रतिलिपि में काफी द्रव्य व्यय होता है और इस कार्य को भवन की आय के अनुकूल प्रतिवर्ष सीमित रखना पड़ता है। फिर भी इस बीच में भारत के भिन्न भिन्न प्रांतों से खोज-खोज कर बहुत से मौलिक ग्रंथ लिखवाये गये हैं जिनकी प्रतिलिपियां भवन में पहले से मौजूद नहीं थीं। बल्कि इस कार्य के लिये हमें प्राचीन कई ग्रन्थ भाण्डारों की नई सूचियां भी तैयार करानी पड़ीं। भवन में संगृहीत कन्नड लिपि में वर्तमान ताड़पत्र के कई ग्रंथों की नागरी लिपि में प्रतिलिपि भी करनी पड़ी। भवन से भी बहुत से ग्रन्थ प्रतिलिपि कराकर बाहर भेजे गये। हां, सुज्ञ पाठक इतना अवश्य स्मरण रखेंगे कि भवन में मुद्रित या हस्तलिखित जो कोई भी ग्रन्थ संगृहीत होता है वह चुना हुआ महत्त्वपूर्ण ही होता है। ग्रंथों के अतिरिक्त Coin Collection Currency Notes Collection, Stamp Collection Match Collection, Playing Cards Collection, Cartoon Collection Art Picture Collection इन चीजों का भी भवन में अच्छा संग्रह हो गया है जिसका सारा श्रेय श्रीमान् बा० निर्मल-कुमारजी के चि० सुपुत्रों को मिलना चाहिये। भवन में, भिन्न भिन्न प्रांतों में विराजमान जिनप्रतिमाओं पर के लेखों का भी उल्लेखनीय संग्रह है जो कि जैन इतिहासनिर्माण के लिये अत्यतम उपयोगी साधन है।

जैन भ्रातृसंघ आदि जैन संस्थाओं के अतिरिक्त साहित्यमण्डल साहित्यपरिषत्, जिला हिंदी-साहित्य-सम्मेलन आदि सार्वजनिक स्थानीय साहित्यिक संस्थाओं को भी भवन ने स्थानप्रदान आदि के द्वारा पर्याप्त साहाय्य पहुँचाया है। इतिहास, साहित्य आदि गंभीर विषयों से संबंध रखनेवाले सैकड़ों पत्रों का समुचित उत्तर भी भवन ने बराबर दिया है जिससे पत्रप्रेषक विद्वानों को पर्याप्त संतोष मिला है। साथ ही साथ यह निस्संदेह कहा जा सकता है कि भारत के प्रत्येक प्रान्त के जैन जैनेतर मान्य विद्वानों ने प्रत्यक्ष या परोक्षरूप में भवन से बराबर लाभ उठाया है और उठा रहे हैं। बल्कि भवन के अध्यक्ष के नाते नहीं, किन्तु एक साहित्यिक की हैसियत से मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि दिगम्बर जैन समाज में यह एक अद्वितीय संस्था है जिसके जोड़ की वर्तमान में दूसरी कोई संस्था नहीं है। महात्मा गांधी, श्रीमान् पं० मदनमोहन मालवीय, श्रीमान् सच्चिदानंद सिनहा, दीवान मिरजा एम० इस्मायल, Dr Walther Schubring Germany W Norman Brown America आदि सैकड़ों पौर्वात्य और पाश्चात्य विद्वानों ने

भवन का संग्रह, सुव्यवस्था आदि के सबंध में जो शुभ उद्गार प्रकट किये हैं उन सबों को यदि संग्रह किया जाय तो एक बड़ी पोथी ही बन जायगी।

बा० देवकुमारजी अपनी मृत्यु के पूर्व कुछ सस्थाओं एवं मंदिरों के स्थायी संचालन के लिये अपनी जमींदारी में से ५०००) रुपये वार्षिक आयवाला एक गांव दान कर गये है। उसी में से १५००) रुपये प्रति वर्ष जैन-सिद्धात-भवन को मिलते है। इस आय के अतिरिक्त देवकुमारजी के धर्मश्रद्धालु सुयोग्य सुपुत्र बा० निर्मलकुमारजी एवं चक्रेश्वर-कुमारजी से और भी आवश्यकतानुसार यथेष्ट सहायता मिलती रहती है। बल्कि भवन के भवन-निर्माणार्थ प्रारभ में बा० देवकुमारजी जो २०००) रुपये नगद दे गये थे उनमें २०-२५ हजार और मिलाकर उनके सुपुत्रों ने सन् १९२४ में एक बहुत भव्य मंदिर निर्माण कराया है जिसकी प्रशसा सभी दर्शक मुक्तकण्ठ से किया करते है। वास्तव में भवन की यह इमारत बहुत ही सुंदर बनी है। यह भवन दो मजिला है। इसके प्रवेशद्वार के ऊपर सरस्वती की एक दर्शनीय मूर्ति विराजमान है। इसके बरामदे के बाद एक बहुत बडा हॉल है, जिसमें दो-तीन सौ आदमी आराम से बैठ सकते है। हॉल काफी हवादार और प्रकाशपूर्ण है। इस हॉल में प्रवेश करते ही ३ फुट लंबा और २७ इंच चौडा भवन के संस्थापक स्व० बा० देवकुमारजी के दिव्य तैल चित्र पर दृष्टि पडती है जो बहुत ही आकर्षक है। हॉल में अभ्यागतों एवं वाचकों के बैठने के लिये फर्श बिछा रहता है। फर्श के एक ओर एक लबा टेबुल है, जिसपर बहुत सी पत्रपत्रिकाए रखी रहती है। नीचे और ऊपर बडी-बडी अलमारिया पुस्तकों से सुशोभित है।

अस्तु, इस लेख को अधिक बढाना मेरा अभीष्ट नहीं है। इसलिये अंत में मै इतना और कह देना चाहता हूं कि ताडपत्र पर लौह लेखनी से लिखे गये सुंदर से सुंदर ग्रन्थ [जिनके पत्र लगभग ४ अंगुल चौडे, १॥-२ बालिश्त या उनसे भी अधिक लंबे है], मनोज्ञ कलापूर्ण, सचित्र जैन रामायण [जिसके आश्चर्यकारी रगीन चित्र निहायत पतले और चमकदार कागज़ पर प्रायः प्रत्येक पृष्ठ में अंकित है], एक छोटे से कार्ड पर लिखित तत्त्वार्थसूत्र तथा भक्तामरस्तोत्र, सोलह स्वप्न, समवसरण, महाराज चन्द्रगुप्त, पावापुरी एवं सम्मेदशिखर आदि के कलापूर्ण सुंदर चित्र आदि भवन की बहुत सी दर्शनीय चीजें मौजूद है। विद्वान् लेखको और कलाकारों के श्रम और चातुर्य का अवलोकन कर एकबार हृदय गद्गद हो जाता है और मस्तक श्रद्धा से झुक जाता है। वास्तव में यह भवन खासकर जैन-धर्म-विषयक साहित्य, पुरातत्त्व एवं इतिहास आदि के अनुसंधान के लिये एक अद्वितीय संस्था है।

'नीतिवाक्यामृत' आदि के रचयिता श्रीसोमदेवसूरि

[ले० श्रीयुत डा० वी० राघवन, एम० ए०, पी एच० डी०]

'श्री माणिक्यचन्द्र दि० जैन ग्रन्थमाला' (नं० २१) में श्रीसोमदेवसूरिकृत 'नीतिवाक्यामृत' का प्रकाश टीकासहित हुआ है। उस टीका के आरंभ में उल्लेख है कि सोमदेव ने यह ग्रंथ कान्यकुब्ज नरेश महेन्द्रपाल के इच्छानुसार रचा था। श्रीनाथूरामजी प्रेमी इस ग्रंथ की भूमिका में इस उल्लेख को अप्रामाणिक ठहराते हैं। यही नहीं, टीका के और भी कई उल्लेखों को उन्होंने अप्रामाणिक बताया है। वह यह भी कहते हैं कि यदि टीकाकार का उक्त कथन सच मान लिया जाय तो कालगणना में बहुत गड़बड़ी आती है। (पृ० २१-३०) प्रेमीजी ने पृ० २१ २२ पर लिखा है कि महेन्द्रपाल ने सन् ९०३ ७ तक शासन किया है और वह राजशेखर के संरक्षक थे। सोमदेवजी ने अपना 'यशस्तिलक चम्पू' सन् ९५९ ई० में पूर्ण किया। 'नीतिवाक्यामृत' उसके बाद की रचना है क्योंकि उसकी प्रशस्ति में सोमदेव के अन्य ग्रंथों के साथ 'यशस्तिलक' का भी उल्लेख है। इसका अर्थ हुआ कि महेन्द्रपाल से ८० या ५१ वर्ष पश्चात् 'नीतिवाक्यामृत' रची गई थी। अतः टीकाकार का कथन कि महेन्द्रपाल के लिये 'नीतिवाक्यामृत' की रचना हुई, गलत है। यह एक कल्पित कथा ही है।

इसके अतिरिक्त लेमुलवाड के दानपत्र से जो 'भारत इतिहास संशोधक पत्रिका' (१३।३) में प्रकाशित हुआ है और जिसका उल्लेख प्रेमीजी ने अपनी पुस्तक "जैन साहित्य और इतिहास" (पृ० ९० ९२) में सोमदेव के नीतिवाक्यामृत के प्रसंग में किया है, प्रकट है कि सोमदेव उस दानपत्र के समय अर्थात् ९६६ में राष्ट्रकूट-करद वद्यग के पुत्र तृतीय अरिकेसरिन् चालुक्य के राज्य में रहते थे। वद्यग अरिकेसरी द्वितीय के ज्येष्ठ पुत्र थे। उनके समय अर्थात् ९५९ ई० में सोमदेव ने 'यशस्तिलक' को रचकर समाप्त किया था।

किन्तु एक ग्रंथकर्ता की रचनाओं का उल्लेख उसके किसी अन्य ग्रंथ की प्रशस्ति में होने पर पूरा विश्वास नहीं किया जा सकता अर्थात् यह मानना बिल्कुल निरापद नहीं है कि चूंकि 'नीतिवाक्यामृत' की प्रशस्ति में 'यशस्तिलक' का उल्लेख है, इसलिए वह उसके बाद की रचना है। यह तभी मान्य हो सकता है कि जब यह निश्चित हो जावे कि लिपिकर्ताओं ने संधियों और प्रशस्तियों में हस्तक्षेप नहीं किया है। दूसरे टीकाकार ने जिन कान्यकुब्ज नरेश महेन्द्रपाल के लिए सोमदेव को 'नीतिवाक्यामृत' रचते लिखा है,

वे उस नाम के द्वितीय महेन्द्रपाल नरेश होंगे, जिनका पता डा० त्रिपाठी ने दक्षिणी राजपूताना से उपलब्ध सन् ९४६ ई० के शिलालेख में पाया है और उनका उल्लेख अपनी 'हिस्ट्री ऑव कन्नौज' (पृ० २६९-२७१) में किया है। बालकवि रूप में राजशेखर को महेन्द्रपाल प्रथम (८८५-९१० ई०) का संरक्षण प्राप्त था और उन्हीं का उल्लेख सोमदेव ने सर्व अन्तिम ग्रंथकार के तरीके से किया है। वह एक अधिक वृद्धावस्था तक अर्थात् ९० वर्ष तक जीवित रहे थे अर्थात् त्रिपुरी के युवराजदेव द्वितीय के समय ९९० ई० तक मौजूद थे, जैसे कि एम० वी. वी. मिराशी ने सिद्ध किया है।[1] मान लीजिए कि सोमदेव राजशेखर से उम्र में थोडे ही छोटे थे और उनकी आयु भी अधिक थी, तो उनकी ज्ञात तिथियों (९५९ ई० यशस्तिलक और ९६६ ई० लेमुलवाड का दानपत्र) से उनका महेन्द्र-पाल प्रथम के सम्पर्क में आना भी असभव नहीं ठहर सकता।

लेमुलवाड दानपत्र में सोमदेव के दादागुरु का नाम गौडसंघ के यशोदेव लिखा है। चूंकि 'यशस्तिलक' में सोमदेव को देवसंघ का आचार्य लिखा है, इसीलिए प्रेमीजी ने बताया है कि संभवतः गौड से अभिप्राय 'गोल्ल' से होगा, जिसका उल्लेख श्रवणबेल्गोल के शिलालेखों में मिलता है।[2] यदि गौडसंघ का अर्थ बंगालीय प्राधान्य का संघ न माना जावे, तो सोमदेव को गौडसंघ से सम्बन्धित क्या अर्थ रक्खेगा, जैसा कि उल्लेख है ?

यह स्पष्ट है कि सोमदेव के 'यशस्तिलक' में अगणित ऐतिहासिक एवं अन्य उल्लेख है—बहुधा उनका वर्णन श्लेषालंकार के द्वारा किया गया है। एक दफा प्रारंभ में और फिर अन्त में सोमदेव राजा को 'धर्मावलोक' कहकर सम्बोधित करते है :—

१. अहो × × × धर्मावलोक महीपाल × ×

(अ० २, पृ० १९६)
K. M. 70 Pt I

२. अहो × × × धर्मावलोक × ×

(अ० ४ पृ० ७९)
K M 70 Pt II

राष्ट्रकूट-करद वड्यग चालुक्य की संरक्षकता में 'यशस्तिलक' की रचना की गई थी। और उसमें राष्ट्रकूट सम्बन्धी अनेक उल्लेख है, जिससे कवि का सम्पर्क उन राजाओं से प्रकट होता है। उदाहरणतः पृ० २८१ (भा० १) पर राजा का उल्लेख 'विक्रमतुङ्ग' रूप में हुआ है। यह 'तुङ्ग' शब्द राष्ट्रकूट-गुण सूचक है—राष्ट्रकूट राजाओं के नाम के अन्त में 'तुङ्ग' होता है। 'असमसाहस' वाक्य पृ० ५६२ (भा० १) पर एक योद्धा का नाम सूचक

---

१ The Chronological order of Rajasekhar's works, Pathak,
—Com: Vol pp 365—366

२ जैन साहित्य और इतिहास पृ० ८९

है और उससे सागन्ला और कैम्बे दानपत्रों में गोविन्द चतुर्थ के लिए प्रयुक्त वाक्य 'त्यागेनासमसाहसैश्च' का स्मरण होता है। पृ० ५६७ पर राजा का वर्णन 'चैद्यसुन्दरी नीलोत्पल' रूप में हुआ है और यह सर्व प्रकट है कि राष्ट्रकूट और चेदि राजवंशों में परस्पर विवाह सम्बन्ध हुए थे। अमोघवर्ष तृतीय और उसके पुत्र कृष्ण चतुर्थ, जिन्होंने गोविन्द चतुर्थ से चेदि सहायता द्वारा राजसिंहासन प्राप्त किया था, चेदि राजाओं के दामाद थे। पृ० ८१ (भा० २) एक मंत्रि का नाम 'वसुवर्ष' लिखा है और एक वन्दिन् को सुभाषितवर्ष कह कर सम्बोधन है। वर्षान्तक नाम राष्ट्रकूटों की ही विशेषता है। उनके सहायक और सम्बन्धी चेदि राजाओं के भी ऐसे नाम मिलते हैं।

अब देखना है कि राष्ट्रकूटवंश के मुख्य नरेशों अथवा उनकी शाखागत या करद नरेशों में किसी का उल्लेख 'धर्मावलोक' रूप में हुआ है? यह निश्चित है कि 'अवलोक'-अन्तक विशेष नाम राष्ट्रकूटों के ही होते हैं। सोमदेव ने जिस 'धर्मावलोक' विशेषण से नरेश का उल्लेख किया है, वह विशेषण बोधगया राष्ट्रकूट शाखा के राजा, गुणरत्नगुणार्णव के पौत्र और कीर्तिराज के पुत्र तुङ्गधर्मावलोक के नाम के साथ प्रयुक्त हुआ था।[1] सोमदेव ने इस वाक्य को किसी विशेष भाव से प्रयोग में लाया होगा और बहुत कर के उन्होंने बोधगया शाखा के उक्त राजा के सम्पर्क को स्मरण कर के उसका प्रयोग किया है। यदि सोमदेव बोधगया की ओर कुछ समय के लिए रहे माने जावें तो उनका गौड़संघ से सम्बन्धित होना संभव है।

इतिहास में कई दफा ऐसे प्रसंग आये हैं जिनसे प्रकट है कि राष्ट्रकूटों, चेदि और कन्नौज के गुर्जर प्रतिहारों में घनिष्ट सम्बन्ध था। स्वयं राजशेखर महोदय और त्रिपुरी के मध्य घूमते रहे थे। सन् ९१६ ई० में राष्ट्रकूट इन्द्र तृतीय ने कन्नौज को नष्टभ्रष्ट किया था। इस आक्रमण में अरिकेसरिन् द्वितीय के पिता नरसिंह ने भाग लिया था और अरिकेसरिन् द्वितीय के पुत्र के समय में सोमदेव ने 'यशस्तिलक' रचा था।[2] उपरान्त कर्णाट गुर्जर सम्बन्ध इतने बढ़े कि विवाह सम्बन्ध भी उनके हुए राजशेखर की 'कर्पूरमञ्जरी' में कुन्तलदेश के एक राजा का नाम वल्लभराज आया है जो निस्सन्देह राष्ट्रकूट नरेश का द्योतक है। श्री मम० मिराशी ने उन्हें गोविन्द चतुर्थ बताया है। इस कुन्तल नरेश की

---

१ See Buddhagaya R Mitra p 195 a Bodhagaya Rastrakuta inscrip., undated but palaeographically assigned to the 10th century A D by Mitra the inscrip is of the 15th year of the king who is described as the pupil of गुणरत्न Gunaratna.

२ पम्पभारत और आंध्र हिस्टारीकल रिसर्च सोसाइटी, ६ पृ० १६९ फोट ९

भूमिका

तिलोय-पण्णत्ती [त्रैलोक्यप्रज्ञप्ति]—रचयिता—श्रीयति वृषभाचार्य; सम्पादक—प्रो० आदिनाथ उपाध्याय, एम० ए० डी० लिट् तथा प्रो० हीरालाल जैन, एम० ए० एल०-एल० बी०; अनुवादक—श्री पं० बालचन्द्र शास्त्री; प्रकाशक—जैन संस्कृति-संरक्षक-संघ शोलापुर; मूल्य १२) रुपये; पृष्ठ-संख्या ३८ + ५२८।

यह ग्रन्थराज 'जीवराज-जैन-ग्रन्थमाला' का प्रथम पुष्प है। प्रारम्भ में प्रो० ए० एन० उपाध्ये ने अंग्रेजी में भूमिका लिखी है। इसके अनन्तर प्राक्कथन, जीवराज-जैन-ग्रन्थमाला का परिचय, ब्र० जीवराज गौतमचन्द्र दोशी की जीवनी और प्रस्तावना है। प्रस्तुत ग्रन्थ में जैन लोक-सम्बन्धी विषय का वर्णन गम्भीरतापूर्वक प्रामाणिक प्रमाणों से हुआ है। यह करणानुयोग-सम्बन्धी अमूल्य रत्न होते हुए भी ऐतिहासिक ग्रन्थ है। ज्योतिष और गणितज्ञों को इसमें आधुनिक गणित से भिन्न और नवीन एक नहीं अनेक बातें मिलेंगी। करणसूत्रों की वासना में जो बौद्धिक चमत्कार है वह तो गणित के जानकारों के लिये अपूर्व है। प्रारम्भ में मङ्गलाचरण के अनेक अर्थ बतलाते हुए नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन छह भेदों के द्वारा मंगल का विस्तृत वर्णन किया है। लोक का क्षेत्रफल और घनफल, वेत्रासन, यवमध्य, गिरिकटक, दूष्य इत्यादि आकारों की कल्पना करके विभिन्न रीतियों से व्यक्त गणित द्वारा निकाला है। क्षेत्रफल सम्बन्धी यह प्रकरण रेखागणित और अंकगणित की दृष्टि से बहुत ऊँचे दर्जे का है। नरकों के इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलों की संख्यानयन-सम्बन्धी सूत्र भी व्यावहारिक और उपयोगी हैं। इसी सम्बन्ध में गच्छ, चय, आदि और सर्वधन का साधन भी गणित-कौशल का सूचक है। पृष्ठ ८५ पर नरक पटलों में नारकियों की आयु बतलाई गई है, यह विषय सैद्धान्तिक और गणितज्ञ दोनों के लिये ही महत्त्वपूर्ण है। इन्द्रक आदि बिलों में आयु के हानि-वृद्धि-क्रम का कथन करणानुयोग के जिज्ञासुओं के लिये बड़े काम का है। इसी प्रकार नारकियों के शरीर की ऊँचाई उनके अवधिज्ञान का क्षेत्र, जन्ममरण के अन्तरकाल का प्रमाण आदि का कथन भी गणित-प्रक्रिया-सहित बताया गया है।

तृतीय अधिकार के प्रारम्भ में भवनवासियों के भेद, उनके भवनों की संख्या; अल्पर्द्धिक, महर्द्धिक और मध्यमर्द्धि धारक देवों के भवनों का स्थान; भवन एवं उनकी वेदियों का विस्तार, दैर्घ्य और उत्सेध आदि का वर्णन विस्तृत रूप से किया गया है। इसी अध्याय में

आगे जाकर असुरकुमारादि देवों के शरीर का ऊँचाइ गणित के करणसूत्रों सहित बताई गई है। स्वाध्याय प्रेमियों के लिये यह विषय अत्यन्त मनोरञ्जक और ज्ञानवर्द्धक है।

चतुर्थ अधिकार के प्रारम्भ म मनुष्यलोक का वणन करते हुए प्रसगवश पृष्ठ १६३ पर अंकित जीवा और चाप सम्बन्धी करण-सूत्र विशेष महत्त्वपूर्ण है। भास्कराचार्य जैसे गणितज्ञों ने भी इतनी सूक्ष्मता म जीवा और चाप क गणित का कथन नहीं किया है। आचार्य के सूत्र का अपेक्षा भास्कराचार्य के सूत्र में पर्याप्त स्थूलता है। भास्कराचार्य के सूत्र को वासना रूपान्तर से सिद्ध होती है, पर आचार्यकथित सूत्र में रूपान्तर की आवश्यकता नही पडता। आगे इसी अधिकार में धनुष जीवा आदि के गणित का कथन करते हुए विजयार्ध की उत्तर और दक्षिण जीवाओं का प्रमाण तथा पार्श्वभुजाओं का प्रमाण निकाला गया है। आगे इसी अधिकार में चौबीस तीर्थङ्करों के जन्मस्थान, माता पिता, जन्मतिथि जन्मनक्षत्र, वशों का निर्देश, जन्मान्तराल का प्रमाण, आयु, शरीर आदि का उत्सेध, केवलज्ञान के समय तीर्थङ्करों के शरीर का ऊर्ध्वगमन, समवशरण की रचना, उसकी वीथियों का निरूपण, भूमिशाल, और नाट्यशाल आदि का निरूपण आदि विषय महत्त्वपूर्ण हैं। यह स्वाध्यायप्रेमी जिज्ञासुओं के लिये विशेष ज्ञान दरदायक हैं। इसी अध्याय में लवणसमुद्र, धातकीखण्ड और पुष्करवरद्वीप का वर्णन किया गया है। इस वर्णन में आदि, मध्य और बाह्य सूची व्यास सम्बन्धी विषय म कई नवीन बातें हैं तथा सूची की परिधि बनाने वाला नियम गणितज्ञ क लिय विशेष उपयोगा हैं। व्यास, परिधि, बाण, सूची व्यास, वलयव्यास, आदि का कथन विस्तृत और महत्त्वपूर्ण है।

प्रस्तुत ग्रन्थ का सम्पादन अच्छा हुआ है। अनुवादक ने प्रत्येक क्षेत्र के परिधि, व्यास, जीवा, चाप और बाण के व्यक्ताङ्क निकालने में प्रशसनीय श्रम किया है। हा, यदि करण सूत्रों की वासना गणित के साथ ही द दी जाती तो अधिक अच्छा होता। क्योंकि व्यक्त और अव्यक्त दोनों गणितों का समन्वय रहने स गणितज्ञा को अधिक लाभ होता। साथ ही जैन गणित का महत्त्व भी सूचित होता। आशा है, आगे इस कमी को पूरा करने का प्रयत्न किया जायगा। ग्रन्थ की छपाइ, सफाई सर्वाङ्ग सुन्दर है। जैन साहित्य के प्रचार के लिये प्रत्येक मन्दिर और लाइब्रेरी में इस ग्रन्थराज को अवश्य मगाना चाहिये। स्वाध्याय प्रेमियों को ता इसकी एक प्रति अपने पास रखना नितान्त आवश्यक है।

—नेमिचन्द्र जैन, शास्त्री न्यायज्योतिषतीर्थ

पूर्वपुराणं—रचयिता—हस्तिमल्ल; सम्पादक—प्रो० के० जी० कुंदणगार, राजाराम कालेज, कोल्हापुर; प्रकाशिका—श्रीमती रुक्मिणीबाई, कोल्हापुर; पृष्ठ-संख्या—१२+५५=६७; मूल्य—१); १९४३; छपाई-सफाई सुन्दर।

इस पूर्वपुराण के रचयिता कवि हस्तिमल्ल का दिगम्बर जैन समाज में एक खास स्थान है। क्योंकि इस समाज के दृश्य काव्य-[नाटक] सम्बन्धी साहित्य के अंग को पुष्ट बनाने का सारा श्रेय इन्हीं को प्राप्त है। इनके दो नाटक मा० दि० जैन ग्रन्थमाला, बम्बई की ओर से प्रकाशित भी हो चुके हैं। हस्तिमल्ल के इस कन्नड पूर्वपुराण या आदिपुराण को प्रकाश मे लाकर श्रीयुत प्रो० कुंदणगारजी ने कन्नड-भाषा-भाषियों का बड़ा उपकार किया है। वास्तव में इसके उपलक्ष मे मित्रवर कुंदणगारजी विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

दुर्भाग्यवश प्रो० सा० को इस ग्रन्थ के प्रारम्भ के दो पृष्ठ नहीं मिले हैं। साथ ही साथ प्राप्त इस प्रति के प्रथम पर्व का पाठ भी बहुत अशुद्ध रहा। विद्वान् संपादक ने प्रारंभ के दो पृष्ठों की पूर्ति तो आदि पप का आदि-पुराण एवं अभिनव पंप की रामायण इन दोनो के आधार से की है और प्रथम पर्व के अशुद्ध पाठ को नीचे रखकर उसका शुद्ध पाठ अपनी ओर से ऊपर दे दिया है। इस प्रकार प्रस्तुत संस्करण काफी सुन्दर बन गया है। इसमें सन्देह नहीं है कि कुंदणगारजी ने इसके संशोधन में पर्याप्त परिश्रम किया है। फिर भी कहीं से इसकी दूसरी कोई शुद्ध प्रति मिल जाती तो सभव था कि यह और भी सुन्दर प्रकाशित होता।

इस ग्रन्थ में कुल दश पर्व हैं। इसमे प्रारंभ के सात पर्वों में भगवान् आदिनाथ की भवावलियां एवं शेष तीन पर्वों में उनकी पवित्र जीवनी वर्णित है। इसके प्रत्येक पर्व के प्रारंभ मे आचार्य जिनसेन के पूर्वपुराण का प्रारंभिक मंगल-पद्य ही मिलता है। बल्कि श्रीपुराण में भी यही बात देखने मे आती है। कवि ने अपने ग्रन्थ का नाम भी श्रीजिनसेन के पूर्वपुराण के समान पूर्वपुराण ही दे रक्खा है। फिर भी विज्ञ संपादक का कहना है कि यह ग्रन्थ महाकवि पप के आदिपुराण से साम्य रखता है। ग्रन्थ की भाषा प्रौढ़ है। इससे कवि की 'उभयभाषाकविचक्रवर्ती' यह उपाधि सार्थक सिद्ध होती है।

हस्तिमल्ल ने अपने आश्रयदाता पाण्ड्यमहीश्वर का कोई नाम नहीं दिया है। सिर्फ इतना ही मालूम होता है कि वे थे तो पाण्ड्यदेश के राजवश के, परन्तु कर्णाटक में आकर राज्य करने लगे थे। दक्षिण कन्नड जिले के कार्कल मे उन दिनों पाण्ड्यवंश का ही शासन रहा। यह राजवश जैनधर्मानुयायी था और इसमे अनेक विद्वान् तथा कलाकुशल राजा भी हुए है। 'भव्यानन्द' के कर्ता भी अपने को सिर्फ पाण्ड्यक्ष्मापति ही लिखते है, कोई विशेष नाम नहीं देते। कार्कल मे शासन करने वाला पाण्ड्यवंश पोंबुच (मैसूर) मे राज्यक

करने वाले जिनदत्तराय का वंशज था। मेरा ख्याल है कि हस्तिमल्ल के आश्रयदाता पाण्ड्यराज इसी वंश के रहे होंगे। बल्कि श्रीयुत प० नाथूरामजी प्रेमी ने भी 'जैनसाहित्य और इतिहास' नामक अपनी सुन्दर रचना में मेरे इस अनुमान का समर्थन किया है। हाँ, इसके अन्तिम निर्णय के लिये हस्तिमल्ल की कृतियों में प्रयुक्त पाण्ड्यराजधानी 'मारएयपुर' तथा सतनगम' इन दोनों की खोज परमावश्यक है।[1]

कवि के कालनिर्णय के प्रकरण में सम्पादक ने जहाँ पर स्वर्गीय आर० नरसिंहाचार्य का मत उद्धृत किया है, वहाँ पर थोड़ी सी भूल हो गई है। इसमें तो सिद्ध होता है कि नरसिंहाचार्य हस्तिमल्ल को इस आदिपुराण के कर्ता नहीं मानते थे। परन्तु वास्तव में उनका मत इससे विपरीत था। उन्होंने भी हस्तिमल्ल को ही आदिपुराण का कर्ता अनुमान किया था। दूसरी बात है कि मेरे ख्याल में सज्जनचित्तवल्लभ' के कर्त्ता मल्लिषेण ही हैं, न कि संपादक के कथनानुसार यह हस्तिमल्ल।

अन्त में मुझे सम्पादक को फिर एक बार धन्यवाद दिये देता हूँ कि जिन्होंने इस सुन्दर संस्करण को जनता के समक्ष उपस्थित कर बड़ा उपकार किया है। साथ ही साथ इसकी प्रकाशिका श्रीमती रुक्मिणी बाई एवं प्रेरक पूज्य स्वस्तिश्रीमुनि दशभूषण महाराज भी कम धन्यवाद के पात्र नहीं हैं। आशा है कि कर्णाटक-जनता इस सुन्दर ग्रन्थ से अवश्य लाभ उठायेगी।

—के० भुजबली शास्त्री

आदर्श महिला प० चन्दाबाई—लेखक—प० परमानन्द जैन शास्त्री, प्रकाशिका—महिलाभूषण प० ब्रजबालादेवी, जैनबालाविश्राम आरा, मूल्य १॥), पृष्ठ संख्या—प्राय तीन सौ, छपाई-सफाई सुन्दर।

प० चन्दाबाईजी एक आदर्श महिला हैं। आप जैन ही क्यों अजैन हिन्दुओं में भी अपनी साहित्यिक साधनाओं तथा लोकहित की भावनाओं द्वारा प्रसिद्धि पा चुकी हैं। आप का जीवन तपाया हुआ सोना है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। ज्ञात होता है, आप अपने तप पूत जीवन को किसी चिर सत्य की ओर अग्रसर करती निर्बाध गति से चली जा रही हैं। आत्म सिद्धि के लिए लोक-कल्याण साधन भी अत्यन्त अपेक्षित है, इसे आपने समझ लिया है। तभी तो बालाविश्राम द्वारा आप मन, वचन और कर्म से कितने ही लौकिक जीवों को पारलौकिकता का पाठ पढ़ाती रहती हैं।

इस ग्रन्थ में पण्डिताजी के उद्देश्य, आत्मानुभूतियाँ तथा उदार भावनाओं का अच्छा परिचय मिल जाता है। साथ ही किन किन गुणों को आपने पालन किया है, किन किन

[1] विशद के लिए देखें मेरे 'प्रशस्ति-संग्रह' पृष्ठ १०१

प्रतिष्ठित संस्थाओं ने आप को सम्मानित किया है तथा आप की सेवाओं से किन किन लोगों ने लाभ उठाया है, इत्यादि बातों का भी दिग्दर्शन हो जाता है। ग्रन्थ मे अनेक चित्रों द्वारा रोचकता भी लायी गयी है।

लेखक महाशय सुयोग्य प्रतीत होते हैं, किन्तु प्रकरणो मे उचित क्रमवद्धता नहीं की जा सकी हैं। मालूम होता है, सामयिक पूर्वापर के विचार से वृत्तो का संकलन किया गया है। आत्मीयो का परिचय संक्षिप्त रूप में होता, तो अच्छा था। 'जैनमहिलादर्श का सम्पादन' शीर्षक प्रकरण में अभी और प्रकाश डाला जा सकता था। खैर, इस जीवनी मे सामयिक पूर्वापर-द्वारा चरित-विभाग न कर विषयविभाग द्वारा प्रकरण बनाये जाते, तो ग्रन्थ अधिक सुन्दर होता। कारण कि आजकल का पाठक किसी जीवन-चरित को पढ़ कर चरितनायक की कुल बातें जानकर ही सन्तोष नही कर लेता। वह चाहता है कि लेखक आलोचनात्मक शैली द्वारा भिन्न-भिन्न पहलुओं से चरित-सम्बन्धी घटनाओं तथा विशेषताओ को वर्ग-वद्ध कर दे, ताकि हमे कुछ ढूँढ़ना न पड़े; प्रत्युत सजी सजायी वस्तुएँ मिल जायँ। उपर्युक्त शैली का अवलंबन न करने से ही कहीं-कहीं विषय की पुनरुक्तियाँ आ गयी हैं।

भाषा व्याख्यानात्मक हैं। जहाँ तहाँ व्याकरण और प्रूफ की अशुद्धियाँ भी हैं। समर्पण के श्लोक सदोष हैं। तथापि पुस्तक की उपादेयता और सुन्दरता के समक्ष ये दोष नगण्य हैं। आशा है, दूसरे संस्करण मे सुधार हो जायगा।

मैं जोरदार शब्दों मे कहूँगा कि पुस्तक अवश्य संग्रहणीय है। पण्डिताजी के आदर्श पथ पर चल कर कितनी ही नारियाँ अपना कर्त्तव्य निर्णय कर सकती तथा जीवन को एक सधे हुए साँचे में ढाल सकती हैं।

—कमलाकान्त उपाध्याय, व्याकरण-साहित्य-वेदान्ताचार्य

जैनसाहित्य और इतिहास—पृष्ठ-संख्या २०+६१५; कागज उत्तम; छपाई सुन्दर एवं विशुद्ध; जिल्ददार; मूल्य ३ रुपये; प्रकाशक हेमचन्द्र मोदी, प्राप्तिस्थान — हिन्दी ग्रन्थरत्नाकर-कार्यालय, हीरावाग, गिरगाँव, वंबई।

यह वही पुस्तक है जिसे अस्तंगत "जैन हितैषी" एवं वर्तमान "माणिक्यचन्द्र-ग्रन्थमाला" के यशस्वी तथा सुबुद्ध संपादक श्रीमान् पं० नाथूराम प्रेमीजो ने लिखा है। मेरी समझ में इस पुस्तक के गुण दोषों पर विचार करने की शक्ति उसी की होगी, जिस जैन विद्वान् ने अपने साहित्य, इतिहास तथा पुरातत्त्व की समधिक अभिज्ञता प्राप्त की है। और वही इसकी समालोचना करने का प्रमुख तथा प्रकृत अधिकारी हो सकता है। इन गुणों मे से एक भी गुण मुझ में नहीं। अतएव मैं इसकी आलोचना करने का अधिकारी नहीं। किन्तु सुहृद्वर पं० के० भुजवली शास्त्रीजो विद्याभूषण का अधिक अनुरोध और उसका

महत्त्व करने का साहसाभाव, इन दो कारणों ने इस पुस्तक की कुछ बातों का उल्लेख मात्र कर देने को मुझे विवश किया है।

इस पुस्तक में जैन साहित्य और इतिहास का गगा और सरस्वती के समान सुन्दर सुप्रशस्त सगम है। इसमें निम्नाङ्कित विषयों का बडा ही पाण्डित्य एव गवेषणापूर्ण विवेचन किया गया है —

लोक-विभाग और तिलोयपण्णत्ति, आराधना और टीकायें, यापनीय साहित्य की खोज, सोमसूरि का नीतिवाक्यामृत, देवनन्दि और उनका जैनेन्द्रव्याकरण, पण्डित आशाधर, शाकटायन और उनका शब्दानुशासन आदि ४६ ग्रन्थ और ग्रन्थकर्त्ता। इनके अतिरिक्त ६ अप्राप्य ग्रन्थ। "छान बीन" शीर्षक के अन्तर्गत सघो, सघवी, सिघई, साधु साहु पति पत्नी के समान नाम, साधुओं का बहु पत्नीत्व, शूद्रों के लिये जिन मूर्त्तियाँ यज्ञोपवीत और जैनधर्म, जैनधर्म अनीश्वरवादी है आदि १२ विषय। 'परिशिष्ट' शीर्षक में लगभग १० ग्रन्थ और कुछ ग्रन्थों का साहित्यिक एव ऐतिहासिक पद्धति द्वारा सक्षिप्त तथा समीचीन समालोचना। 'नामसूची" शीर्षक के ४१ पृष्ठों में ग्रन्थों, ग्रन्थकारों सघ, गोत्र, स्थल, क्षेत्र और राजाओं के जितने भी नाम इस पुस्तक में आ गये हैं, वे सब के सब पृष्ठ सख्या के साथ अक्षरानुक्रम से दे दिये गये हैं।

नौ पृष्ठों में पुस्तक का परिचय (Introduction) बड़ी योग्यतापूर्वक प्रो० डा० ए० एन० उपाध्ये एम० ए० ने अग्रेजी में लिखा है। दो पृष्ठों में प्रो० हीरालालजी जैन एम० ए० ने सक्षेप में भारतीय इतिहास का अभाव, खासकर जैन सस्कृति के इतिहास की दुर्दशा एव इस दुर्दशा में परिणत करने के लिये प्रेमीजी के अदम्य अध्यवसाय तथा चिरचिन्तन का चित्र बडे सुन्दर ढग से चित्रित किया है। "लेखक की ओर से" इस शीर्षक-द्वारा इस पुस्तक के प्रादुर्भाव का आद्योपान्त सक्षिप्त इतिहास और इस सदनुष्ठान में सहयोगदाताओं के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापन किया गया है। प्रकाशक [पुत्र स्मरणशेष स्व० हेमचन्द्र] ने अपनी माता की मृत्यु के समय अपने पूज्य पिता प्रेमीजी के द्वारा निकाले गये दो हजार रुपयों से इस पुस्तक के प्रकाशन का शुभानुष्ठान और इसकी आय से पुन ऐसी ही किसी सस्कृति के प्रकाशन की सदिच्छा से कागज के मँहगे अतर्क्य और अचिन्त्य दौर्लभ्य के समय में भी इस पुस्तक की इतनी कम कीमत प्रचार बाहुल्य के विचार से रक्खी गयी है—यों दिग्दर्शन कराया है। आशा है कि धर्मप्राण साक्षर एव निरक्षर जैन जनता अपने इतिहासगत निष्प्राण तथा निर्जीव समाज का मुखोज्ज्वल करने के लिये प्रेमीजी की इस पुस्तक को शीघ्र से शीघ्र हाथों हाथ खरीद कर इन्हें ऐसा ही कोई जैन इतिहास रत्न लिखवाने को बाध्य करेगी। क्या ही अच्छा हो यदि दानवीर शान्तिप्रसाद जी जैन इसकी बहुसख्यक प्रतियाँ

खरीद कर सभी श्वेताम्बर दिगम्बर एवं थोड़ा बहुत अन्यान्य विश्वजनीन संस्थाओं में वितरित कर जैन साहित्य और इतिहास की बहुमूल्य निधियों की झाँकी दिखला दें।

इस पुस्तक के बहुतेरे विषय प्रेमी जी ने संपादक के रूप में अस्तमित "जैन हितैषी" में और अन्यान्य जैन मासिक पत्रों में प्रकाशित किये थे तथा अधिकांश अलभ्य रचनायें इधर लिखकर इस विशालकाय पुस्तक को सुसज्जित किया है। इसमें जहाँ-तहाँ अनेक उपयोगिनी पाद-टिप्पणियाँ सोने में सुगन्ध सी अंकित हैं। आप के साहित्यिक और ऐतिहासिक लेख के प्रतिशब्द से व्यञ्जित होता है कि अपने समाज, साहित्य और इतिहास को परिष्कृत एवं समुन्नत करने की लालसा आपके हृदय में सदा से ही उद्भ्रान्त रूप से प्रोच्छलित होती चली आ रही है। किसी विषय का आपका अनुसन्धान परिश्रम एवं पाण्डित्य-पूर्ण होता है। अतः प्रो० हीरालालजी का यह कहना अक्षरश सत्य है कि प्रेमीजी का अनुसन्धान अनुसन्धानकों के लिये पथ-प्रदर्शक है। प्रेमी जी बड़े ही निरभिमान एवं प्रकृत पण्डित हैं। क्योंकि आप के पुराने लेखों में, जहाँ कहीं थोड़ी सी भी मत-विभिन्नता किसी विद्वान् ने प्रदर्शित की है, उसे बडे आदर के साथ एवं निराग्रह अपनी पाद-टिप्पणियों में सन्निविष्ट कर दिया है।

प्राचीन तत्त्वानुसन्धान विभाग के अविराम परिश्रम और गवर्नमेन्ट के अमित अर्थव्यय से नये-नये तथ्य ज्ञात हो रहे हैं और लोगों का दुराग्रह एवं अज्ञान शनैः शनैः अन्तर्हित हो रहा है। यद्यपि पाश्चात्य और प्राच्य अजैन विद्वानों ने अन्वेषण द्वारा जैन साहित्य तथा इतिहास के अनुसन्धान का मार्ग बहुत कुछ सुगम कर दिया है; पर मेरी तुच्छ बुद्धि में यह मत नितान्त भ्रान्त प्रतीत होती है कि कोई विजातीय विद्वान् व्यक्ति किसी दूसरी जाति के इतिहास पर पूर्ण अधिकार प्राप्त कर ले। क्योंकि इतिहास अपने समाज के सम्बन्ध से ही एकमात्र सम्बद्ध है। वह दूसरी-दूसरी चीजों पर भले ही अधिकार प्राप्त कर ले, पर समाज पर उसका अधिकार हो ही नहीं सकता। किसी जाति के इतिहास का समाज किले की तरह मजबूत चहारदीवारी से घिरा हुआ है। इसे बाहरी आदमी के लिये दुर्गम ही समझना चाहिये। विजातीय किसी दूसरी जाति के आत्मीय नहीं हैं। इसीसे वे बेरोक-टोक किसी दूसरे के घर के भीतर नहीं घुस सकते। अतः विजातीयों का लिखा हुआ इतिहास यथार्थ इतिहास नहीं, बल्कि उसे इतिहास का सामान्य अंश समझना चाहिये, अथवा उसे इतिहास का परिशिष्ट स्थान मिलना चाहिये। मेरे इस उल्लेख का तात्पर्य यह है कि जैन इतिहास जैन विद्वान् ही लिख सकते हैं। दूसरों की दाल इसमें गल ही नहीं सकती।

—हरनाथ द्विवेदी, काव्य-पुराणतीर्थ

—पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण

सम्पादक की ओर से

आत्रेयगोत्रीय, जैन-विप्रोत्तम, पण्डितमुनि के शिष्य, पिरियपट्टण के निवासी, करणिकतिलक देवप्प के पुत्र, सोलहवीं शताब्दी के कवि दोड्डय्य का यह भुजबलिचरित भुजबलिशतक के नाम से भी प्रसिद्ध है। इस लघु कलेवर सुंदर संस्कृत काव्य में कवि ने पुराणप्रसिद्ध श्रीबाहुबली अथवा भुजबली की मैसूर राज्यान्तर्गत श्रवणबेल्गोलस्थ, लोक-विख्यात, आश्चर्यकारी, अलौकिक, अनुपम, दिव्य मूर्ति के इतिहास को सजीव ढग से अंकित किया है। इस ऐतिहासिक रचना से इतिहासविशारद तो बहुत दिनों से परिचित थे। परंतु अप्रकाशित रहने से यह अभी तक सर्वसाधारण जनता के समक्ष न आ पाया था। गत मार्च में मूडबिद्री से प्रसिद्ध अन्वेषक विद्वान् मित्रवर एम० गोविंद पै से मिलने के लिये जब मै मजेश्वर गया तब इस कृति की अपने पास की हस्तलिखित प्रति मुझे दिखलाकर पै जी ने इसे जैन सिद्धात-भास्कर में प्रकाशित करने के लिये मुझसे कहा। प्रति को तो मै ले आया। किंतु पै जी की यह प्रति बहुत अशुद्ध थी। इधर-उधर दो-चार जगह लिखने पर भी जब इसकी दूसरी प्रति नहीं मिली तब गत्यतराभाव से पै जी की प्रति के आधार पर ही भास्कर की गत किरण में 'चरित' के चार पृष्ठ दे दिये गये थे।

चार पृष्ठों के प्रकाशित होने के बाद मालूम हुआ कि सुहृद्वर एच० शेष अय्यंगार मद्रास के पास भी इसकी एक प्रति मौजूद है। तुरत उसे मगाकर मैंने देखा। उसके देखने से ज्ञात हुआ कि यों तो दोनों प्रतिया एक ही आदर्श प्रति की प्रतिलिपिया है, पर अय्यगारजी की प्रति के लेखक पै जी की प्रति के लेखक की अपेक्षा अधिक सुबुद्ध है। इसलिये दोनो के आधार से पूर्व प्रकाशित पृष्ठो को फिर सशोधित कर इस किरण में प्रारम्भ से ही चरित समग्र दे दिया गया है। सशोधन में पर्याप्त परिश्रम किया गया है। फिर भी यत्र-तत्र त्रुटिया रह गई है। ये त्रुटिया किसी शुद्ध प्रति की प्राप्ति के विना नहीं जा सकतीं। इसमें कोष्ठक में जो पाठ दिये गये है वे मेरे है। बल्कि जहा आवश्यक समझा गया है वहा अपनी ओर से कुछ फुटनोट भी लगाये गये है। यों तो साहित्यिक दृष्टि से ग्रंथ उत्तम है। हा, रचयिता ने जहा-तहा यति पर ध्यान नहीं दिया है। एक दो स्थानों में गण दोष भी है। व्याकरण सम्बन्धी भद्दी-भद्दी भूलो पर प्रश्नान्त चिह्न और साधारण भूलों पर आवश्यक टिप्पणिया दे दी गई हैं। ग्रन्थ में कहीं-कहीं बडे सुंदर ढग से अलंकारों का समावेश है। विषय के अनुसार भाषा में प्रसाद गुण का प्रवाह है। इतिहास की दृष्टि से तो ग्रन्थ महत्त्वपूर्ण है ही। बल्कि इसी दृष्टिकोण से इसे भास्कर में स्थान दिया गया है।

